आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 141 | उज्जैन, शनिवार 06 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 6 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री भले ही न हुई हो, लेकिन प्री मानसून का बरसना शुरू हो गया


# इंदौर, धार-रतलाम में जमकर बारिश, देवास में कार बही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री भले ही न हुई हो, लेकिन प्री मानसून जमकर बरस रहा है। झाबुआ में शुक्रवार सुबह जोरदार बारिश हुई। धार, पीथमपुर और रतलाम में भी पानी गिरा। देवास में बारिश की वजह से एक कार रपटे में बह गई।

इससे पहले भोपाल में गुरुवार शाम करीब 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार के साथ आंधी चली और बारिश हुई। करीब 80 पेड़ या उनकी टहनियां सड़कों पर गिर गईं। इससे ट्रैफिक जाम के हालात बन गए, ओले भी गिरे।





मौसम केंद्र के मुताबिक, शनिवार को भोपाल-इंदौर समेत करीब 45 जिलों में मौसम बदला रहेगा। 60 किमी प्रतिघंटा तक की रफ्तार से आंधी चल सकती है। नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, श्योपुर, शिवपुरी, अशोक नगर, सागर और दमोह में तेज आंधी का ऑरेंज अलर्ट है।

वहीं, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, दतिया, मुरैना, भिंड, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, पांढुर्णा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज आंधी तो कहीं बारिश वाला मौसम बना रहेगा।

### देवास में कार बही, बाल-बाल बचे चार लोग

देवास के सतवास में गुरुवार शाम तेज बारिश के दौरान बड़ा हादसा टल गया। मसुरिया-भंडारिया रोड पर रेतिया खाल रपटे पर पानी के तेज बहाव में एक कार बह गई। इसमें सवार चार लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। बुरुट गांव के निवासी चारों लोग टिपरास में एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे।

### भोपाल-इंदौर समेत 35 जिलों में तेज आंधी का अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे के दौरान 35 जिलों में तेज आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। इसके अनुसार, भोपाल, श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी, गुना, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़, देवास, रायसेन, सीहोर में 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

## देश विदेश

### भारत में इबोला का दूसरा संदिग्ध मामला, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**हैदराबाद।** भारत में इबोला वायरस को लेकर सतर्कता के बीच एक और संदिग्ध मामला सामने आया है। हैदराबाद के सरकारी गांधी अस्पताल में बुखार से पीड़ित एक सूडानी छात्र को भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही अस्पताल में इबोला संक्रमण की आशंका के चलते भर्ती किए गए मरीजों की संख्या दो हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार दोनों मरीजों की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और फिलहाल किसी में भी इबोला संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि बीस वर्ष की आयु वर्ग का यह सूडानी छात्र गुरुवार शाम एक निजी अस्पताल से रेफर होकर गांधी अस्पताल पहुंचा था। छात्र को बुखार की शिकायत थी, जिसके बाद उसे विशेष निगरानी में रखा गया।

### आरबीआई का अनुमान, देश में बढ़ेगी महंगाई, रेपो रेट 5.25% पर स्थिर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और महंगाई के बढ़ते जोखिमों को देखते हुए रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया है। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया गया है। रेपो रेट स्थिर रहने से होम लोन, वाहन ऋण और अन्य कर्जों की ब्याज दरों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं होगा। इसका सीधा लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा जिनकी मासिक किस्त (ईएमआई) चल रही है।

### ललित मोदी बोले
## मेरी बायोपिक पर काम जारी



**रणवीर सिंह ने मेरा रोल निभाने की इच्छा जताई थी, लंदन में मुझसे मिले थे**

**मुंबई।** बिजनेसमैन और पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि उनकी जिंदगी पर फिल्म बनने जा रही है और इसकी स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि एक्टर रणवीर सिंह ने उनका रोल निभाने में रुचि दिखाई थी। न्यूज एजेंसी के साथ बातचीत में ललित मोदी ने कहा कि उनकी एक पूरी टीम इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। हालांकि, अभी कहानी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जब उनसे पूछा गया कि वह अपने रोल में किसे देखना चाहते हैं, तो उन्होंने रणवीर सिंह का नाम लिया। मोदी ने कहा, 'रणवीर सिंह मेरा रोल निभाना चाहते थे। वह खुद मेरे पास आए थे। मैं भी चाहूंगा कि वही मेरा रोल करें, लेकिन अब वह इतने बड़े स्टार बन चुके हैं कि पता नहीं उनके पास समय होगा या नहीं। ललित मोदी ने कहा, मैं रणवीर को नहीं जानता था। मैं दीपिका को अच्छी तरह जानता था, लेकिन रणवीर से कभी नहीं मिला था। फिर एक दिन मुझे फोन आया कि रणवीर आपसे मिलना चाहते हैं। वह मुझसे मिलने लंदन आए। यह करीब दो साल पहले की बात है। उस मुलाकात में उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें अपनी जिंदगी में कोई एक किरदार निभाने का मौका मिले, तो वह आईपीएल कमिश्नर के रूप में ललित मोदी का रोल निभाना चाहेंगे।' मोदी ने यह भी कहा, यहीं से यह बात शुरू हुई थी। मैंने उनसे नहीं कहा था। मुझे लगता है कि वह बेहतरीन एक्टर हैं। उन्होंने अपने करियर में शानदार काम किया है। अब वह आज भी मेरा रोल निभाना चाहते हैं या नहीं, यह मुझे नहीं पता, लेकिन दो साल पहले हम इसी घर में बैठे थे और इस रोल को लेकर बात हुई थी। हम इसे आगे बढ़ाने वाले थे। फिलहाल बायोपिक की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। मोदी ने बताया कि यह सिर्फ उनकी निजी कहानी नहीं होगी। फिल्म में आईपीएल के जन्म और उसे दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में बदलने की कहानी भी दिखाई जाएगी।

### भारत ने दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया, अब हम टैरिफ से खूब कमा रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है। ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है, क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके।

### तमिलनाडु में भाजपा छोड़ते ही अन्नामलाई ने नई पार्टी बनाई

**चेन्नई।** तमिलनाडु बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को नई पार्टी बनाने का ऐलान किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज में अन्नामलाई ने कहा कि आज हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में 2031 में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मेरे लिए यह तय करना बहुत मुश्किल था कि मैं बीजेपी का सदस्य रहूं या तमिल लोगों से जुड़ा रहूं। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया कि मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं। पार्टी ने मुझसे कहा कि पहले चुनाव हो जाने दें, फिर जाएं। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा से इस्तीफा दिया था। लेटर शुक्रवार को सामने आया। उन्होंने इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा कि पिछले 18 महीनों से आलाकमान के साथ उनके मतभेद चल रहे थे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर

# प्रदेश में वक्फ बोर्ड ने शुरू किया एक पेड़ अपने बुजुर्गों के नाम अभियान

**अध्यक्ष सनवर पटेल ने कहा- पूरे साल में वक्फिया संपत्तियों पर लगाएंगे 5 लाख से अधिक पौधे**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड आगामी वर्ष में अपनी संपत्तियों पर 5 लाख से अधिक पौधों को लगाने की तैयारी कर रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोर्ड ने एक पेड़ बुजुर्गों के नाम अभियान की शुरूआत कर दी है। इसके साथ ही वक्फ ईकाइयों को संपत्तियों पर पौधा रोपण के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने अपने निर्देशों में कहा कि बढ़ती आबादी और तरक्की के नाम पर जंगलात एवं पेड़-पौधे बड़ी संख्या में काटे जा रहे हैं, जिनकी भरपाई पेड़-पौधे लगाकर करना हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी है। इस्लाम मजहब में इसकी बड़ी अहमियत है। पेड़-पौधों की हरियाली पर्यावरण को अधिक सुंदर बनाती है। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड, राज्य की लगभग 15 हजार रजिस्टर्ड वक्फों के देख-रेख का कार्य करता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड प्रदेश भर में अपने अधिनस्थ सभी वक्फों में एक पेड़ अपने बुजुर्गों के नाम अभियान के तहत पेड़-पौधे लगाने के निर्देश किए हैं।

### 25 मई को ही घोषणा की



मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड की शिक्षा नीति पढ़ो पढ़ाओ और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनो के तहत 25 मई को स्कॉलरशिप वितरण समारोह में भी विश्व पर्यावरण को संतुलित रखने हेतु समस्त वक्फिया सम्पत्तियों में 5 लाख पेड़ लगाने की घोषणा बोर्ड कार्यालय द्वारा की गई है।

**पौधारोपण के लिए पदाधिकारी पाबंद किए-** बोर्ड अध्यक्ष ने अपने निर्देश में वक्फ से संबंधित पदाधिकारियों को पौधारोपण के लिए पाबंद किया है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वह अपनी-अपनी वक्फ भूमि पर विशेष कर शिक्षण संस्थाओं, मस्जिदों, दरगाहों एवं मजारात आदि की खुली भूमि में कम से कम एक पेड़-पौधा लगा कर, स्थल की फोटो सहित वक्फ बोर्ड की ईमेल mpwaqfboardbhopal@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही पर्यावरण को संतुलित एवं बेहतर रखने एवं देश का गौरव बढ़ाने में मदद करें।

### वक्फ बोर्ड भी पर्यावरण की अलख जगाएगा

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने अपने वीडियो संदेश में वक्फ ईकाइयों को कहा है कि पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाना बहुत आवश्यक है, दुनिया भर में पर्यावरण बचाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके से काम कर रहे हैं। तो मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड क्यों पीछे रहे? मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने भी तय किया है कि इस वर्ष हम पूरे साल भर में 5 लाख से अधिक पेड़ अपनी वक्फ संपत्तियों और अन्य जगहों पर लगाएंगे। इसके लिए सभी वक्फ संपत्तियों से जुड़े हुए प्रबंधकों से और अन्य समाज जनों से भी अपील की है कि हम लोग पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाएं, अपने बुजुर्गों के नाम पर लगा सकते हैं तो बुजुर्गों के नाम पर लगाएं, लेकिन पेड़ लगाएं और पर्यावरण बचाएं।

## मणिपुर में बदमाशों का हमला, तीन लोगों की हत्या

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार तड़के हुए हमले में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सैतू-गामफाजोल उपखंड के लोइबोल खुल्लेन गांव में सुबह करीब चार बजे हथियारबंद हमलावरों ने हमला किया। इस दौरान सात घर भी जला दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि दो गुटों के बीच कई मिनट तक गोलीबारी हुई। गोलीबारी शुरू होते ही गांव के लोग जान बचाने के लिए पास के जंगलों में शरण लेने को मजबूर हो गए। मारे गए लोगों की पहचान लेटखोंगम हाओकिप, टिनमैरी हाओकिप और जांगमिनलाल हाओकिप के रूप में हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, तीनों की मौत गोलीबारी के दौरान हुई।

# कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर आज दिल्ली लौटेंगे

**सरकार के खिलाफ जंतर-मंतर में प्रदर्शन करेंगे**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने 6 जून को भारत लौटने से पहले अपनी पुरानी अपील से यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने 4 जून को रात 10 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज जारी कर समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट पर न आने की अपील की है।

कुछ दिन पहले उन्होंने खुद समर्थकों से एयरपोर्ट पहुंचने का आह्वान किया था। अब उन्होंने कहा है कि उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिलने के कारण बड़ी भीड़ जुट सकती है, जिससे आम लोगों और सुरक्षा व्यवस्था को परेशानी हो सकती है।

अभिजीत ने कहा- मैं





एयरपोर्ट से पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जाकर जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की इजाजत लूंगा। आप सब लोग वहीं आइए। एयरपोर्ट पर भीड़ जमा करने की जरूरत नहीं है। हमें जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना होगा।

इससे पहले उन्होंने एक वीडियो मैसेज पर कहा था कि उन्हें भारत पहुंचते ही एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया जा सकता है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी का प्रदर्शन होने वाला है।

5100 क्विंटल गेहूं घोटाले में बड़ा एक्शन, किसानों से पूछताछ शुरू

# महिला संगठन अध्यक्ष समेत कई पर एफआईआर की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

मझौली स्थित भूमि महिला संगठन के समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र में सामने आए 5100 क्विंटल से अधिक गेहूं घोटाले की जांच अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। प्रारंभिक जांच में रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण के बीच भारी अंतर मिलने के बाद प्रशासन ने मामले की तह तक पहुंचने के लिए किसानों से सीधे पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का मानना है कि इस कार्रवाई से घोटाले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

जांच टीम ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले लगभग 600 किसानों की सूची तैयार की है,



जिनके नाम पर खरीदी दर्ज की गई थी। इनमें से करीब 50 से 60 किसानों को संदिग्ध श्रेणी में रखा गया है। इन किसानों से पूछताछ कर खरीदी से जुड़े दस्तावेजों और वास्तविक उत्पादन की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रशासन को संदेह है कि कई मामलों में किसानों के नाम का उपयोग कर बिचौलियों और व्यापारियों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा गया तथा बाद में रिकॉर्ड में हेराफेरी कर बड़ी मात्रा में अनाज गायब कर दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब भूमि महिला संगठन के खरीदी केंद्र और अन्नपूर्णा वेयरहाउस में स्टॉक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान रिकॉर्ड में दर्ज गेहूं और वास्तविक भंडारण के बीच बड़ा अंतर पाया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार करीब 5168.70 क्विंटल गेहूं कम मिला, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 35 लाख 67 हजार रुपये बताई गई है। प्राथमिक जांच में भूमि महिला संगठन की अध्यक्ष, खरीदी केंद्र प्रभारी, ऑपरेटर तथा वेयरहाउस संचालक सहित कई लोगों की भूमिका संदिग्ध मानी गई है। प्रशासन इनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की तैयारी कर रहा है।

सहारा रेगिस्तान में ट्रक फंसा

# प्यास से 49 लोगों की मौत



एजेंसी ▸▸ नाइजर


नाइजर के सहारा रेगिस्तान में प्यास से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस ट्रक में वे यात्रा कर रहे थे वह रास्ते में खराब हो गया था। यात्रियों ने कई दिनों तक इसे ठीक करने की कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए।

यह ट्रक माली के हारौबा शहर से रवाना हुआ था, जो नाइजर सीमा से 300 किलोमीटर से अधिक दूर है। वे एक मुस्लिम धार्मिक उत्सव में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। यात्रा के दौरान उनका ट्रक नाइजर और अल्जीरिया की सीमा पर स्थित क्रॉसिंग प्वाइंट असामाका से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में खराब हो गया। वे रेगिस्तान के ऐसे दुर्गम जगह में फंस गए थे जहां बेहद ऊंचा तापमान होता है। वहां पानी और बाकी जरूरी सामान मिलना बहुत मुश्किल है। ऐसी जगह फंस जाने के कारण उनके पास मौजूद पानी खत्म हो गया। इस हादसे में केवल दो लोग बच पाए। उन्होंने किसी तरह रेगिस्तान पार कर असामाका तक पहुंचने में सफलता हासिल की और वहां अधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

# पीएम मोदी ने 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया

एजेंसी ▸▸ सूरत

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा। मोदी बोले- दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते हैं।



आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा। आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं। पीएम ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कही। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। बीते सालों में दुनिया ने कई बड़ी महामारियों का सामना किया है। पहले कोरोना और फिर अब दुनिया में तेल, पेट्रोल और गैस की सप्लाई में दिक्कत आ रही है। मुझे गर्व है कि भारत आज 140 करोड़ देशवासियों की मदद से इस चुनौती का सामना कर रहा है। 12 साल पहले देश में सोलर एनर्जी का प्रोडक्शन न के बराबर था, लेकिन आज हम दुनिया के टॉप 5 देशों में से एक हैं। हमने इथेनॉल ब्लेंडिंग की। गैस की पाइपलाइन बनाई, ताकि देश में एनर्जी की कोई भी समस्या सामने नहीं आए। गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के लिए सभी का अभिवादन। भाजपा की विजय की यात्रा चलती ही जा रही है। दुनिया के लोकतांत्रिक समाज में कम ही देखने को मिलता है कि किसी पार्टी को इतने समय तक जनता का समर्थन मिलता है।

यूपी में बड़ा हादसा: बरगद के पेड़ से टकराया डीसीएम वाहन

# एक ही परिवार के 12 लोग घायल, 20 खच्चर मरे

एजेंसी ▸▸ महोबा

उत्तर प्रदेश के महोबा में शुक्रवार 5 जून की सुबह तेज रफ्तार डीसीएम वाहन बरगद के पेड़ से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ गया। इस दुर्घटना में ईंट भट्टा मजदूरों के एक ही परिवार के 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें चार मासूम बच्चे शामिल हैं। पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। वहीं वाहन में लदे 35 खच्चरों में से 20 की मौके पर ही मौत हो गई।

महोबा जनपद में श्रीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरामाफ के पास शुक्रवार सुबह



भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर बरगद के पेड़ से टकरा गया हादसा इतना भीषण था कि पेड़ तक उखड़ गया। जनपद प्रयागराज के ग्राम मंझनपुर समदा स्थित एक ईंट भट्टे में मजदूरी करने वाले तीन सगे भाइयों का परिवार छुट्टी मिलने पर डीसीएम गाड़ी भाड़े में करके अपने घर लौट रहा था। तभी ये दर्दनाक हादसा हो गया।

### पीड़ितों ने रोते हुए प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

गाड़ी में लालू बेलदार, विमलेश और इमराज का पूरा परिवार अपने मासूम बच्चों और आजीविका के साधन 35 खच्चरों के साथ मध्य प्रदेश के जनपद टीकमगढ़ जा रहा था। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## उद्यानों को मालामाल किया जाए

एक समय था शहर के उद्यानों की गिनती बड़े शहरों के समान की जाती थी। उनमें लगाए जाने वाले पेड़-पौधों का स्तर पर भी उंचा था और उनकी सजावट भी आकर्षक हुआ करती थी। ईंटों की क्यारियों को इतने तरीके से बनाया जाता था कि देखने वाला देखता रह जाता था। मेहंदी की झाड़ियों से अनेकानेक आकृतियों को बना दिया जाता था। नए शहर के दशहरा मैदान एवं देवासरोड के उद्यानों में घंटों आम शहरी बैठा करता था। इनके सौंदर्य एवं हरियाली के साथ फव्वारे आकर्षण होते थे। शहर के बाहरी छोर के उद्यानों में शिप्रा तट एवं मक्सी रोड क्षेत्र का उद्यान भी अपने आपमें विशेषता लिए होते थे। मेले के दौरान परिवारों के साथ शिप्रा तट उद्यान में पहुंचकर परिवारजन यहां बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण करते थे। मक्सी रोड एवं शिप्रा तट उद्यानों में पिकनिक मनाने शहरवासी पहुंचते थे। इन उद्यानों में लगे फलदार वृक्षों पर बच्चे पत्थर मारकर फलों का स्वाद चखते और अपनी नैसर्गिकता से जुड़े रहते थे। पिछले दो दशक में उद्यानों में आधुनिकता का रंग निखर आया। बच्चों के लिए झुला-चकरी, फिसल पट्टी लगी और बड़ों के लिए नाश्ता-पानी की दुकानें। धीरे-धीरे ये आधुनिकता उद्यानों की नैसर्गिकता को खा गई और उद्यानों की जमीन सिमट गई। कहीं रोड को चौडा करने के कारण ऐसा हुआ तो कहीं पर दुकानों के निर्माण के कारण यह स्थिति बनी, लेकिन शहर की संस्था के खजाने को कोई विशेष आधार इससे नहीं मिल सका। अब शहर के सिमटे हुए उद्यानों को आधुनिकता की स्थिति में ही चलाया जा रहा है। वहां घास पर चलने के लिए उसे ढुंढना पड़ता है। उद्यानों की साज संभाल और रख रखाव मात्र कागजी स्थिति में ही उभरकर सामने आती दिखती है। शहर के मध्य में एक उद्यान विकसित किया गया और वह भी दांव पर लगा हुआ है। जंगल विभाग का उद्यान इतनी दूर है कि आम शहरी उससे दूर ही रहना पसंद करता है जाने वाले वर्दी की नजरों में रहते हैं उस पर भी टिकट का टंटा लगा हुआ है। खुसूर-फुसूर है कि बीती ताही बिसार दे आगे की सुधि ले। पुराने समय के उद्यानों जैसे हालात अब मुश्किल ही हैं। अब जो हाथ में सिमटे हुए उद्यान हैं उन्हें ही बेहतर रूप और आकर्षक संवारा जा सकता है। इसके लिए मानसून के दौरान वहां जमकर योजनाबद्ध रूप से कार्य करवाए जाना चाहिए। आधुनिकता को समेटकर पूरी तरह से हरियाली पर केंद्रित होकर योजनाओं को अमल में लाया जाना चाहिए। आधुनिक आकर्षण हो लेकिन उस पर पूरी तरह केंद्रित न रहा जाए उसे कम ही रखा जाए। ज्यादा से ज्यादा हरियाली और घास सहित अन्य आकर्षण इन उद्यानों में बनाया जाए। क्षेत्रीय स्तर पर समितियों को उद्यान देकर उनका विकास करवाया जाना चाहिए। जिससे आमजन को शुद्ध हवा मिल सके। उद्यानों की खाली जमीनों पर एक और जमीन में जल के पुर्नभरण की व्यवस्था भी सभी उद्यानों में हरियाली के साथ अंजाम दी जाना चाहिए जिससे पानी का अपव्यय भी रोका जा सकेगा और बरसात में उद्यान के पानी का जमीन में भी उतारा जा सकेगा। अभी तो कई उद्यानों का पानी नाली से बहकर नाले में और उसके बाद नदी में बह जाता है।




## न्यूज कॉलम

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प



**उज्जैन।** सामाजिक संस्था इजी. लीगल यूथ क्लब उज्जैन द्वारा आज दिनांक को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलब्ध में संस्था अध्यक्ष अमित उपाध्याय एडवोकेट के सान्निध्य में न्यायालय परिसर उज्जैन में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा वर्षभर पौधारोपण व रोपित पौधों का संरक्षण किये जाने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर संस्था के संरक्षक अभिभाषक किरण जुनेजा, योगेश व्यास, संतोष अग्रिहोत्री, प्रवीण मिश्रा, महेन्द्र सोलंकी, निलेश नायक उपस्थित रहे साथ ही प्रदीप कुमार झा, मोहन कुमावत, रजनीकांत तिवारी, राजेन्द्र साबू, आदि अधिवक्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी प्रदीप कुमार झा के द्वारा प्रदान की गई।

### अपराह्न में अहमदाबाद से एंबुलेंस से उज्जैन लाया गया पार्थिव शरीर

# मंजूर का चेहरा देख पत्नी फरीदा ने मेहर माफ किया

## परिजन सदमें से स्तब्ध, विधवा मां की आंखें पथराई, बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरान के हमले का शिकार हुए उज्जैन निवासी मंजूर एहमद पिता अब्दुल समद रहमानी 50 वर्ष का शव शुक्रवार अपराह्न में उनके घर राज रायल एन्क्लेव लाया गया। इस दौरान घर पर काफिन ले जाने के पहले उसे खोला गया। परिवार की महिलाओं के बीच बैठी पत्नी फरीदा ने शौहर मंजूर का चेहरा देखा और फफक पड़ी। समाजजनों के अनुसार धर्मविधि में इसे मेहर माफ करने की प्रक्रिया कहा जाता है। पूरी जिंदगी परिजनों के भविष्य के लिए कुवैत में टेलरिंग करने वाले मंजूर का शव जब घर लाया गया। कुछ मिनटों के लिए परिजन उनका चेहरा देखते रहे और इस दौरान वे पूरे समय सदमे में और स्तब्ध ही रहे। इसके तुरंत बाद बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति में शव यात्रा निकाली गई। बेगमबाग कब्रस्तान में उनका अंतिम संस्कार मुस्लिम धर्म विधि से किया गया।

गुरूवार-शुक्रवार देर रात मृतक मंजूर का शव अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचा था। उसके पूर्व उज्जैन से उनका साला मोहम्मद ईस्माइल एवं अन्य दो लोग एंबुलेंस के साथ वहां पहुंच चुके थे। वहां शव के पहुंचते ही प्रक्रियाओं को पूर्ण किया गया। उनके अनुसार प्रक्रियाओं में थोड़ा समय लगा। शव सुपुर्दगी में लेकर हम रवाना हुए। सड़क मार्ग से शव को व्हाया नागदा होते हुए शुक्रवार अपराह्न में उज्जैन राज रायल एन्क्लेव लाया गया। मंजूर के अंतिम दर्शन के लिए विधवा मां शमीमबानो, पत्नी फरीदा बी, बेटियां सबा परवीन एवं सना परवीन के साथ बेटा मोहम्मद अनस और परिजन रिश्तेदार पहले से ही मौजूद थे। शव को एंबुलेंस से उतारकर घर में ले जाया गया और चंद मिनटों बाद ही शवयात्रा निकाली गई।

### कुवैत की दुकान मालिक का सहयोग मिला

मंजूर के रिश्ते के भाई मुन्नवर हुसैन रहमानी के अनुसार शव को कुवैत से अहमदाबाद भेजने में मंजूर के कुवैती स्पांसर मलंग अल जैद नामक शाप के मालिक जावेद का पुरा सहयोग रहा है उन्होंने आर्थिक रूप से भी इसमें सहयोग किया। घर से उठे जनाजे में कालोनी के रहवासी, रिश्तेदार एवं परिजन बडी संख्या में शामिल हुए । करीब 100 मीटर दूर तक जनाजे को सभी ने अपने कंधों पर कुछ कुछ देर उठाया उसके बाद करीब 4 किलोमीटर दूर कब्रस्तान ले जाने के लिए वाहन में सवा किया गया।

### मित्र बोला अप्रैल में टिकिट महंगा होने से मना किया

मंजूर के जनाजे में शामिल होने उनका कुवैत का उज्जैन के हम्माल वाडी निवासी साथी मोहम्मद हनीफ कुरैशी भी पहुंचा था। कुवैत में परफ्यूम का व्यवसाय करने वाले हनीफ के अनुसार कुवैत में हमारी तकरीबन रोज ही मुलाकात होती थी। उज्जैन का होने के नाते उनका मेरे साथ लगाव था। बिगड़ते हालातों के चलते अप्रैल में जब मैं कुवैत से उज्जैन आ रहा था तो उनसे चलने का कहा था लेकिन उस दौरान एयर टिकिट बहुत ज्यादा महंगे होने से मंजूर भाई ने मना कर दिया था। उसके बाद मैं उज्जैन आ गया था। इस बीच हमारी दो-चार बार बातचीत हुई। मंजूर भाई के साथ हुए दुःखद घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर स्तब्ध रह गया। उनके परिजनों से भी बराबर मुलाकात होती रही है।

### प्रशासन से कोई नहीं पहुंचा

शव लाए जाने के बाद परिजन फिरोज पठान ने बताया कि महिलाओं में चेहरा दिखाने की प्रक्रिया एवं मेहर माफ करने की प्रक्रिया के बाद जनाजा उठाया जाएगा। उसके उपरांत नलिया बाखल मस्जिद में नमाजे जनाजा की जाएगी। वहां से बेगमबाग कब्रस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। उनका कहना था कि 48 घंटे से अधिक का समय हो चुका है अभी तक पीड़ित परिवार से मिलने कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है। हमने एंबुलेंस भी 27 हजार में खुद ही की। नेता प्रतिपक्ष रविराय ने कलेक्टर से बात की थी उन्होंने बाद में सहायता का आश्वासन दिया है। अभी तक पिडित परिवार को कोई आर्थिक सहायता भी नहीं दी गई है। दुर्घटना में उनके दस्तावेज भी नष्ट हुए हैं। गरीब परिवार के लिए प्रशासन अगर मदद नहीं उपलब्ध करवा सकता तो हम चंदा कर पिडित परिवार को सहायता करेंगे। हम चाहते तो आंदोलन कर अपनी बात रखते लेकिन हमारा कहना है कि प्रशासन को संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए।

### श्री महाकालेशवर मन्दिर के त्रिनेत्र प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय ई गवर्नेस पुरुस्कार मिला

# महाकाल मंदिर में भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा का अस्त्र बना त्रिनेत्र

स्मार्ट सिटी ने इसे कंट्रोल रूम में स्थापित किया, तत्काल कंट्रोल का आगाह करता है हर मुद्दे से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर त्रिनेत्र एआई बेस्ड वीडियो सर्विलेंस सिस्टम को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के लिए चयनित किया गया है। इसके तहत मंदिर में भीड प्रबंधन एवं सुरक्षा को अंजाम दिया जा रहा है। यह परियोजना महाकाल रुद्रसागर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एरिया तथा श्री महाकालेशवर मन्दिर की सुरक्षा और निगरानी के लिए विकसित की गई है। स्मार्ट सिटी ने इसे मंदिर के कंट्रोल रूम में स्थापित किया है।

यह परियोजना श्री महाकालेशवर मन्दिर द्वारा संचालित की जा रही है। यह एक अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट था जिसमें मंदिर परिसर का सुरक्षा व्यवस्था के साथ एआई को जोड़कर आधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाओं को



बनाने के प्रयास किए गए हैं। पुरस्कार के चयन के पूर्व केंद्र सरकार के दल ने उज्जैन आकर इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण भी किया था। 13 सदस्य ज्यूरी के समक्ष इस प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन भी दिया था, तदुपरांत इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार के लिए चयन किया गया।

- **ऐसे काम करता है 500 कैमरों के सहारे-** त्रिनेत्र एक अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित वीडियो सर्विलांस प्रणाली है, जिसमें उन्नत फेसियल रिकॉग्निशन, वाहन नंबर प्लेट पहचान, रियल-टाइम वीडियो एनालिटिक्स और भीड़ प्रबंधन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह प्रणाली मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाती है। उज्जैन स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत स्थापित इस निगरानी नेटवर्क में 500 से अधिक अक्-सक्षम कैमरे लगाए गए हैं, जो संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने, भीड़ नियंत्रण और जांच प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता करते हैं।
- **29 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में मिलेगा पुरस्कार-** केंद्र सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में त्रिनेत्र को देश की उत्कृष्ट डिजिटल और नागरिक-केंद्रित नवाचार परियोजनाओं में शामिल किया गया है। पुरस्कार वितरण समारोह 29 वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के दौरान दिया जाएगा। इस उपलब्धि से न केवल श्री महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है, बल्कि उज्जैन को स्मार्ट और सुरक्षित धार्मिक नगरी के रूप में भी नई प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है।
- **कलेक्टर बोलेः राजस्व 50 से 250 करोड पहुंचा-** मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जारी विडियो बयान में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के लगातार निर्देश रहते हैं किस प्रकार से गवर्नेंस जो है, वह श्रद्धालुओं को ध्यान में रख कर किया जाए, जो यूजर्स हैं उनको ध्यान में रखकर किया जाए और उनकी आवश्यकताओं के हिसाब से हो, उसके प्रति यह बहुत ही अच्छा प्रयोग है। उज्जैन में जो महाकाल कॉरिडोर में त्रिनेत्र जो हमारा आई ट्रिपल सी जो सेंटर है, उसको राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार में गोल्ड अवार्ड से सराहा गया है।

# गायक कैलाश खेर महाकाल भस्म आरती में शामिल हुए

## बोले- महाकाल की कृपा से जन्मों के पाप धुल जाते हैं



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार तड़के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर का आशीर्वाद लिया।

कैलाश खेर सुबह करीब 3 बजे मंदिर पहुंचे और नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान वे भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही।

इसके बाद उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के माध्यम से जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर कैलाश खेर ने कहा कि जो व्यक्ति महाकाल के दरबार में पहुंच जाता है, उसके जन्मों के पाप धुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि महाकाल की भस्म आरती के दर्शन होना भगवान की विशेष कृपा का प्रतीक है।उन्होंने मंदिर समिति की व्यवस्थाओं की भी सराहना करते हुए कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था बहुत बेहतर ढंग से की जा रही है।

# खेल शिविर में विजेताओं को किया पुरस्कृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग उज्जैन द्वारा आयोजित 1 माह ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा सहभागिता की गई थी। जिसमें संस्था द्वारा संस्था के बच्चों की योगा, मल्लखंब, रनिंग एवं सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि आनंद खिचीं, (भाजपा नगर महामंत्री), जगदीश परमार, विजय चौहान (दौलतगंज मंडल अध्यक्ष), इंद्रमणि (माधवनगर मंडल उपाध्यक्ष), नवीन हँसवाल (सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर), दिप्तेश लोधी, संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी, संस्था उपाध्यक्ष सपना माली द्वारा बच्चों को मेडल पहनाकर शुभकामनाएं दी।



प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की गई थी। जिसमें योगा प्रतियोगिता में खुशी जायसवाल, लक्ष्य द्रोणावत, वैष्णवी बारोड, मंथन टाटावत, क्रिस्टी परमार विजेता रहे। रोप मल्लखंब प्रतियोगिता में आरोही बारोड़, नव्याश्री चावड़ा, गौरव बागले, पर्व साहू विजेता रहे। सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता में शिवन्या चावड़ा, वेदांश कोठार, आरोही जायसवाल विजेता रहे। रनिंग प्रतियोगिता में भावेश लोधी, परिधि राठौड़, नंदनी विश्वकर्मा विजेता रहे।

# मंगलनाथ मंदिर समिति को 3 लाख से अधिक की राशि प्राप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलनाथ मंदिर समिति को मंगलवार को श्रद्धालु द्वारा भात पूजन, दर्शन के लिए रसीद के माध्यम से 3 लाख 63 हजार की राशि प्राप्त हुई है। इस संबंध में मंदिर प्रशासक केके पाठक ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन पूजन करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यवस्था बनाई गई है।

व्यवस्था के अनुसार भात पूजन के लिए रसीद काउंटर और ऑनलाइन व्यवस्था जारी है। इसके माध्यम से मंगलवार को समिति को 3 लाख 63 हजार की राशि भेंट स्वरूप प्राप्त हुई है और महिला मंडल द्वारा व्हीलचेयर भी समिति को प्रदान किए गए हैं जिससे दिव्यांग, बुजुर्ग, श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा हो सके।



यह उल्लेखनीय है कि भात पूजनों की कंप्यूटरीकृत/मैन्युअल शासकीय 1750 रसीदें मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारियों द्वारा बनाई गई। प्रशासक द्वारा यह बताया गया कि कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के सक्षम नेतृत्व में श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन में इन रसीदों से मंदिर समिति को 2 मई माह के प्रथम मंगलवार को कंप्यूटरीकृत/मेन्यूअल शासकीय रसीदें काटी गई। इन रसीदों से राशि रुपए 3,63,000/- की आय मंदिर समिति को प्राप्त हुई।

यह भी बताया गया कि मंदिर पर दर्शन के लिए आने वाले दिव्यांग/असहाय श्रद्धालुगणों हेतु श्री माहेश्वरी मेवाड़ा पंचायत महिला मंडल उज्जैन द्वारा पुरषोत्तम मास के अंतर्गत संस्था की अध्यक्ष संध्या हेड़ा तथा सचिव वंदना जैथलिया, मनोरमा दिनेश माहेश्वरी एवं माहेश्वरी समाज की अन्य सदस्य महिलाओं की उपस्थिति में मंदिर पर दर्शन हेतु आने वाले दिव्यांग एवं असहाय श्रद्धालुगणों के लिए दो व्हील चेयर मंदिर समिति को भेंट की गई। पुराण और अन्य ग्रंथों में वर्णित विवरण अनुसार शिप्रा तट स्थित मंगलग्रह की उत्पत्ति स्थान भगवान श्री मंगलनाथ जी के मंदिर उज्जैन पर प्रदेश ही नहीं, अपितु देश-विदेश से नित्य की प्रातः काल की आरती पश्चात 7 बजे से निर्धारित समय-सीमा दोपहर पश्चात 3:30 बजे तक सतत रूप से भात पूजन एवं अन्य पूजन कराने के लिए आने वाले यजमानों का सतत रूप से आगमन होता रहा।

### निगम आयुक्त ने किया महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा और हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग का निरीक्षण

# सिंहस्थ 2028 के लिए बन रहे नए मार्गों के काम में तेजी लाने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था बनाने हेतु नए मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों की प्रगति जानने के लिए नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शुक्रवार को स्थल निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा मार्ग तक 360 मीटर लंबा और 24 मीटर चौड़ा मार्ग कहारवाड़ी तक बनाया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि मार्ग के दोनों ओर 500 एमएम की



रिटर्निंग वॉल तैयार की जा रही है।

कहारवाड़ी क्षेत्र के कॉर्नर पर भवन और होटल हटाने का काम पूरा किया गया है। हेरिटेज होटल के सामने 21 मीटर लंबी राफ्ट फाउंडेशन का काम पूर्ण हो चुका है, जबकि मार्ग के दोनों तरफ 12-12 मीटर में राफ्ट का काम जारी है।

आयुक्त मिश्रा ने रिटर्निंग वॉल की कास्टिंग जल्द पूरी करने और 30 जून तक पीक्यूसी सड़क निर्माण में तेजी लाने के लिए ठेकेदार को संसाधन और श्रमिक बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट भी मौजूद रहे।

### हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण

निगम आयुक्त ने हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के साथ काम जल्द और गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला, कंसल्टेंट और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत सरकार के मॉडल फायर एक्ट के अनुरूप बनाये नियम

**इंदौर।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रालय भोपाल में प्रस्तावित मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक 2026 और मध्यप्रदेश कॉलोनी अधिनियम 2026 के प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा की। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन दोनों विधेयकों में आज की बैठक में दिए गए सुझावों के अनुसार आवश्यक संशोधन कर इन्हें अगले सप्ताह पुनः प्रस्तुत किया जाए। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक 2026 में भारत सरकार के 'मॉडल एक्ट' के नियमों के अनुसार परिवर्तन किए जाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में बड़ी इमारतें, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रीज आएंगी, जिसके अनुरूप हमारे पास अत्याधुनिक उपकरण बेहतर तकनीक और प्रशिक्षित मानव संसाधन होना चाहिए, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति में विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर संभागीय आईटीआई में हुआ पौधारोपण

**इंदौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संभागीय शासकीय आईटीआई इंदौर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, उद्यान प्रभारी एवं वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र राठौर, सभापति नगर निगम मुन्नालाल यादव, पार्षद मनोज मिश्रा, पूर्व पार्षद राजकपूर सुनहरे तथा आईटीआई के प्राचार्य गौरव आर्य सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थितजनों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया।

### अपार आईडी बनाने के लिए विशेष शिविर 6 जून को

**इंदौर।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार सभी शासकीय और अशासकीय स्कूली विद्यार्थियों की अपार आईडी बनायी जाएगी। ऐसे विद्यार्थी जिनकी अभी तक अपार आईडी नहीं बनी है, उनकी सुविधा के लिए इस माह हर शनिवार को विशेष शिविर लगाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में 06 जून को सभी विद्यालयों में अपार आईडी बनाने के लिए विशेष शिविर होगा। सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे शिविर स्थल (स्कूलों) में पहुँचकर अपार आईडी बनावायें। शिविर आयोजन का सिलसिला हर प्रत्येक शनिवार 30 जून तक जारी रहेगा। इसी क्रम में 06 जून 2026 को जिले के समस्त विद्यालयों में मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### मूक-बधिर विद्यार्थियों के लिए आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

**इंदौर।** शासकीय संभागीय आईटीआई, इंदौर के अंतर्गत संचालित पीएच आईटीआई में मूक-बधिर विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट ट्रेड में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह कोर्स विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। संस्थान में उडढअ ट्रेड की कुल 24 सीटें उपलब्ध हैं। पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए छात्र एवं छात्राओं दोनों के लिए सुरक्षित हॉस्टल व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ भी पात्र विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा। इच्छुक मूक-बधिर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से जल्द से जल्द प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर मंत्री सिलावट ने किया पौधारोपण

**इंदौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### जनजागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**इंदौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में विभिन्न जनजागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम सिविल अस्पताल महू में आयोजित हुआ, जहां पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने ईंधन संरक्षण का संदेश देते हुए जिले के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों के साथ इंदौर से महू तक सामूहिक रूप से बस द्वारा यात्रा की। उन्होंने बताया कि जो प्रकृति आधारित समाधानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने का संदेश देती है।

---

इंदौर का अनोखा जादुई वार्ड 58, घनी आबादी और व्यापारिक गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र हमेशा व्यस्त रहता

# जनता तो है लेकिन पार्षद नहीं, विवाद के बाद बदला घटनाक्रम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के मध्य में स्थित इंदौर नगर निगम का वार्ड क्रमांक 58 इन दिनों एक विशेष राजनीतिक और प्रशासनिक स्थिति का सामना कर रहा है। नगर निगम चुनाव 2022 में कांग्रेस प्रत्याशी अनवर कादरी के निर्वाचित होने के बाद हुए घटनाक्रम और उनकी पार्षदी समाप्त होने के कारण वर्तमान में वार्ड का कोई निर्वाचित पार्षद नहीं है। परिणामस्वरूप क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय, विधायक कार्यालय तथा स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर निर्भर है।

वार्ड क्रमांक 58 पुराने इंदौर के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल है। इस वार्ड में सुभाष चौक, मानक चौक, जूना कसेरा बाखल जूना पीठा, कुंवर मंडली, यशोदा माता मंदिर क्षेत्र, विजय चाट तक खजूरी बाजार वाला हिस्सा बड़वाली वाली चौकी, किदवई मार्ग, बजरिया, इकबाल कॉलोनी, नेताजी सुभाष मार्ग, अहिल्या पलटन, मराठी मोहल्ला, बक्शी बाग, पुलिस लाइन, सदर बाजार मेन रोड नॉर्थ कमाठीपुरा, साउथ कमाठीपुरा, शंकर बाग जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। शहर के मध्य में स्थित होने के कारण यह वार्ड व्यापारिक और रहवासी दोनों दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। खजूरी बाजार, सुभाष मार्ग और सदर बाजार मेन रोड जैसे क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। घनी आबादी और व्यापारिक गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र हमेशा व्यस्त बना रहता है।

### सामाजिक विविधता की मिसाल

वार्ड 58 सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक है। यहां मुस्लिम समाज, ब्राह्मण समाज, खटीक समाज, महाराष्ट्रीयन समाज सहित विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोग निवास करते हैं। विभिन्न समुदायों की मौजूदगी इस क्षेत्र को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विविधता का विशेष उदाहरण बनाती है।

### वार्ड मे पार्किंग और यातायात भी बड़ी चुनौती

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों के अनुसार वार्ड में बड़ी समस्या पार्किंग और यातायात व्यवस्था भी है। सुभाष चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग होने के बावजूद कई बार वहां भी वाहनों को खड़ा करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता। संकरी गलियां, बढ़ती वाहन संख्या और प्रमुख बाजारों में लगातार बढ़ रही भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था चुनौती बनी हुई है। कई स्थानों पर नागरिकों को जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या का सामना करना पड़ता है।

**मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी शिकायतें-** वार्ड के विभिन्न हिस्सों में पेयजल आपूर्ति, ड्रेनेज व्यवस्था, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट और सड़क रखरखाव जैसी समस्याएं भी समय-समय पर सामने आती रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्षद नहीं होने के कारण छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी कई स्तरों पर संपर्क करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी की शिकायतें सामने आती हैं, जबकि बारिश के दौरान जलभराव और ड्रेनेज की समस्याएं नागरिकों को परेशान करती हैं।

### भाजपा के पार्षद प्रत्याशी सन्नी चौहान का पक्ष

वार्ड में सक्रिय भाजपा नेता एवं वर्ष 2022 के भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रत्याशी सन्नी चौहान का कहना है कि पार्षद नहीं होने के बावजूद विधायक, सांसद और महापौर के सहयोग से क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने बताया की बक्शी बाग क्षेत्र में स्थित एक पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार कराया गया है तथा सुरक्षा की दृष्टि से उसे जालियों से ढका गया है यह बावड़ी गर्मी के आगामी समय में वार्ड के निवासियों के लिए बड़ी सौगात होगी ! इसके अलावा नाली और ड्रेनेज संबंधी कार्य, विधायक निधि से तीन तथा सांसद निधि से दो बोरिंग कराई गई हैं। उर्दू स्कूल में विकास कार्य तथा वाल्मीकि समाज के सामुदायिक भवन सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के लिए भी प्रयास किए गए हैं।

### पार्षद नहीं होने का असर

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पार्षद जनता और प्रशासन के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है। वर्तमान में निर्वाचित पार्षद नहीं होने के कारण लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम और अन्य कार्यालयों का सहारा लेना पड़ता है। क्षेत्र के कई रहवासियों का कहना है कि वार्ड स्तर पर जनप्रतिनिधि उपलब्ध होने से समस्याओं का समाधान अधिक तेजी ओर आसानी से हो सकता है।

**विधायक गोलू शुक्ला ने कहा-** क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला का कहना है कि भले ही वार्ड में वर्तमान में कोई निर्वाचित पार्षद नहीं है, लेकिन भाजपा संगठन के मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष और पूर्व पार्षद प्रत्याशी लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और हमारे संगठन के पार्षद तो सन्नी चौहान हे ही उन्होंने कहा कि पानी, ड्रेनेज, सड़क, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। गोलू शुक्ला ने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

---

# उज्जैन में ट्रेन से यात्री का विदेशी करंसी से भरा बैग चोरी

## अमेरिकन डॉलर, यूरो, पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज भी ले गए

**मथुरा से इंदौर तक की यात्रा कर रहा था युवक**

**50 यूरोप की करंसी यूरो व पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज रखे हुए थे**

**जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 305(सी) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है**



**मालवा एक्सप्रेस से मोबाइल चोरी-** इसी प्रकार संजय पुत्र अखिलेश तिवारी उम्र 21 वर्ष निवासी जागेश्वरी कालोनी बीना सागर ने शिकायत की है कि वह बुधवार को ट्रेन संख्या 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच एस-1 में मां व भाई के साथ बीना से इंदौर की यात्रा कर रहा था। ट्रेन में तिवारी की नींद लग गई थी। नींद खुलने पर उसका मोबाइल नहीं मिला। अज्ञात व्यक्ति ने उसे चोरी कर दिया।

वहीं हर्षित कुमार पुत्र सरोज कुमार उम्र17 साल निवासी ग्राम परनखा थाना माधौगंज जिला हरदोई उप्र गुरुवार को उज्जैन स्टेशन पर कानपुर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान उसने अपना मोबाइल प्लेटफार्म नंबर एक पर चार्जिंग पर लगा दिया और पानी लेने के लिए कैंटीन गया था।

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

इंटरसिटी एक्सप्रेस से एक यात्री का विदेशी करंसी से भरा बैग चोरी हो गया। युवक मथुरा से इंदौर की यात्रा कर रहा था। उसके बैग में अमेरिकन डॉलर, यूरो, पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। मामले में उज्जैन जीआरपी ने केस दर्ज किया है। इसी प्रकार अन्य दो ट्रेनों में दो यात्रियों के मोबाइल चोरी हुए हैं। जीआरपी ने बताया कि शिवसिंह पुत्र अमरसिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम नसरतपुर कासगंज उत्तर प्रदेश ने पुलिस को शिकायत की है कि वह 2 जून की रात को ट्रेन संख्या 12416 इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में रेलवे स्टेशन मथुरा से इंदौर जा रहा था। यात्रा के दौरान युवक अपना बैग रैक पर रख कर सो गया था। उज्जैन स्टेशन से ट्रेन चलने पर उसका बैग गायब हो गया था। जिसमें 200 अमेरिकन डॉलर, 50 यूरोप की करंसी यूरो व पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 305(सी) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है।

---

### मंदिर की 1.5 करोड़ रुपये की भूमि अतिक्रमण मुक्त, 700 मीटर मार्ग भी कराया गया बहाल

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले में शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने की मुहिम लगातार जारी है। इसी क्रम में आज खुड़ैल तहसील के ग्राम गारीपिपलिया में प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए देव धर्मराज मंदिर की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। एसडीएम श्रीमती प्रियंका चौरसिया ने बताया कि ग्राम गारीपिपलिया स्थित देव धर्मराज मंदिर की भूमि सर्वे नंबर 271, रकबा 0.295 हेक्टेयर, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये है, पर इस्माइल पिता भैया निवासी गारीपिपलिया द्वारा अतिक्रमण किया गया था। राजस्व विभाग की टीम ने आज कार्रवाई करते हुए उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाकर मंदिर की भूमि को मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी सहित राजस्व अमला उपस्थित रहा। प्रशासन ने मंदिर तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए शासकीय भूमि सर्वे नंबर 273 से लगभग 700 मीटर लंबा मार्ग भी खुलवाया, जिससे श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर

# संविधान हत्या दिवस का कार्यक्रम 26 को भोपाल में आयोजित होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



लोकतंत्र सेनानी संघ म प्र का संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर भोपाल में आयोजित होगा । मुख्यमंत्री निवास पर निर्माण कार्य चलने के कारण यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर ही भोपाल के रविन्द्र भवन में सम्पन्न होगा । इस सम्मेलन में प्रदेश से 1200 की संख्या में लोकतंत्र सेनानी , लोकतंत्र प्रहरी तथा सेनानियों के परिवार जन सम्मिलित होंगे ।

लोकतंत्र सेनानी संघ मध्यप्रदेश की कार्यसमिति की भोपाल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये संघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक ने उक्त जानकारी दी । बैठक को लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा ने भी संबोधित किया तथा सेनानियों के प्रश्नों का भी समाधान किया । प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, पूर्व सांसद तथा म प्र शासन के पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमारिया , मोहन विटवेकर , महेंद्र गुप्ता , संभागीय प्रभारी बाबूलाल ताम्रकार , गोभक्त नन्द बाबा (लो. सेनानी , राजस्थान) , गणेश अग्रवाल , महेंद्र नाहर , राजेंद्र ताम्रकार , राजकुमार अग्रवाल, संतोष तैतिया , नरेंद्र सांखला, सुरेन्द्र द्विवेदी , अंजनी सिंह, अजय औरंगाबादकर आदि ने भी संबोधित किया । उज्जैन से जिला अध्यक्ष सांखला तथा सचिव राम भवालकर भी बैठक में उपस्थित थे ।

---

16 से 23 जून के बीच होंगे एग्जाम; 24 से 28 जून तक होगा मूल्यांकन

# 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा की नई तारीखें जारी

**मूल्यांकन कार्य भी तय समय में होगा पूरा**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**



राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा सत्र 2025-26 की संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है। पहले घोषित कार्यक्रम में आंशिक बदलाव करते हुए अब परीक्षाएं 16 जून से 23 जून 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अपरिहार्य कारणों के चलते पुनः परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया गया है। पहले जारी टाइम टेबल में संशोधन करते हुए अब परीक्षाएं निर्धारित नई तारीखों पर आयोजित होंगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का आयोजन परिशिष्ट-1 और 2 में दी गई संशोधित समय-सारणी के अनुसार किया जाएगा। पुनः परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य 24 जून से 28 जून 2026 के बीच पूरा कराया जाएगा। इससे परिणाम प्रक्रिया में देरी न हो, इस पर विशेष जोर दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा आयोजन से संबंधित अन्य सभी दिशा-निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे। केवल परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया गया है, बाकी प्रक्रिया में कोई परिवर्तन नहीं होगा। यह आदेश सभी जिलों के कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेजा गया है, ताकि परीक्षा आयोजन सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। विभाग स्तर पर परीक्षा की निगरानी को लेकर भी तैयारी की जा रही है, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही की स्थिति न बने।

### प्रवेश पत्र पोर्टल से होंगे डाउनलोड

पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केंद्र के परीक्षा पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। शाला प्रमुख, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसीसी और डीपीसी के लागिन के माध्यम से प्रवेश पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने स्पष्ट किया है कि पुनः परीक्षा में भी यदि विद्यार्थी न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाए, तो उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा। ऐसे विद्यार्थियों को उसी कक्षा में दोबारा अध्ययन करना होगा।

---

# नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की तैयारी के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि अब 15 जून 2026 अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों का निराकरण 25 जून तक किया जाएगा तथा निराकृत प्रकरणों की ईआरएमएस में प्रविष्टि 30 जून तक की जाएगी। इसके बाद दावा-आपत्तियों की चेकलिस्ट 3 जुलाई तक तैयार की जाएगी तथा त्रुटि सुधार उपरांत वेण्डर को चेकलिस्ट 6 जुलाईतक वापस की जाएगी। फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 9 जुलाई को जनरेट की जाएगी तथा फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची को 10 जुलाई 2026 तक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची की मुद्रित प्रतियां 16 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएंगी। मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जुलाई को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची की डीवीडी/सीडी 20 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि विक्रय हेतु प्रतियां 21 जुलाई तक उपलब्ध रहेंगी। सार्वजनिक प्रकाशन के प्रमाण-पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के लिए भी द्वितीय चरण की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। पंचायतों के लिए दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 15 जून 2026 अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 25 जून तथा निराकृत प्रकरणों की ईआरएमएस में प्रविष्टि की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों की चेकलिस्ट 3 जुलाई तक तैयार की जाएगी। चेकलिस्ट की जांच एवं त्रुटि सुधार के बाद वेण्डर को 6 जुलाई तक वापस किया जाएगा।

---

# इंदौर दुग्ध संघ दूध उत्पादकों से घर-घर जाकर दूध संग्रह करें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में रबी 2025-26 एवं खरीफ 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी बोर्ड, पशुपालन विभाग, इंदौर दुग्ध संघ आदि विभागों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की।

बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है और यह वर्ष कृषि कल्याण वर्ष है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है, इनका लाभ सभी किसानों को मिले। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए। किसानों को समय पर उर्वरक मिले, मानक स्तर के बीज उपलब्ध कराया जाए तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाए।

बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयसीमा में समन्वय के साथ कार्य करें। अधिकारी मैदान पर जाकर सतत निगरानी रखें। कार्य में अनुशासनहीनता नहीं बरते। उन्होंने इंदौर दुग्ध संघ के अधिकारियों को कहा कि वे घर-घर जाकर दूध उत्पादकों से दूध का संग्रहण करें। दूध उत्पादकों को समय पर भुगतान करें।

## न्यूज कालम





### तिरुपति बालाजी में त्रिवेणी का रोपण

**सनावद।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर लायन अनिता जैन एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन ने सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल तिरुपति बालाजी मंदिर के उपवन में त्रिवेणी पीपल,बरगद और नीम का रोपण किया। जैन दंपति ने मंदिर में दर्शन कर निमाड़ क्षेत्र की सुख,शांति और समृद्धि की कामना की।तत्पश्चात त्रिवेणी का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। लायंस क्लब सनावद स्नेह के सभी मेबर्स ने एवं लायन अनिल अर्जरे लायन दातार एवं सजय आर्य ने भी सनावद मैं पौधा रोपण किया एवंने सभी ने बधाईया दी।

### युथ कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक आज

**आलोट।** युथ कांग्रेस आलोट विधानसभा की आगामी कार्यक्रमों एवं योजनाओं व संगठन सम्बंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कल दिनांक ६ जुन २०२६ शनिवार को दोपहर १ बजे स्थानीय अंबेडकर भवन नगर परिषद आलोट पर रखी गई है। बैठक में यूथ कांग्रेस रतलाम जिला प्रभारी स्वीटी पाटिल एवं यूथ कांग्रेस रतलाम जिला अध्यक्ष मयंक जाट युथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रविराज सिसोदिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह परिहार आलोट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव निगम शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जी पांचाल।आदी के आतिथ्य में यह बैठक संपन्न होगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता का संकल्प लेकर पौधारोपण किया



**आलोट।** विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री महावीर विद्यालय आलोट में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतीकात्मक रुप से स्वच्छता कर अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने शिक्षकों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य के साथ नगर परिषद दल भी स्वच्छता संदेश देने पधारें।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य मनोज शर्मा, शिक्षक शिक्षिकाएं नवीन खेतरा ,वीरेंद्र सिंह पंवार,सत्यनारायण शर्मा, प्रेमनारायण गायरी , लता शर्मा, वीणा गानू, पंकज शर्मा के के कलसई,दशरथ शर्मा , समस्त स्टाफ एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

### निकाय स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**बड़वानी।** नगर पालिका परिषद बड़वानी में गुरुवार को निकाय स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नगर क्षेत्र में पशु नियंत्रण एवं एबीसी (एनीमल बर्थ कन्ट्रोल) सेंटर के संचालन एवं प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग परिसर में हुआ पौधारोपण

**मंडलेश्वर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर में वन विभाग मंडलेश्वर द्वारा रेंज कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) विमला मुवेल के नेतृत्व में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।रेंजर विमला मुवेल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि मानव जीवन, वन्यजीवों एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आग्रह किया।

### शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन में नि :शुल्क प्रशिक्षण

**उज्जैन,।** म.प्र. राज्य सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा 2027 में सम्मिलित होने वाले म.प्र. के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व कोचिंग लेने के लिए आवेदन पत्र 12 जून तक आमंत्रित किए जाते हैं। प्रशिक्षण 15 जून से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन कार्यालयीन समय में जमा किए जा सकेंगे। आवेदन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन संभाग, उज्जैन, सांवेर रोड, दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे, गांधी नगर, उज्जैन, म.प्र. में जमा किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

### कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 6 जून को होगा

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी 2025-26 की समीक्षा और खरीफ 2026 की तैयारी के लिए संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार 6 जून को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक सिंहस्थ मेला कार्यालय के प्रथम तल पर आयोजित किया जाएगा।बैठक के प्रथम सत्र में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सहकारिता एवं संबद्ध संस्थाएं तथा द्वितीय सत्र में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग तथा संबद्ध संस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

# नेपानगर पुलिस ने अवैध हथियार फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

## भारी मात्रा में उपकरण और अर्धनिर्मित पिस्टल जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



नेपानगर थाना पुलिस ने हाल ही में ग्राम पाचौरी के जंगल क्षेत्र में दबिश देकर एक अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण और अर्धनिर्मित पिस्टल जब्त की है।

यह कार्रवाई आरोपी बंटी उर्फ ब्रजेश दावरे, 46, निवासी ई-टाइप नेपानगर, से पूछताछ के बाद की गई। नेपानगर पुलिस ने ब्रजेश को एक देशी पिस्टल और धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी स्विफ्ट कार से गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी, जहां से एक और पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गहन पूछताछ की गई।

पूछताछ में ब्रजेश ने बताया कि उसे हथियार और कारतूस अजीतसिंह उर्फ डेडिया, निवासी धुलकोट, थाना भगवानपुरा, ने दिए थे। इस जानकारी के बाद संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम पाचौरी के जंगल क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस को देखकर अवैध हथियार बना रहे आरोपी अजीतसिंह और ठाकुर पिता बराडसिंह मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मौके से एक अर्धनिर्मित देशी पिस्टल, दो मैगजीन, एक बैरल, दो ग्राइंडर मशीन, एक ड्रिल मशीन, दो ब्लोअर, हथौड़ा, छेनी, रेती, प्लास, कटिंग ब्लेड और अन्य हथियार बनाने के उपकरण भारी मात्रा में जब्त किए। फरार आरोपियों अजीतसिंह और ठाकुर के खिलाफ भी मामला दर्ज कर उनकी तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने अवैध हथियार तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव और थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानू जायसवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। आरोपी बंटी दावरे से पूछताछ के दौरान मिले अहम खुलासों के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई की।

एसपी आशुतोष बागरी ने कहा कि जिले में अवैध हथियार का नेटवर्क तोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ अवैध हथियार तस्करों द्वारा पुलिस कार्रवाई के दौरान लोगों को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे भीड़ पुलिस कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करे। इस प्रकार की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खरगोन पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपी के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद/



थाना बेड़िया पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर 70 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 7 हजार रुपये को जप्त कर कार्यवाही की गई है । दिनांक4 जून को थाना बेड़िया पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक व्यक्ति मोटरसायकल से अवैध शराब लेकर चितावद रोड नहर के रास्ते से ग्राम भुलगांव से होकर निकालने वाला है ।

मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना बेड़िया टूआईसी उनि हरिप्रसाद पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया व मुखबिर की सूचना से पुलिस टीम को अवगत करवा कर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने हेतु मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर चितावद रोड नहर के रास्ते से निकालने वाले वाहनों पर नजर रखी गई व मोटर साइकल के आने का इंतजार किया गया । थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को मुखबिर के बताए अनुसार हुलिये का व्यक्ति मोटरसायकल से आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर रोका । रोके गए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राहुल निवासी ग्राम सोलना गोगावां का होना बताया ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मेक्रो विजन एकेडमी और ऑल इज वेल हॉस्पिटल में पौधारपण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान मेक्रो विजन एकेडमी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के प्रमुख ऑल इज वेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में भव्य वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। दोनों संस्थानों के बगीचों और परिसरों में पर्यावरण संतुलन बढ़ाने के उद्देश्य से सैकड़ों छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों को पौधों के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

मेक्रो विजन एकेडमी के बगीचे में आयोजित कार्यक्रम में सभी शिक्षक और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिसर की हरियाली बढ़ाने के लिए कैरी, जामुन, नींबू, अमरूद, चीकू और आम के पौधे रोपे गए। सभी शिक्षकों ने ग्रीन कैंपसज का संकल्प लिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत करना है।

अस्पताल परिसर में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और प्रबंधकीय टीम ने मिलकर पौधारोपण किया। जन-स्वास्थ्य और स्वच्छ हवा के महत्व को देखते हुए तुलसी, गिलोय, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई।

वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण ही आधी बीमारियों का इलाज है, इसलिए अस्पतालों के आसपास हरित पट्टी होना जरूरी है। अभियान की खास बात यह रही कि लगाए गए प्रत्येक पौधे को जीवित रखने और नियमित देख रेख की जिम्मेदारी अलग-अलग कर्मचारियों को सौंपी गई है, ताकि ये पौधे भविष्य में विशाल वृक्ष बन सकें।

## वन विभाग ने 4 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई

**मंडलेश्वर।**वन विभाग ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए परिक्षेत्र मंडलेश्वर की बीट चोली के कक्ष क्रमांक ३५ में अवैध कब्जे के प्रयास को विफल कर करीब 4 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। यह कार्रवाई उपवनमंडल मंडलेश्वर के द्वारा समस्त स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी बहादर पिता मिश्रीलाल सहित दो अन्य व्यक्तियों द्वारा वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर खेती की तैयारी की जा रही थी। विभाग ने अतिक्रमण रोधी खंतियां खोदकर कब्जे के प्रयास को नाकाम कर दिया। कार्रवाई में मंडलेश्वर, बलवाड़ा, काकड़दा और पाडल्या रेंज का स्टाफ शामिल रहा।एसडीओ फॉरेस्ट केके निनामा ने बताया कि बहादर आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के पांच वन अपराध पहले से दर्ज हैं। पूर्व में भी कई बार उसके अतिक्रमण के प्रयासों को विफल किया जा चुका है। इस बार भी वह वन विभाग के प्लांटेशन क्षेत्र के भीतर वन भूमि पर खेती करने की तैयारी कर चुका था।वन भूमि से बेदखली का आदेश डीएफओ बड़वाह द्वारा जारी किया गया था। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। वन विभाग द्वारा 1 अप्रैल के बाद से अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस दौरान सिरसिया में 5 हेक्टेयर, नवरंगपुरा में 4 हेक्टेयर, चोली में 4 हेक्टेयर तथा भकलाय में 1.5 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जा चुकी है। विभाग के अनुसार मंडलेश्वर रेंज की चार बीटों में अब तक ८ लोगों से 15 हेक्टेयर वन भूमि मुक्त कराई

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सब जेल में पौधारोपण किया

**मंडलेश्वर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन सब जेल मंडलेश्वर किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा बंदियों को कानून संबंधी जानकारी देते हुए प्लीबारगेनिंग एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होने बंदियों से उनके अधिवक्ता है अथवा नहीं की जानकारी ली तथा जिनके अधिवक्ता नहीं है वह विधिक सहायता से निःशुल्क अधिवक्ता ले सकते है इस बार में बंदियों को जानकारी दी गई। उन्होने बंदियों की अपीलो के संबंध में जानकारी देते हुए कहां की बंदी अपनी अपील हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट तक कर सकता है साथ ही जमानत के लिए भी आवेदन लगा सकता है। वह चाहे तो विधिक सहायता के माध्यम से भी आवेदन एवं अपील कर सकता है। इसके साथ ही उन्होने बंदियों की समस्याए सुनी एवं उनकी समस्याओं को नोट किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों एवं जेल बंदियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के महत्व के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों को अधिक से अधिक पौघे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया।

## सिंहस्थ क्षेत्र में ५० किमी सीसी रोड बनाएगा यूडीए, नाली पर पेंच फंसा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र में 50 किमी की स्थाई सीसी रोड बनेगी। जो 24 मीटर (78.74 फीट) चौड़ी रहेगी। इसके लिए यूडीए अगले एक सप्ताह में निर्माण एजेंसी तय कर देगी। प्रस्तावित स्थानों पर सड़क निर्माण के लिए जगह चिह्नित करते हुए विभाग ने अधिग्रहण भी शुरू कर दिया है।

इधर, सड़क के साइड में पक्की नाली निर्माण का पेंच फंसा है।क्योंकि यह प्रस्ताव गत दिनों एमआईसी की बैठक में खारिज हो गया। इसी बीच नगर निगम ने अस्थाई सीवरेज, अस्थाई पेयजल पाइप व स्थाई भूमिगत टेंक बनाने का प्लान बना लिया। निगम की टीम ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी।

62 करोड़ रुपए से पेयजल लाइन और 345 करोड़ से स्थाई भूमिगत टेंक बनाए जाना प्रस्तावित है। इधर, पेयजल के लिए डाली जाने वाली पाइप लाइन अस्थाई होने से संबंधित ठेकेदार वापस उक्त लाइन को निकाल सकेगा। इसी हिसाब से कम दरों पर यह टेंडर होगा। ऐसे में १६ मई को एमआईसी में रखे स्थाई सीवरेज व पक्की नाली निर्माण के मामले में नया पेंच आ गया। पक्की नाली निर्माण कौन बनाएगा। यह अभी तय नहीं हो सका। 50 किमी सीसी रोड निर्माण के लिए यूडीए ने 730 करोड़ रुपए का प्लान बनाया है।

# पौधा रोपण कर उनकी देखभाल बच्चों की तरह करना आवश्यक-प्रदीप उपाध्याय

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

प्रतिवर्ष पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाकर इतिश्री ना करते हुए उनका पालन पोषण अपने बच्चों की तरह करना होगा तभी वह पेड़ बनकर पर्यावरण सुधार में लाभदायी सिद्ध होंगे।

उक्त उद्गार भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने त्रिवेणी स्थित मानस भवन में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि जिले के 1399 बूथों पर पार्टी द्वारा आज से पौधा रोपण किया जायेगा तथा उनकी देखभाल प्रतिदिन की जाकर उन्हे पेड़ बनाया जायेगा।

निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से पौधा रोपण की शुरूआत की जाकर नगर के प्रत्येक क्षेत्र में पौधा रोपण किया जाता है। निगम द्वारा रोपे गये पौधो का पालन पोषण करना क्षेत्र के नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि हमें इस धरती पर जीवित रहना है तो हमें पर्यावरण की रक्षा करना होगी क्योंकि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो ही हम व इस धरती के मानव व अन्य प्राणी जीवित रह पायेगें।

पर्यावरण विद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित ने बताया कि पर्यावरण को सहेजने की शुरूआत 1972 में हुई थी तब से लगातार 5जून को विश्व पर्यावरण दिवस निरंतर मनाया जा रहा हैं। पर्यावरण सुधार हेतु पेड़ लगाना तो आवश्यक है ही साथ ही उर्जा व पानी की भी बचत करना होगी। उन्होने रतलाम की जनता को पर्यावरण प्रेमी बताते हुए आशा व्यक्त की कि संकल्प के साथ नगर का प्रत्येक नागरिक पौधा रोपण कर उसे पेड़ बनायेगा।

मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर ने इस अवसर पर नागरिकों को एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधा रोपण कर उसे सहेजने का आव्हान किया ताकि रतलाम नगर हरियाली से आच्छदित हो।

स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन समिति प्रभारी एवं क्षेत्रिय पार्षद विशाल शर्मा ने बताया कि रतलाम नगर को हरियाली से आच्छदित करना आवश्यक हो गया है क्योंकि इस वर्ष नगर के नागरिकों को अत्याधिक गर्मी का सामना करना पड़ा है।

## विक्रम विवि के रोजगारोन्मुखी 3 पाठ्यक्रमों से नौकरी के अवसर

**उज्जैन।** बड़ी डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार के लिए भटक रहे युवाओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र अध्ययनशाला ने नई शिक्षा नीति के तहत तीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें पूरा करने के बाद सीधे नौकरी के अवसर मिलने का दावा किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति उपाध्याय के अनुसार अध्ययनशाला में एक वर्षीय गाइडेंस एंड काउंसलिंग डिप्लोमा संचालित है, जिसके बाद शासकीय चिकित्सालयों और बड़े निजी अस्पतालों में रोजगार की संभावनाएं बनती हैं। वर्तमान सामाजिक परिवेश को देखते हुए छह माह का फैमिली एंड मैरिज गाइडेंस सर्टिफिकेट कोर्स भी उपयोगी बताया गया है। विभाग के मुताबिक यह पाठ्यक्रम टूटते परिवारों को संभालने और उन्हें स्थायित्व देने में मदद करता है। अध्ययनशाला ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश के लिए उम्र या भाषा की कोई बाध्यता नहीं है और कोई भी स्नातक डिग्रीधारी व्यक्ति किसी भी उम्र में इनमें प्रवेश ले सकता है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए सुमन मानविकी भवन अध्ययनशाला में संपर्क किया जा सकता है।

## कृति का निःशुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर पांचवें दिन भी जारी रहा

**नीमच।** कृति संस्था के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर निरंतर पांचवें दिन नई कला प्रशिक्षण के साथ जारी रहा द्य शुक्रवार को प्रशिक्षकों द्वारा शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को ग्लासपेंटिंग का विशेष प्रशिक्षण के साथ ही पेपर आर्ट फ्लोवरिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया द्य शिविर में अतिथि के रूप में आज श्री वीरेंद्र जी दुबे सुर संगम नीमच बच्चों का उत्साहवर्धन करने पधारे। अतिथि का स्वागत का शिविर संयोजक श्री जीवन कौशिक और सचिव रघुनन्दन पाराशर ने किया । आज 45 बच्चे उपस्थित रहे। प्रशिक्षक श्री दीपक भट्ट , सुश्री ज्योतिका अग्रवाल, श्रीमती रचना ओझा, व अश्मिका ।संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, कमलेश जायसवाल,राजेश जायसवाल कोषाध्यक्ष , रघुनंदन पाराशर सचिव , श्याम टांकवाल सहसचिव , किशोर जेवरिया, भरत जाजू , गणेश खंडेलवाल, ,प्रकाश भट्ट,जीवन कौशिक, घनश्याम अम्ब श्रीमती आशा साम्भर ,शरद पाटीदार उपस्थित रहे। बच्चों ने कल्पनाशीलता के साथ नई विद्या के प्रशिक्षण में विशेष रुचि दिखाई और प्रशिक्षकों के समक्ष पूर्ण कर प्रस्तुत की गई द्य अंत में बच्चों कोस्वल्पाहार श्री प्रकाश भट्ट द्वारा श्री वीरेंद्र दुबे जी के सहयोग से करवाया गया । शिविर अपने अंतिम दौर में दो दिन और जारी रहेगा।

# विधायक व नपाध्यक्ष ने पौधारोपण कर की नपा के वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा जवाहर नगर स्थित वीनू वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चौपड़ा, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव, पूर्व नपाध्यक्ष श्री राकेश पप्पू जैन, वार्ड पार्षद श्री जिनेंद्र मेहता सहित अन्य उपस्थितजनों ने पौधारोपण कर पौधों की सुरक्षा हेतु ट्रिगार्ड लगाये एवं पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

पर्यावरण दिवस 5 जून को प्रातः 8 बजे विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव आदि जवाहर नगर स्थित वीनू वाटिका पहुंचे और वहां उपस्थितजनों के साथ आम, जामुन, नीम सहित विभिन्न प्रजातियां का पौधा रोंपकर शहर के नागरिकों से एक पौधा मां के नाम लगाते हुए शहर को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण की रक्षा करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि श्री निलेश पाटीदार, पार्षद श्रीमती किरण शर्मा, श्री दुर्गा शंकर भील, श्री विनीत पाटनी, श्री रामलाल ग्वाला, एल्डरमेन- श्री शांतिलाल गुप्ता, श्रीमती अरुणा तलरेजा, पत्रकार श्री श्याम गुर्जर, श्री भूपेंद्र गौड़, श्री राकेश परिहार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि श्री प्रकाश मंडवारिया, श्री मनोज माहेश्वरी, श्री सतीश दीवान, श्री कृष्णा मेहरा, नगर पालिका के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा, श्री टेकचंद बुनकर, श्री प्रवीण आर्य, बगीचा शाखा प्रभारी श्री महावीर जैन, भारत विकास परिषद के सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरणप्रेमी नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान यह भी तय किया गया कि अगर कोई भी व्यक्ति लगाए गए पौधों को नुकसान पहुंचाता या बगैर अनुमति हरा-भरा पेड़ काटते पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही हेतु नगर पालिका की ओर से पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज की जावे।

## न्यूज -कॉलम

### शंकरपुर में बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने लगाई फांसी



**उज्जैन।** बीमारी से परेशान चल रहे 61 साल के बुजुर्ग ने शुक्रवार दोपहर को फांसी लगा ली। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। मृतक का नाम सुरेश पिता कन्हैयालाल कुकडे सामने आया है। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि दरवाजा नहीं खोलने पर रोशनदान से झांका तो फंदे पर लटके दिखाई दिये। सुरेश कुमार पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। पत्नी प्रायवेट स्कूल में शिक्षिका है। परिजनों के अनुसार कुछ महिनों पहले घर में घिरने से घायल हो गये थे। जिसके बाद से उनका उपचार चल रहा था। वृद्धावस्था और उपचार के चलते परेशान रहने लगे थे। संभवत- इसी के चलते उन्होने घर में फांसी लगाई। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक की बहन उत्तरप्रदेश की रहने वाली है। बहन के आने पर शनिवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

### युवक ने खाई सल्फास की 3 गोली, हालत गंभीर

**उज्जैन।** विजयागंज मंडी पेट्रोल पंप के सामने से शुक्रवार शाम अर्जुन पिता दिनेश 24 साल निवासी ग्राम खुरसुलाखेडी को गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया। अर्जुन ने सल्फास की तीन गोली खाना बताया। हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टरों ने भर्ती कर मामले की सूचना अस्पातल चौकी पुलिस को दी। चौकी प्रधान आरक्षक प्रवीण चौहान बयान दर्ज करने पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि अर्जुन की पत्नी महाराष्ट्र पूणे की रहने वाली है। वह कई महिनों ने मायके में है। फोन पर बात करने के दौरान वापस नहीं आने और सास द्वारा विवाद करने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया है। प्रधान आरक्षक चौहान के अनुसार हालत नाजुक होने पर मजिस्ट्रेट स्तर पर तहसीलदार से बयान दर्ज करायेगें।

### ड्रायवर के माचिस जलाते ही कमरे में भभकी आग

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम कामडी में रहने वाला विनोद पिता हाकमसिंह 25 साल इंदौररोड पर चल रहे सिक्सलेन प्रोजेक्ट में ट्रेक्टर पर ड्रायवरी कर रहा था। उसने ग्राम मेंढिया में कमरा ले रखा है। रात में वह घर लौटा और कमरे में जाने के बाद सिगरेट पीने के लिये माचिस जलाई। तिल सुलगते ही कमरे में आग भभक उठी और विनोद लपटों में घिर गया। उसे आसपास के लोगों ने बचाया और अस्पताल पहुंचाया। 75 प्रतिशत झुलसने पर उसे बर्न यूनिट में भर्ती किया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। इस दौरान सामने आया कि कमरे में रखा गैस सिलेंडर लिकेज था। कमरा बंद होने की वजह से गैस फैल गई थी। विनोद के झुलसने की खबर मिलने पर माकडोन से परिजन उज्जैन अस्पताल पहुंच गये थे।

### जमीन विवाद में लाठियों से पिता के साथ की मारपीट

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद में रहने वाले सरदार पिता मांगीलाल बोडाना 60 साल को गुरूवार रात परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान सामने आया कि सरदार बोडाना ढाई बीघा जमीन का मालिक है। पुत्र जीवन द्वारा जमीन में हिस्सा मांगने की बात पर विवाद किया जाता है। रात में जीवन नशा कर लौटा था और जमीन को लेकर विवाद करने लगा। पिता सरदार ने विरोध किया तो लाठियों से पीट कर घायल कर दिया। मारपीट के बाद अपने साथी दरियावसिंह के साथ भाग निकला। मामले में चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### आरोपी को जेल से वापस ला सकती है पुलिस

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को ऋणमुकतेश्वर पुलिया के पास से उर्दूपुरा के रहने वाले पियुष पिता नरेन्द्र गेहलोद को 5 ग्राम एमडी ड्रग्स और 2 पिस्टल के साथ 9 खाली और 1 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया था। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि रिमांड अवधि में अवैध हथियार और मादक पदार्थ से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। आरोपी पियुष का रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पूछताछ में उसने पिस्टल चिमनगंज थाना क्षेत्र के बदमाश से खरीदना बताया है। जिसकी तलाश जारी है। वहीं मादक पदार्थ राजस्थान से लेकर आता था। मामले में अवैध हथियार देने वाले की गिरफ्तारी होने पर आरोपी को दोबारा जेल से लाकर मादक पदार्थ से जुडें आरोपियों की तलाश में एक टीम राजस्थान भेजी जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 459-8 | | 479-0 |
| मेन बाजार | 267-5 | | 579-1 |
| कल्याण नाइट | 150-6 | | 578-0 |
| मिलन डे | 477-8 | | 123-6 |
| मिलन नाइट | 330-6 | | 158-4 |
| मधुर डे | 145-0 | | 668-0 |
| मधुर नाइट | 136-0 | | 477-8 |
| शुभांक | 1 | 6 | 8 |

मंदिर प्रशासक के निरीक्षण में उजागर हुआ मामला....

# भस्मारती के नाम पर 3 श्रद्धालुओं से लिये थे 7500

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती के नाम पर श्रद्धालुओं के साथ ठगी के मामले फिर से सामने आने लगे है। गुरूवार-शुक्रवार रात मंदिर प्रशासक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने निकले तो सामने आया कि 3 श्रद्धालुओं से प्रवेश के नाम पर 7500 रूपये वसूले गये है। मामले में मंदिर प्रबंध समिति की ओर से रूपये वसूलने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

महाकाल मंदिर प्रशासक और अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक शुक्रवार प्रात:कालीन होने वाली भस्मारती की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिये गुरूवार-शुक्रवार रात औचक निरीक्षण पर निकले। उन्होने नीलकंठ द्वार से प्रवेश कर मानसरोवर मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं की भस्मारती अनुमति की जांच शुरू की और श्रद्धालुओं से फीडबैक लेना शुरू किया। तभी दिल्ली से आये दर्शनार्थी पार्थ, प्रत्युष और रजत की अनुमति को देखा और पूछताछ की गई। श्रद्धालुओं ने बताया कि उनसे प्रत्येक व्यक्ति के नाम पर 2500 रूपये लिये गये है। कुछ 7500 रूपये उन्होने भस्मारती दर्शन के लिये दिये है। मामला गंभीर होने और दर्शन शुल्क से कही अधिक राशि लिये जाने के मामले में श्रद्धालुओं से पता चला कि रूपये लेने वाले हर्षित जैन और रजत शर्मा है। मंदिर समिति की ओर से मामले में शिकायत दर्ज करने के लिये महाकाल थाना पुलिस को वैधानिक कार्रवाई और जांच के लिये पत्र सौंपा।

### सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर प्रकरण

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मंदिर की ओर से मिले शिकायती पत्र के आधार पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सुरक्षा अधिकारी दिलीप बामनिया की शिकायत पर हर्षि जैन और रजत शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार जिन श्रद्धालुओं से अधिक राशि वसूली गई है उनके बयान दर्ज कर दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

### कुछ दिनों से लगातार सामने आ रहे मामले

महाकाल मंदिर में प्रतिदिन लाखों की संख्या में देशभर से श्रद्धालु दर्शन के लिये आ रहे है। पिछले कुछ दिनों से दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से धोखाधडी कर रूपये लिये जाने के मामले लगातार सामने आ रहे है। 29 मई को मुम्बई के श्रद्धालु धीरज चौरघे से 4250 रूपये लिये जाने का मामला दर्ज किया गया था। 17 मई को बडोदरा की 2 महिला श्रद्धालुओं से 42 हजार की धोखाधडी की गई थी। यहीं नहीं 13 मई को नंदी हाल में मिले 3 श्रद्धालु से पूछताछ में रूपये लेकर प्रवेश करने और भस्मारती की अनुमति कराने की बातचीत आशुतोष शर्मा से होना सामने आया था। सभी मामलो में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किये है।

### पूर्व में हो चुकी है गिरोह की गिरफ्तारी

महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ भस्मारती, शयन आरती और दर्शन के नाम पर रूपये लिये जाने का मामला लम्बे समय से चला आ रहा है। सालभर पहले मंदिर समिति की जांच में गिरोह पकड़ाया था। जिसमें मंदिर समिति से जुडे कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, मीडियाकर्मी तक शामिल होना सामने आये थे। करीब 12 से 15 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी। बावजूद एक फिर से मामले सामने आने लगे है।



### भारत को आपदा मुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**उज्जैन।** आपदा मित्र योजना के चौथे सत्र में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को विकसीत और आपदा मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा भारत की अमूल्य धरोहर है।

होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा एनडीएमए और एसडीएमए के सहयोग से विभिन्न राज्यों में आपदा मित्र योजना को संचालित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के 11 जिलों को चिन्हित कर 800 आपदा मित्रों को तैयार किया जा रहा है। जिसको लेकर 7-7 दिवस के प्रशिक्षिण शिविर आयोजित किये जा रहे है। प्रशिक्षण का चौथा सत्र 2 जून से शुरू हो चुका है। जिसमें 170 आपदा मित्रों को प्रशिक्षिण दिया जा रहा है। सत्र में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अतेन्द्र सिंह गुर्जर उपस्थित हुये। उनका अभिवादन पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम में आपदा मित्रों द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में अपने अनुभव मुख्य अतिथि से साझा किये। उसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा भारत की अमुल्य धरोहर है, भारत को विकसित व आपदा मुक्त बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रशिक्षण में छात्राएं भी शामिल है, यह आपदा से निपटने में नारी की इच्छा शक्ती को दशार्ता है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन किट प्रदान की गई। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट जाट ने बताया कि केन्द्र की युवा आपदा मित्र योजना से जुडे मित्रों को बाढ, भूकंप, भू-स्खलन, मेडिकल इमरजेंसी, आगजनी सहित भगदड जैसी घटनाओं को रोकने गुर सिखाये जा रहे है। प्रशिक्षण जिले के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। आपदा मित्रों की आगामी सिंहस्थ 2028 में सेवा ली जायेगी।

# गुजरात से पकड़ाया ड्रग्स तस्करी में फरार काला बुंदेला

## रात में शिवशक्ति नगर लेकर पहुंची पुलिस, 4 दिनों की रिमांड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ तस्करी और अवैध हथियारों में शामिल बुंदेला गैंग के कुख्यात बदमाश को गुजरात से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अप्रैल माह से उसकी तलाश थी। शुक्रवार दोपहर बदमाश को कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। रात में पुलिस उसे शिवशक्ति नगर लेकर पहुंची और मादक पदार्थ की तस्दीक की गई।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 20 अप्रैल को उंडासा मार्ग गरोठ ब्रिज के नीचे से आई-20 कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 3125 में सवार धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पिता श्यामसिंह बुंदेला को 28 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ हिरासत में लिया गया था। जिससे पूछताछ में पता चला था कि ड्रग्स भतीजे काला उर्फ जयेन्द्र बुंदेला से लेकर आया था। काला बुंदेला का नाम सामने आने पर उसे भी आरोपी बनाया गया था, लेकिन काला फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये विशेष टीम बनाई गई थी। सवा माह की तलाश के बाद काला बुंदेला को गुजरात के द्वारका से गुरूवार को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। रात में उसे शिवशक्ति नगर स्थित घर ले जाया गया, जहां मादक पदार्थ के संबंध में तस्दीक की गई। इस दौरान उसका क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। बुंदेला गैंग के बदमाशों की क्षेत्र में दहशत भी बनी हुई थी। फिलहाल काला बुंदेला से प्रारंभिक पूछताछ में उसने मादक पदार्थ ड्रग्स राजस्थान के डग निवासी तस्कर अमजद लाला से लाना स्वीकार किया है। जो वर्तमान में फरार है। थाना प्रभारी के अनुसार ड्रग्स तस्करी में बुंदेला गैंग के छिग्गा उर्फ यशवेन्द्र बुंदेला भी शामिल है। जो राजस्थान के निम्बाहेडा पुलिस की गिरफ्त में अवैध हथियारों के साथ पकडा गया है।



### नीलगंगा पुलिस का फरार आरोपी काला

थाना प्रभारी कनोडिया के अनुसार काला बुंदेला के खिलाफ एक दर्जन से अधिक संगीन मामले शहर के थानों में दर्ज है। कुछ माह पहले काला बुंदेला ने नीलगंगा थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त मामले में भी फरार चल रहा था। चिमनगंज थाना पुलिस की गिरफ्त में आने पर नीलगंगा थाना पुलिस भी न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर बदमाश को पूछताछ के लिये अपने यहां दर्ज अपराध में पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लेगी।

# बाजार में खपाने निकला था नकली सिगरेट के पैकेट

### हिरासत में आये युवक से 500 पैकेट बरामद

**उज्जैन।** गोल्ड फैल्क कंपनी की नकली सिगरेट बाजार में खपाने निकले युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। युवक के पास से 500 पैकेट बरामद किये गये है। कंपनी के सुपरवाईजर की जांच के बाद मामले में युवक के खिलाफ कॉपी राईट एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि सर्कल भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि बाइक सवार एक युवक जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे नकली सिगरेट का बेग लेकर ख?ा है। जो बाजार में खपाने की फिराक में घूम रहा है। युवक की तलाश में जीरो पाइंट ब्रिज पहुंचकर उक्त युवक की पहचान कर उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की गई। युवक का नाम गोविंद पिता संतोष खींची निवासी ग्राम आक्या थाना बैरछा शाजापुर हाल मुकाम वर्माजी का कुआ पंवासा सामने आया। उसके पास से बैग में रखी गोल्ड फैल्क कंपनी की सिगरेट के संबंध में दस्तावेज मांगे गये। गोविंद दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। सिगरेट के असली और नकली की पहचान करने के लिये आईटीसी गोल्ड फैल्क कंपनी के सेल्स डिस्ट्रीब्यूटर महेश्वरी मार्केटिंग फ्रीगंज के सुपरवाइजर मुकेश बडोनिया से संपर्क किया गया और थाने बुलाया गया। जिसके आने पर सामने आया कि सिगरेट नकली है, जो हूबहू कंपनी के जैसी है। कंपनी के पैकेट और लेबल का उपयोग कर बाजार में नकली सिगरेट बेची जा रही है।

एसआई सालगराम चौहान के अनुसार नकली सिगरेट के 10 बॉक्स में भरे 500 पैकेट बरामद होने पर युवक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि सिगरेट कहां से लेकर आया था और कहां बेची है। युवक की बाइक और मोबाइल भी जप्त किया गया है।

### प्रशिक्षण शिविर का समापन

**उज्जैन।** जिला कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आजादी के बाद भारत के विकास और भारत गौरव यात्रा पर प्रमुखता से चर्चा की गई। विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने कहा कि 1947 में आजादी के बाद कांग्रेस ने देश की बागडोर संभाली और बड़े बांध, आईआईटी, इसरो, परमाणु अनुसंधान केंद्र और मेडिकल कॉलेज बनाकर आधुनिक भारत की नींव रखी। पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक, कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्रियों ने देश के विकास में अहम योगदान दिया। उन्होंने 70 साल की इस गौरव यात्रा में बांग्लादेश के निर्माण जैसे ऐतिहासिक कदमों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया।

# उडीसा से गांजा डिलेवरी करने बड़नगर आया था तस्कर

## पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, 1.29 लाख का जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गांजा डिलेवरी के लिये उडीसा से आये तस्कर को बडनगर थाना पुलिस ने घेराबंदी कर पकडा है। तस्कर के पास से 1.29 लाख का गांजा बरामद होने पर मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।



बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि गुरूवार रात खबर मिली कि पीथाखेडी हनुमान मंदिर के सामने रतलाम मार्ग पर जींस-टीशर्ट पहने एक व्यक्ति खडा है, जिसके पास बडी मात्रा में मादक पदार्थ है। उक्त व्यक्ति किसी को इंतजार कर रहा है। तत्काल एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य नारायण सरा और टीम के साथ घेराबंदी शुरू की गई। मौके पर पुलिस को आता देख एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसके पास बैग था। टीम ने पीछा कर उसे पकडा और बैग की तलाशी लगी गई। जिसमें प्लास्टिक की थैली में बंद मादक पदार्थ गांजा भरा होना सामने आया। उक्त युवक को थाने लाया गया और पूछताछ की गई तो उसका नाम अन्नत पिता निधी मलिक 23 साल डंगरपाडा थाना फिरिंग्या जिला कंधमाल उडीसा सामने आया। उसके पास से बरामद गांजा 1.29 लाख कीमत का 5 किलो 165 ग्राम था। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 का प्रकरण दर्ज किया गया और शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### ट्रेन से भोपाल तक आया था तस्कर

थाना प्रभारी के अनुसार उडीसा के गांजा तस्कर से पूछताछ में पता चला कि वह ट्रेन से भोपाल तक आया था, जहां से बस में सवार होकर इंदौर-उज्जैन होते हुए बडनगर तक पहुंचा था। पूर्व में भी गांजा डिलेवरी के लिये आ चुका था। उसे सिर्फ गांजे की डिलेवरी के लिये भेजा जाता है। गांजा लेने वाला खुद उसके पास तक आता है। जिसे पहचनाता नहीं है। थाना प्रभारी के अनुसार कस्बे में हो रही मादक पदार्थ की तस्करी में लगातार कार्रवाई जारी है। बडनगर में गांजा और मादक पदार्थ उडीसा, झारखंड के रास्ते आना सामने आ रहा है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामि कोयलान मोची रविदास सामाजिक कल्याण समिति कार्यालय म.नं. 68 श्रीकृष्ण कालोनी अंकपात मार्ग उज्जैन पंजीयन क्रमाक 07/33/01/08354/09 द्वारा अध्यक्ष संतोष वर्मा पिता श्री मुन्नालालजी वर्मा उम्र 50 वर्ष जाति गोची निवासी 126 श्रीकृष्ण कालोनी अंकपात मार्ग उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 1043/2 रकबा 0.0730 हेक्टर, सर्वे नंबर 1044/1/मिन-2 रकबा 0.010 हेक्टर व सर्वे नंबर 1045/1 रकबा 0.052 हेक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 0.135 हेक्टर भूमि कस्बा उज्जैन तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन पूर्व में -मीणा की भूमि, पश्चिम मे कन्हैयालाल भूतडा एवं आनंद बांगर की भूमि, उत्तर में अन्य की भूमि दक्षिण मे आम रास्ता हैं को मय जमीन तला व हवाई हक सहित कय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि 1 में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋ्रण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा दशा में आपत्ति की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक: 05-06-2026

**आशीष भदोरिया एडवोकेट**
**कार्यालय 2. द्रविड़ मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो. 99812-60727**

# विवेक बिना कैसा ज्ञान



योगशास्त्र के मतानुसार, आत्मा अविद्या के कारण प्रकृति के साथ संयुक्त हो गई है; प्रकृति के पंजे से छुटकारा पाना ही हमारा उद्देश्य है। यही सारे धर्मों का एकमात्र लक्ष्य है। प्रत्येक जीव अव्यक्त ब्रह्म है। बाह्य और अंत:प्रकृति को वशीभूत करके अपने इस ब्रह्म भाव को व्यक्त करना ही जीवन का लक्ष्य है। कर्म, उपासना, मन:संयम अथवा ज्ञान, इनमें से एक, एक से अधिक या सभी उपायों का सहारा लेकर अपने ब्रह्म भाव को व्यक्त करो और मुक्त हो जाओ। बस, यही धर्म का सर्वस्व है। मत, अनुष्ठान-पद्धति, शास्त्र, मंदिर अथवा अन्य बाह्य क्रिया-कलाप तो उसके गौण ब्योरे मात्र हैं। योगी मन:संयम द्वारा इस चरम लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयत्न करते हैं। जब तक हम प्रकृति के हाथ से अपना उद्धार नहीं कर लेते, तब तक गुलाम हैं; प्रकृति जैसा कहती है, हम उसी प्रकार चलने को लाचार होते हैं। योगी यह दावा करते हैं कि जो मन को वशीभूत कर सकते हैं, वे भूत को भी वशीभूत कर लेते हैं। अंत:प्रकृति बाह्य प्रकृति की अपेक्षा कहीं उच्चतर है और उस पर जय प्राप्त करना अत्यधिक कठिन है। इसीलिए जो अंत:प्रकृति को वशीभूत कर सकते हैं, सारा जगत उनके वशीभूत हो जाता है। वह उनका दास हो जाता है। राजयोग प्रकृति को इस तरह वश में लाने का उपाय दिखला देता है। हम बाह्य जगत में जिन शक्तियों के साथ परिचित हैं, उनकी अपेक्षा उच्चतर शक्तियों को वश में लाना पड़ेगा। यह शरीर मन का एक बाह्य आवरण मात्र है। शरीर व मन, दो अलग-अलग वस्तुएं नहीं हैं, वे सीप और उसके खोल के समान हैं। वे एक ही वस्तु की दो विभिन्न अवस्थाएं हैं। सीप के भीतर का जंतु बाहर से नाना प्रकार के उपादान लेकर उस खोल को तैयार करता है। उसी प्रकार मन नामक यह आंतरिक सूक्ष्म शक्ति समूह भी बाहर से स्थूल भूत को लेकर उससे इस शरीर रूपी ऊपरी खोल को तैयार कर रहा है। अतः हम यदि अंतर्जगत पर जय लाभ कर सकें, तो बाह्य जगत को जीतना आसान हो जाएगा। फिर, ये दोनों शक्तियां अलग-अलग नहीं हैं। ऐसी बात नहीं है कि कुछ शक्तियां भौतिक हैं और कुछ मानसिक। जैसे यह दृश्यमान भौतिक जगत सूक्ष्म जगत की स्थूल अभिव्यक्ति है, उसी प्रकार भौतिक शक्तियां भी सूक्ष्म शक्तियों की स्थूल अभिव्यक्ति मात्र हैं। समस्त साधना का यथार्थ लक्ष्य है- सद्-विवेक! यह जानना कि पुरुष जड़ पदार्थ नहीं है और मन भी नहीं। चूंकि वह प्रकृति भी नहीं है, इसलिए उसका किसी प्रकार का परिणाम असंभव है। केवल प्रकृति में परिवर्तन हो रहा है, उसी का सदैव संश्लेषण-विश्लेषण हो रहा है। जब निरंतर अभ्यास द्वारा हम विवेक लाभ करेंगे, तब अज्ञान चला जाएगा और पुरुष अपने स्वरूप में, अर्थात सर्वशक्तिमान के रूप में प्रतिष्ठित हो पाएगा।



सम्पादकीय

## स्वागत मानसून

मानसून भारत के लिए ताकत है, आधार है, इंतजार है और केरल में यह इंतजार पूरा हो गया है। तीन दिन की देरी से सही, गुरुवार 4 जून को मानसून ने भारत भूमि का स्पर्श कर लिया। आम तौर पर 1 जून को मानसून का पदार्पण हो जाता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान है, 15 जून तक मानसून आधे से ज्यादा भारत को नहला देगा और 30 जून से पहले ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंच जाएगा। बहरहाल, 23 मई से ही मानसून अरब सागर में ठिठका हुआ था और यहां कयास लगाए जा रहे थे कि इस साल बारिश कम होगी। सुपर अल नीनो का खतरा रहेगा। ऐसे में, मानसून के आने पर वैज्ञानिकों के लिए यह अध्ययन महत्वपूर्ण हो गया है कि इस बार बारिश कहां-कितनी होगी। जहां भारत में बारिश का इतिहास राज्य-दर-राज्य अलग रहा है, वहीं, कई बार सुपर अल नीनो का अनुमान भी गलत साबित हुआ है। भारत में लोग यही उम्मीद करेंगे कि इस बार भी सुपर अल नीनो जैसी कोई त्रासदी न घटित हो, खतरा किसी तरह से टल जाए। वैसे, मोटे तौर पर यही माना जा रहा है कि समग्रता में इस बार बारिश सामान्य से कम होगी, पर लोग भरपूर बारिश के लिए प्रार्थना, दुआ जरूर करेंगे।

अभी उन इलाकों में खुशी का माहौल है, जहां मानसून पहुंच गया है। संपूर्ण लक्षद्वीप, केरल, माहे, कर्नाटक और तमिलनाडु में बादल बरस रहे हैं। मंगलुरु, उदगमंडलम, कोडाइकनाल और थूथुकुडी को भी मानसून की खुशी नसीब हो चुकी है। अगले दो दिनों में मानसून पूरे गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु के अलावा महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के इलाकों में भी बरसने लगेगा। झारखंड, बिहार में 10 जून के बाद कभी भी मानसून प्रवेश कर सकता है, जबकि 20 जून से पहले मानसून उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर जाएगा। अनुमान यही है कि 8 जुलाई से पहले ही पूरे भारत में मानसून की वर्षा होने लगेगी। ध्यान रहे, विशाल भारत भूमि को पूरी तरह से कवर करने में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून को एक महीने का समय लग जाता है। वैसे, पिछले वर्ष मानसून 24 मई को ही केरल पहुंच गया था, अतः इस बार लगभग 8 दिन की देरी वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय होनी चाहिए। बीती 15 मई को मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंच जाएगा।

### 6 जून श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिन विशेष पर

# स्वराज्य के विचार का राज्याभिषेक

इतिहास में कुछ तिथियाँ केवल कैलेंडर के पन्नों पर अंकित दिन नहीं होतीं,वे राष्ट्र की चेतना में सदैव जीवित रहने वाली प्रेरणाएँ बन जाती हैं। ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी,6 जून 1674 का दिन भारतीय इतिहास की ऐसी ही एक अमर तिथि है,जब रायगढ़ की पवित्र धरती पर श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ। यह घटना किसी राजा के



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

सिंहासनारोहण का मात्र राजकीय आयोजन नहीं थी, बल्कि भारतीय स्वाभिमान,सांस्कृतिक अस्मिता और स्वाधीन शासन की उद्घोषणा थी। उस दिन एक व्यक्ति का नहीं,बल्कि स्वराज्य के विचार का राज्याभिषेक हुआ था।

सत्रहवीं शताब्दी का भारत राजनीतिक अस्थिरता,विदेशी प्रभुत्व और सामाजिक निराशा के दौर से गुजर रहा था। सत्ता का केंद्र जनता से दूर था और शासन का उद्देश्य लोककल्याण के बजाय साम्राज्य विस्तार बन चुका था। ऐसे समय में एक युवा ने यह स्वप्न देखने का साहस किया कि इस भूमि का शासन इसी भूमि के लोगों के हाथों में होना चाहिए। यह स्वप्न था-₹हिन्दवी स्वराज्य₹ का और उस स्वप्न के महान शिल्पकार थे श्री मंत छत्रपति शिवाजी महाराज। शिवाजी महाराज ने अपने जीवन की यात्रा किसी विशाल साम्राज्य के उत्तराधिकारी के रूप में नहीं,बल्कि संघर्षशील राष्ट्रनायक के रूप में प्रारंभ की थी। सीमित संसाधन,विपरीत परिस्थितियाँ और शक्तिशाली शत्रुओं के बीच उन्होंने जिस धैर्य,साहस और दूरदर्शिता का परिचय दिया,वह विश्व इतिहास में अद्वितीय है। उनके लिए सत्ता व्यक्तिगत वैभव का साधन नहीं,बल्कि जनकल्याण और राष्ट्ररक्षा का माध्यम थी। यही कारण है कि उनके प्रत्येक अभियान के पीछे विस्तारवाद नहीं,बल्कि स्वतंत्रता और सुरक्षा का उद्देश्य दिखाई देता है। लगभग तीन दशकों तक चले संघर्ष,संगठन और राष्ट्रनिर्माण के पश्चात जब स्वराज्य एक सुदृढ़ शक्ति के रूप में स्थापित हो गया,तब राज्याभिषेक की आवश्यकता अनुभव की गई। यह केवल धार्मिक या परंपरागत प्रक्रिया नहीं थी,बल्कि एक राजनीतिक घोषणा थी कि यह राज्य किसी साम्राज्य की जागीर नहीं,बल्कि एक



स्वतंत्र और सार्वभौम सत्ता है। रायगढ़ का दुर्ग उस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना,जब भारतीय आत्मविश्वास ने पुनःअपना मस्तक ऊँचा किया। राज्याभिषेक समारोह की भव्यता जितनी आकर्षक थी,उससे कहीं अधिक उसका वैचारिक महत्व था। ₹सदियों बाद किसी भारतीय शासक ने पूर्ण वैदिक परंपरा के अनुसार स्वयं को स्वतंत्र सम्राट घोषित किया था।₹यह घटना उस मानसिक गुलामी के विरुद्ध भी थी,जिसने समाज को यह विश्वास दिला दिया था कि विदेशी शासन ही उसकी नियति है। श्री शिवाजी महाराज ने अपने राज्याभिषेक के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वराज्य केवल राजनीतिक व्यवस्था नहीं,बल्कि आत्मसम्मान की अवस्था है।

रायगढ़ में आयोजित यह समारोह भारतीय संस्कृति की जीवंतता और सामाजिक सहभागिता का अनुपम उदाहरण था। देश के विभिन्न क्षेत्रों से

वद्वान,संत,धमार्चार्य,योद्धा और आम जनता के साथ जनप्रतिनिधि इसमें सम्मिलित हुए। यह आयोजन किसी एक क्षेत्र या समुदाय का नहीं,बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की आकांक्षाओं का उत्सव बन गया। राज्याभिषेक के उपरांत दान,दक्षिणा और लोकहित के कार्यों पर जो बल दिया गया,वह शिवाजी महाराज की जनोन्मुखी शासन दृष्टि को स्पष्ट करता है। आज जब हम श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस को स्मरण करते हैं,तो हमें केवल उसके ऐतिहासिक वैभव को नहीं देखना चाहिए,बल्कि उसके मूल संदेश को समझना चाहिए। श्री शिवाजी महाराज का जीवन बताता है कि राष्ट्र का निर्माण केवल तलवार की शक्ति से नहीं,बल्कि चरित्र,संगठन,न्याय और जनविश्वास से होता है। उन्होंने अपने शासन में धर्म को आस्था का विषय बनाया,शासन का उपकरण नहीं। उन्होंने महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी,किसानों को संरक्षण दिया,प्रशासन को जवाबदेह बनाया और सुरक्षा को राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी माना। वर्तमान समय में जब नेतृत्व के मूल्य, प्रशासनिक नैतिकता और राष्ट्रीय दायित्व पर निरंतर चर्चा होती है,तब शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व एक आदर्श उदाहरण बनकर सामने आता है।

यह राज्याभिषेक हमें याद दिलाता है कि सत्ता का वास्तविक अर्थ सेवा है,अधिकार का वास्तविक उद्देश्य संरक्षण है और नेतृत्व का वास्तविक स्वरूप त्याग एवं उत्तरदायित्व है।₹यह भी विचारणीय है कि राज्याभिषेक केवल अतीत की गौरवगाथा बनकर न रह जाए।₹यदि हम वास्तव में इस दिवस का सम्मान करना चाहते हैं,तो हमें शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन और समाज में उतारना होगा। स्वराज्य का अर्थ केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं,बल्कि आत्मनिर्भरता,आत्मसम्मान और आत्मअनुशासन भी है। जिस राष्ट्र के नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होते हैं,वही राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है।श्री छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है,जिसने पराधीनता के अंधकार में आत्मविश्वास का दीप प्रज्वलित किया। यह घटना हमें स्मरण कराती है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी विपरीत क्यों न हों,यदि नेतृत्व में दूरदृष्टि,समाज में एकता और लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा हो,तो इतिहास की दिशा बदली जा सकती है।आज,राज्याभिषेक दिवस पर हम केवल एक महान राजा को स्मरण नहीं करते,बल्कि उस विचार को नमन करते हैं जिसने भारत को स्वराज्य का मंत्र दिया। रायगढ़ की वह ऐतिहासिक गूँज आज भी हमें पुकारती है कि राष्ट्र निर्माण का कार्य कभी समाप्त नहीं होता। प्रत्येक पीढ़ी को अपने समय में स्वराज्य के मूल्यों की रक्षा करनी होती है।

वास्तव में,6 जून 1674 का राज्याभिषेक केवल शिवाजी महाराज के मस्तक पर मुकुट धारण करने का क्षण नहीं था,वह भारत के स्वाभिमान, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का महोत्सव था। यही कारण है कि ₹तीन शताब्दियों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह दिवस भारतीय जनमानस में प्रेरणा,गौरव और राष्ट्रभक्ति का अमिट प्रतीक बना हुआ है।

## बिना रीढ़ की राजनीति

तिलचट्टा यानी काकरोच इस ब्रह्मांड का वो इकलौता प्राणी है जो परमाणु बम फटने के बाद भी चाय की टपरी पर बिस्कुट डुबोकर खा सकता है। हमारे मोहल्ले के लल्लन बाबू आजकल राजनीति के नए खलीफा बने घूम रहे हैं, पर उनका भौकाल बिल्कुल उसी काकरोच जैसा है। जब तक चप्पल न पड़े, तब तक वो खुद को डायनासोर का फूफा ही समझते हैं। लल्लन बाबू ने करियर की शुरूआत ग्राउंड जीरो से की थी, मतलब सचमुच जमीन खोदकर। उन्होंने कब्रिस्तान में वीआईपी गड्ढे खोदने का ऐसा स्टार्टअप चालू किया कि देखते-देखते वो साइकिल से सीधे फॉर्च्यूनर पर लैंड कर गए। मोहल्ले वाले कहते हैं कि नेताजी मुर्दों की छाती पर मक्के की खेती कर लेते हैं। एक दिन जब मैंने उनसे पूछा कि नेताजी, इस तरक्की का सीक्रेट क्या है, तो उन्होंने मूंछों पर ताव देकर कहा, बाबू, जिंदा इंसान तो केवल वोट देता है, पर असली नोट तो सोया हुआ आदमी देता है। राजनीति और कब्रिस्तान में ज्यादा फर्क नहीं है, दोनों जगह लोग दूसरों को दफनाने के चक्कर में खुद की कुर्सी पक्की करते हैं। लल्लन बाबू का पूरा खानदान इस बिजनेस में एकदम प्रो-मैक्स लेवल पर एक्टिव था। उनके बाबूजी दिन-रात बैठकर कफन सीने का नेशनल ठेका संभाले हुए थे। वो कफन में भी ऐसी बढ़िया पॉकेट सिलते थे कि मुर्दा चाहे तो यमराज को रिश्वत रास्ते में ही सेट कर ले। अम्मा का जलवा अलग ही था, वो शवों पर चढ़ाने वाले गेंदे के फूलों के हार ऐसे चालाकी से बनाती थीं कि एक ही हार को तीन अलग-अलग जनाजों में रीसायकल कर देती थीं। जब बाबूजी कहते, अरे भाग्यवान, थोड़ा नया फूल भी डाल दिया करो, तो अम्मा तपाक से जवाब देतीं, चुप रहिए जी, मुर्दे को कौन सा इत्र सूंघना है, वैसे भी खुशबू तो नोटों की अच्छी होती है। इधर अपनी नेताइन भी कुछ कम नहीं थीं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 जून 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:07
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - षष्ठी 02:41 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - श्रवण 06:03 उपरांत धनिष्ठा
योग - ऐन्द्र 10:04 उपरांत वैधृति
करण - गर
चन्द्रमा - मकर में है। 19:04 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।

**मेष-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं होगा। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा।

**वृषभ-** नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा।

**मिथुन-** आज घरेलू काम में गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या-** झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। लाभ होगा।

**तुला-** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**वृश्चिक-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**धनु-** व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। लाभ होगा। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी।

**मकर-** राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कुंभ-** बुद्धि का प्रयोग करें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा।

**मीन-** नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे। भाग्य अनुकूल है, जल्दबाजी न करें।

समसामयिक

## हिंदवी स्वराज्य और शिव-राज्याभिषेक

शिवराज्याभिषेक दिवस भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जो मात्र एक सम्राट के राजतिलक का उत्सव नहीं, अपितु विदेशी पराधीनता की कटीली जंजीरों के विरुद्ध राष्ट्र के स्वाभिमान, शाश्वत



प्रो विशाला शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

न्याय और लोक-कल्याणकारी सुशासन के उदय का पावन शंखनाद है। सन 1674 की वह ऐतिहासिक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी, जब दुर्गराज रायगढ़ की प्राचीरें छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की साक्षी बनीं, वास्तव में काल के कपाल पर अंकित एक युगपरिवर्तनीय क्षण था।इसी पावन बेला में 'हिंदवी स्वराज्य' की दिव्य संकल्पना ने एक संप्रभु और अखंड राष्ट्र के रूप में आकार लिया, जिसने सदियों की अंधियारी दासता को चीरकर स्वतंत्रता के एक नए स्वर्णिम युग का सूत्रपात किया। न्याय और धर्म की स्थापना और अपने राज्य को एक स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दिलाने हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज ने संपूर्ण जीवन पर्यन्त प्रयास किया । आपका अवतरण उस युग की महती आवश्यकता था, जब विदेशी आक्रांताओं और आदिलशाही-कुतुबशाही सुल्तानों के अत्याचारों से त्रस्त होकर संपूर्ण वसुंधरा कराह रही थी।

उन्होंने मुगलों की क्रूर नीतियों और धार्मिक कट्टरता को पराजित कर सनातन संस्कृति, संतों और मंदिरों की रक्षा की और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का शंखनाद किया ।उनके स्वराज्य में न्याय केवल शक्तिशालियों के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए भी सुलभ था।युगप्रवर्तक छत्रपति शिवाजी महाराज के हृदय में अपनी प्रजा के प्रति शासक का नहीं, अपितु एक वात्सल्यमयी पिता का भाव था।उनके साम्राज्य में 'रैयत' केवल जनमानस नहीं, बल्कि उनकी अपनी संतान थी; जहाँ कृषकों का पसीना, व्यापारियों की समृद्धि और महिलाओं का स्वाभिमान राज्य की संप्रभुता के सर्वोच्च स्तंभ थे। जन-कल्याण और लोक-हित के प्रति उनकी यही निष्ठा आज भी संपूर्ण विश्व में एक आदर्श शासक के रूप में वंदनीय है।

उनका अनुशासन ऐसा था कि रणचंडी के आह्वान पर भी सैनिकों को नीति का पाठ स्मरण रहता था युद्ध की विभीषिका में भी हरी-भरी फसलें अक्षुण्ण रहती थीं ।और शत्रु पक्ष की भी महिलाएँ व बालक पूर्णतः सुरक्षित और सम्मानित थे। नर्तकी या दासी को ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध थे। युद्ध के दौरान धार्मिक स्थलों को हाथ भी नहीं लगाया जाता था ।जब प्रकृति ने सूखे और अकाल का वज्रपात किया, महाराज ने प्रजा पर करों का बोझ लादने के बजाय उनके आँसू पोंछे ,किसानों को लगान मुक्त किए और उन्हें नव-जीवन देने के लिए बीज व बैल निःशुल्क उपलब्ध कराए। वे केवल भूमि के विजेता नहीं, अपितु कोटि-कोटि हृदयों के अधिपति थे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन केवल युद्धों और विजयों की गाथा नहीं है, बल्कि यह एक लोक-कल्याणकारी, न्यायप्रिय और दूरदर्शी शासन व्यवस्था का स्वर्णिम दस्तावेज है। उनका 'हिंदवी स्वराज्य' केवल एक राजनीतिक सत्ता नहीं, बल्कि स्वाभिमान, राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का एक जीवंत महाकाव्य था। उनकी इस गौरवशाली प्रशासनिक और रणनीतिक यात्रा में कार्यकुशलता के लिए उन्होंने आठ मंत्रियों की एक परिषद बनाई, जिसे 'अष्टप्रधान मंडल' कहा जाता था। यह आधुनिक कैबिनेट व्यवस्था का शुरूआती रूप था।


जागीरदारी प्रथा को समाप्त कर अधिकारियों को नकद वेतन देने की शुरूआत की, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी।उन्होंने न केवल अभेद्य किलों का निर्माण किया, बल्कि भारत की पहली आधुनिक नौसेन भी खड़ी की, जिसके कारण उन्हें 'भारतीय नौसेना का जनक' कहा जाता है।महाराज का लक्ष्य किसी एक संप्रदाय का राज्य स्थापित करना नहीं, बल्कि इस भूमि के मूल निवासियों को अपनी नियति खुद तय करने का अधिकार देना था।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण है गहरी सांस लेने की आदत

प्रकृति ने सेल्यूलर सिस्टम की एनर्जी लेवल बढ़ाने व लिम्फ सिस्टम को क्लीन करने की एक अद्भुत व्यवस्था हमारे भीतर प्रदान की हुई है और वह है डीप ब्रीदिग यानि गहरी सांस लेना , इस अभ्यास से लिम्फ सिस्टम को क्लीन करके कोई भी व्यक्ति अपने भीतर नेचुरल इम्यूनिटी को पैदा कर सकता है।

डीप ब्रीदिग प्राणायाम का एक हिस्सा है जिसके तहत जो लोग कोरोना एन्गजाईटि के कारण भयभीत होकर अपनी इम्यूनिटी को कम कर चुके है वह डीप ब्रीदिग कर-के अपने भीतर अपने लिम्फ सिस्टम की सफाई करके नेचुरल इम्यूनिटी को तैयार कर सकते है।

जब हमारा हृदय खून को पम्प करता है उसमें दो चीजे पायी जाती हैं। एक आक्सीजन व दूसरा न्यूट्रिएंट्स यानि खाद्य तत्व जिसे खाकर हमारे सेल्स मजबूत रहते हैं। दूसरा आक्सीजन जिससे सेल्स जीवित रहते है। यह खून आकसीजन व न्यूट्रिएंट्स



को लेकर जाता है जहां लिम्फ है । यहा आकर आक्सीजन व न्यूट्रिएंट्स को डिफ्यूज्ड हो जाते है।

यह लिम्फ फल्इड हमारे सेल्स के चारो तरफ होता है। इस एन्वायरमैंट में आकर सेल्स न्यूट्रिएंट्स व आक्सीजन से सम्बन्ध बनाता है जो उसके लिए बनी है । सेल आक्सीजन भी लेता है व न्यूट्रिएंट्स भी लेता है । न्यूट्रिएंट्स से सेल स्ट्रोंग रहता है और आक्सीजन से सेल जीवित रहता है।

इसे ऐसे समझा जा सकता है जिस प्रकार पेट भरने के लिए हम भोजन करते है फिर भोजन के अवशेष को अगली सुबह एक्स्क्रेट कर देते है इसी प्रकार सेल आक्सीजन व न्यूट्रिएंट्स ग्रहण करता है और टाक्सिन को बाहर निकाल देता है । उसमे से कुछ टाक्सिन लिम्फ मे रूके रहते है जिसकी क्लीन होना सेल्यूलर सिस्टम की एनर्जी के लिए आवश्यक होता है। इस लिम्फ को जितना हम क्लीन रख सकेगे उतना ही हम अपनी प्राकृतिक इम्यूनिटी को मजबूत करेंगे । हमारे सांसे हमारी सेल्यूलर एनर्जी बढेगी । डीप ब्रीदिग योग की ऐसी टेक्नीक है जो हमारे सेल्यूलर सिस्टम को मजबूती देता है।

धर्म-आस्था

# रावण वध उपरान्त दशरथजी का श्रीराम-लक्ष्मण-सीता को आदेश एवं उपदेश

श्रीरघुनाथजी द्वारा रावण वध उपरान्त उनके शुभ वचनों को सुनकर महादेवजी बोले- शत्रुओं को संताप देने वाले विशाल वक्षःस्थल से सुशोभित, महाबाहु, कमलनयन! आप धर्मात्माओं में श्रेष्ठ है। आपने रावण का वध कर जो कार्य सम्पन्न कर दिया, यह बड़े सौभाग्य की बात है।

दिष्ट्या सर्वस्य लोकस्य प्रवृद्धं दारुणं तमः।



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

अपवृत्तं त्वया संख्ये राम रावणजं भयम।।

वाल्मीकिरामायण युद्धकाण्ड सर्ग 119-3

श्रीराम! रावणजनित भय और दुःख सम्पूर्ण लोकों के लिए बढ़े हुए घोर अन्धकार के समान था, जिसे आपने युद्ध में मिटा दिया।

महाबली वीर! अब दुःखी भरत को धीरज बँधाकर, यशस्विनी कौसल्या, कैकेयी तथा लक्ष्मण जननी सुमित्रा से मिलकर अयोध्या का राज्य पाकर सुहृदों को आनन्द देकर, इक्ष्वाकुकुल में अपना वंश स्थापित करके अध्वमेध-यज्ञ का अनुष्ठान कर, सर्वोत्तम यश का उपार्जन करके तथा ब्राह्मणों को धन देकर आपको अपने परमधाम में जाना चाहिए।

ककुत्स्थ कुल नन्दन! देखिय ये आपके पिता राजा दशरथ विमान पर बैठे हुए हैं। मनुष्य लोक में ये ही आपके यशस्वी गुरु थे। ये श्रीमान राजा इन्द्रलोक को प्राप्त हुए हैं। आप जैसे सुपुत्र ने इन्हें तार दिया। आप भाई लक्ष्मण के साथ इन्हें नमस्कार करें।महादेवजी की यह बात सुनकर लक्ष्मण सहित श्री रघुनाथजी ने विमान में उच्च स्थान पर बैठे हुए अपने पिताजी को प्रणाम किया। भाई लक्ष्मण सहित भगवान्‌ श्रीराम ने पिताजी को अच्छी तरह देखा। वे निर्मल वस्त्र धारण करके अपनी दिव्य शोभा से देदीप्यवान थे।

हर्षेण महताऽऽविष्टो विमानस्थो महीपतिः।
प्राणैः प्रियतरं दृष्ट्वा पुत्रं दशरथस्तदा।।
वाल्मीकि रामायण युद्धकाण्ड सर्ग 119-11

विमान पर बैठे हुए महाराज दशरथ अपने प्राणों से भी प्यारे पुत्र श्रीराम को देखकर बहुत प्रसन्न हुए। श्रेष्ठ आसन पर विराजित हुए उन महाबाहु नरेश ने उन्हें गोद में बैठाकर दोनों बाहों में भर लिया और इस प्रकार कहा- राम! मैं तुमसे सच कहता हूँ, तुमसे विलग होकर मुझे स्वर्ग का सुख तथा देवताओं द्वारा प्राप्त हुआ सम्मान भी अच्छा नहीं लगता। आज तुम शत्रुओं का वध करके पूर्ण मनोरथ हो गए और तुमने वनवास की अवधि भी पूरी कर ली, यह सब देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई है। वक्ताओं में श्रेष्ठ रघुनन्दन! तुम्हें वन में भेजने के लिए कैकेयी ने जो-जो बात कही थी, वे सब आज भी मेरे हृदय में बैठी हुई है। आज लक्ष्मण सहित तुमको सकुशल देखकर ओर हृदय से लगाकर में समस्त दुःखों से छुटकारा पा गया हूँ। ठीक उसी तरह जैसे चन्द्रमा कुहरे से निकल आए हो। बेटा! जैसे अष्टावक्र ने अपने धर्मात्मा पिता कहोल नामक ब्राह्मण को तार दिया था, वैसे ही तुम जैसे महात्मा पुत्र ने मेरा उद्धार कर दिया।

इदानीं च विजानामि यथा सौम्य सुरेश्वरैः।
वधार्थं रावणस्येह विहितं पुरुषोत्तमम।।
वाल्मीकिरामायण युद्धकाण्ड सर्ग 119-18

सौम्य! आज इन देवताओं के द्वारा मुझे ज्ञात हुआ कि रावण का वध करने के लिए स्वयं पुरुषोत्तम भगवान ही तुम्हारे रूप में अवतीर्ण हुए हैं।

श्रीराम, कौसल्या का जीवन सार्थक है जो वन से लौटने पर तुम जैसे शत्रु सूदन वीर पुत्र को अपने घर में हर्ष और उल्लास के साथ देखेगा। रघुनन्दन! वे प्रजाजन भी कृतार्थ हैं जो अयोध्या पहुँचने पर तुम्हें राज्य सिंहासन पर भूमिपाल के रूप में अभिषिक्त होते देखेंगे। भरत बड़ा ही धर्मात्मा पवित्र और बलवान है, वह तुममें सच्चा अनुराग रखता है। मैं उसके साथ तुम्हारा शीघ्र ही मिलन देखना चाहता हूँ। सौम्य! तुमने मेरी प्रसन्नता के लिए लक्ष्मण और सीता के साथ रहते हुए वन में चौदह वर्ष व्यतीत किए। अब तुम्हारे वनवास की अवधि पूर्ण हो गई है। मेरी प्रतिज्ञा भी तुमने पूर्ण कर दी तथा संग्राम में रावण को वध कर देवताओं को भी सन्तुष्ट कर दिया। अब तुम भाइयों के साथ राज्य पर प्रतिष्ठित होकर दीर्घ आयु प्राप्त करो। जब राजा इस प्रकार कह चुके तब श्रीरामचन्द्रजी हाथ जोड़कर उनसे बोले- धर्मज्ञ महाराज! आप कैकेयी और भरत पर प्रसन्न हो, उन दोनों पर कृपा करें।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,300 चांदी-टंच- 2,51,100 पाट- 2,50,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास


**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



आगर में प्री-मानसून की तेज बारिश

## सड़कों पर बहा पानी, नालियां साफ करने पहुंचे नगरपालिका कर्मचारी

**आगर मालवा।** आगर-मालवा जिले में शुक्रवार सुबह प्री-मानसून की तेज बारिश हुई। करीब आधे घंटे तक हुई इस बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद सड़कों पर पानी बह निकला, वहीं आसमान में काले बादल छाए रहने से दिनभर और बारिश की संभावना बनी हुई है। गुरुवार देर रात भी रुक-रुक कर हल्की बारिश का दौर चलता रहा था। शुक्रवार सुबह अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे दिन की शुरूआत सुहावने मौसम के साथ हुई। बारिश के चलते शहर की कई सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था की खामियां सामने आईं। कुछ क्षेत्रों में नालियां जाम होने से पानी की निकासी प्रभावित हुई। सूचना मिलने पर नगरपालिका के सफाईकर्मी मौके पर पहुंचे और नालों तथा नालियों की सफाई कर पानी की निकासी को सुचारु किया। मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय हैं। आसमान में बादल छाए रहने और वातावरण में नमी बढ़ने के कारण दिन में भी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम में आई इस नरमी से किसानों और आमजन दोनों को राहत मिली है।

डीआईजी ने सिंहस्थ ड्यूटी को महाकाल की सेवा बताया

## 62 पुलिसकर्मियों को भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण, श्रद्धालुओं से सौम्य व्यवहार पर जोर



**देवास।** सिंहस्थ की तैयारियों के मद्देनजर देवास में गुरुवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में हुए इस सत्र में उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन ने जवानों को संबोधित किया। उन्होंने सिंहस्थ ड्यूटी के महत्व और पुलिस के व्यवहार की भूमिका पर जोर दिया। डीआईजी भसीन ने कहा कि सिंहस्थ में ड्यूटी करना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि महाकाल की सेवा का अवसर है, जो हर किसी को नहीं मिलता। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे कोई पुलिसकर्मी उज्जैन के घाटों पर तैनात हो या देवास की सीमा पर, सभी की जिम्मेदारी समान है। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ के दौरान देवास मार्ग से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुजरेंगे, जिससे यह केवल उज्जैन ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी बन जाती है। भसीन ने पुलिसकर्मियों के व्यवहार को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं से विनम्रता और संवेदनशीलता के साथ पेश आएं, ताकि वे यहां से अच्छी यादें और पुलिस के प्रति सम्मान लेकर जाएं। डीआईजी ने कहा कि पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि लोग जाते समय उनके लिए दुआएं दें।

बदनावर में 15 करोड़ के आईटीआई कॉलेज का भूमिपूजन

## 6 ट्रेड वर्कशॉप बनाए जाएंगे, 30-30 सीटर गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल बनेंगे



**बदनावर।** बदनावर में 15 करोड़ की लागत से बनने वाले आईटीआई कॉलेज भवन का भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम तिलगारा में गुरुवार को पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रेमसिंह दत्तीगांव की जयंती के अवसर पर रखा गया। तिलगारा आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य सुमित ग्वाला ने बताया कि वर्तमान में सिर्फ सरकारी स्कूल भवन में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड का एक वर्कशॉप चल रहा है। नया भवन बनने के बाद छात्रों को कई आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। नए भवन में इलेक्ट्रिशियन, फैशन डिजाइनिंग, मशीनरी सहित कुल छह ट्रेड वर्कशॉप बनाए जाएंगे, जहां आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध होंगे। छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए रहने और भोजन की व्यवस्था के साथ 30-30 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन का निर्माण होगा। परिसर में स्टाफ के लिए एक एफ-टाइप, दो एच-टाइप और चार आई-टाइप सहित कुल सात आवासीय क्वार्टर भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही, कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तिलगारा के करीब 82 लाख रुपए की लागत वाले अन्य विभिन्न विकास कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया और इस मौके पर पौधारोपण भी किया गया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि बदनावर क्षेत्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम मित्रा पार्क को क्षेत्र की आर्थिक स्थिति बदलने वाला एक महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए कहा कि यह पार्क युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा आधार बनेगा। इससे हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

रेकी के लिए महिलाओं का इस्तेमाल करता था चोर गिरोह

# सूने मकानों को निशाना बनाते थे, 12 लाख का सामान बरामद पुलिस ने किया पर्दाफाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाने वाले एक शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी सहित करीब 12 लाख रुपये का चोरी का सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद की गई है। मामले का खुलासा गुरुवार को पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने प्रेस वार्ता में किया।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह रेकी के दौरान महिलाओं को साथ रखता था ताकि किसी को उन पर शक न हो। बरामद सामान में डायमंड मंगलसूत्र, डायमंड ईयररिंग, घड़ियां, लैपटॉप और नकदी शामिल है।

### अलग-अलग इलकों में दिया था अंजाम

एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि पहली चोरी 27 मई को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई थी। फरियादी आदेश कुमार अपने परिवार के साथ जबलपुर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी के लॉकर से डायमंड मंगलसूत्र, डायमंड ईयररिंग, घड़ी और नकदी चोरी कर ली थी।

दूसरी वारदात 31 मई को कर्मचारी कॉलोनी क्षेत्र में हुई। यहां भी परिवार ईद मनाने उज्जैन गया हुआ था। सूने मकान का फायदा उठाकर आरोपियों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, लैपटॉप सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। इस संबंध में कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था।

### सीसीटीवी खंगाले तो आरोपियों की पहचान हुई

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी श्यामचंद शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थलों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान आरोपियों को एक ही चार पहिया वाहन का उपयोग करते हुए देखा गया, जिससे गिरोह की पहचान हुई।

सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी जयंत मीणा (19 वर्ष), आकाश तथा दो महिला आरोपियों चेतना सोलंकी और चिंकी उर्फ प्रिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी जयंत मीणा के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि आरोपी आकाश पर करीब 15 अपराध दर्ज बताए गए हैं।

### चोरी एक ही वाहन का इस्तेमाल

पूछताछ में आरोपियों ने दोनों चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने पांच से छह दिनों के भीतर तीन चोरियां की थीं, जिनमें से फिलहाल दो चोरियों का खुलासा किया गया है। वारदातों में एक ही वाहन का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने महज सात दिनों के भीतर मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर चोरी गया पूरा मशरूका तथा घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया।

### महिलाओं की थी अहम भूमिका

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह जब रेकी करता था, तब उनके साथ महिलाएं कार में बैठती थीं। वारदात के दौरान भी महिलाओं को वाहन में साथ रखा जाता था ताकि किसी को शक न हो और पुलिस की नजर से बचा जा सके। इसी रणनीति के तहत गिरोह चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि उनका अन्य जिलों में हुई चोरी की वारदातों से कोई संबंध है या नहीं।

महाकाल इलेवन ने दत्तीगांव ट्रॉफी जीती

# बदनावर में रोमांचक फाइनल, दत्तीगांव ने की अगले वर्ष बड़े आयोजन की घोषणा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर



बदनावर के शासकीय नंदराम चौपड़ा विद्यालय खेल मैदान पर गुरुवार रात रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट ₹दत्तीगांव ट्रॉफी 2026₹ का समापन हुआ। महांकाल इलेवन बालोदा ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में प्रथम एग्रो एजेंसी बदनावर को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इस दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक मौजूद थे, और जीत के बाद मैदान आतिशबाजी व जश्न से गूंज उठा।

फाइनल मुकाबला महांकाल इलेवन बालोदा और प्रथम एग्रो एजेंसी बदनावर के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव और वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाषचंद्र धोका की उपस्थिति में टॉस हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महांकाल इलेवन बालोदा ने निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 156 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जवाब में, प्रथम एग्रो एजेंसी बदनावर की टीम 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना सकी। इस प्रकार, महांकाल इलेवन बालोदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह मुकाबला अपने नाम कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

समापन समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव मुख्य अतिथि थे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाषचंद्र धोका ने की। इस अवसर पर रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी अंबालाल रवाला तिरला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार एवं सुनील मोदी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सराफ सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने अगले वर्ष इस टूर्नामेंट को और बड़े स्तर पर आयोजित करने की घोषणा की।

यूथ स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष संतोष राव और आयोजन समिति के पंकज ठाकुर, विजय गोयल, चेतन प्रजापत, संदीप पाटीदार, राजा माली, बलदेव गुर्जर, हेमराज भाटी सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र की प्रतिभावान कबड्डी खिलाड़ियों साक्षी राजावत, कशिश प्रजापत, वेदिका पाटीदार, प्रिया पाटीदार, अन्वेशा सेन, मधु सिर्वी एवं आकांक्षा गामड़ को भी सम्मानित किया गया।

## जहां कचरे के ढेर थे, अब वहां हरियाली लहलहा रही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अकोदिया

विश्व पर्यावरण दिवस पर जब पर्यावरण संरक्षण की बातें हो रही हैं, तब शाजापुर जिले के सिमरोल गांव की कहानी बताती है कि बदलाव केवल सरकारी योजनाओं से नहीं आता। यह लोगों के संकल्प से भी आता है। यह कहानी करीब 100 ऐसे युवाओं की है, जिन्होंने अपने गांव की पहचान बदलने का बीड़ा उठाया। उन्होंने एक ऐसी जगह को जीवंत किया, जहां कभी गंदगी, कूड़े के ढेर और कंटीली झाड़ियों के अलावा कुछ नजर नहीं आता था।

करीब 10 वर्ष पहले गांव की प्रमुख चौपाल और धार्मिक स्थल दूध तलाई की पाल की स्थिति बेहद खराब थी। पाल पर 150 से अधिक कूड़े के ढेर पड़े रहते थे। चारों ओर फैली गंदगी गांव की सामाजिक छवि पर भी सवाल खड़े करती थी। ऐसे समय में गांव के युवाओं ने इसे अपनी प्रतिष्ठा का विषय बनाया। उन्होंने स्वच्छता व हरियाली के अभियान की शुरूआत कर दी। इस अभियान की अगुवाई गांव के युवा विकास परमार ने की। उन्होंने युवाओं की टोली बनाई। उन्होंने हाथों में फावड़े व तगारी लेकर सफाई अभियान शुरू किया। सबसे पहले अतिक्रमण हटाया गया। फिर वर्षों से जमा कचरा साफ किया गया। इसके बाद पौधारोपण कर पूरे क्षेत्र को हराभरा बनाने की मुहिम शुरू हुई। जनसहयोग से करीब तीन लाख रुपए एकत्रित किए गए। सिंगाजी महाराज मंदिर के सामने स्थित तलाई को गहरा करवाया गया।



## उज्जैन रोड पर हल्की बारिश से लगा जाम घंटों परेशान होते रहे यात्री

**देवास।** देवास में उज्जैन रोड पर चल रहा निर्माण कार्य शुक्रवार को सुबह हुई हल्की बारिश के बाद लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया। सड़क पर कीचड़ और फिसलन बढ़ने से कई वाहन बीच रास्ते में फंस गए, जिससे घंटों लंबा जाम लगा रहा। वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। जाम की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने की कोशिश कर रही है। इस जाम के कारण कुछ वाहन एक से दो घंटे तक सड़क पर ही फंसे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह से ही मार्ग पर यातायात बाधित होना शुरू हो गया था। कीचड़ के कारण वाहन धीमी गति से आगे बढ़ रहे थे, जबकि कई वाहनों को निकलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। जाम में यात्री बसों के साथ-साथ निजी वाहन भी फंसे रहे, जिनमें परिवार के साथ यात्रा कर रहे लोग भी शामिल थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था सुचारू करने का प्रयास किया। हालांकि, सड़क पर अत्यधिक कीचड़ और वाहनों के लगातार फंसने के कारण स्थिति सामान्य होने में काफी समय लगा। इस जाम के चलते यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

## बगलामुखी हवन को बताया 'मिर्ची हवन', भ्रामक प्रचार की शिकायत दर्ज

**नलखेड़ा।** नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर के नाम पर सोशल मीडिया पर हो रहे भ्रामक प्रचार के खिलाफ मंदिर प्रबंध समिति ने शिकायत की है। समिति ने चार सोशल मीडिया अकाउंट्स के विरुद्ध नलखेड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।



मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार, कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स मां बगलामुखी मंदिर के नाम और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे बगलामुखी हवन को ₹मिर्ची हवन₹ बताकर प्रचारित कर रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं में भ्रम फैल रहा है और मंदिर की छवि भी प्रभावित हो रही है। समिति ने अपनी शिकायत के साथ संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स के यूआरएल लिंक और अन्य आवश्यक साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे हैं। प्रबंध समिति ने स्पष्ट किया है कि मंदिर परिसर में मिर्ची हवन प्रतिबंधित है और इसकी अनुमति नहीं दी जाती है। मंदिर के नाम का उपयोग कर ऐसी भ्रामक और असत्य जानकारी प्रसारित करना गलत और दंडनीय अपराध है। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मंदिर से संबंधित किसी भी जानकारी की पुष्टि केवल मंदिर प्रबंध समिति के अधिकृत माध्यमों या कार्यालय से ही करें। साथ ही, सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अप्रमाणित और भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहने का आग्रह किया गया है।

### जाहिर सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि खसरा नंबर 79/1 कुल रकबा 1.3300 हेक्टेयर में से 1.330 हेक्टेयर, 79/2 कुल रकबा 1.3200 हेक्टेयर में से 1.320 हेक्टेयर , 80/1 कुल रकबा 1.2000 हेक्टेयर में से 1.200 हेक्टेयर स्थित ग्राम असावता , तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश, (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक बापुसिंह पिता गब्बूसिंह , बापुसिंह पिता गब्बूसिंह , छतरसिंह पिता करणसिंह, जाति - राजपूत निवासी ग्राम असावता , तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडवोकेट**
**बड़नगर, जिला उज्जैन मो 9826562344**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार नितेश भाटिया पिता नरेश भाटिया, निवासी 8/7 चंद्रशेखर आजाद मार्ग उज्जैन के द्वारा प्रदत्त जानकारी व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, (1) नितेश भाटिया पिता नरेश भाटिया निवासी- 8/7 चंद्रशेखर आजाद मार्ग उज्जैन, (2) दिलीप कुमार किशनानी पिता गोवर्धनदास जी किशनानी निवासी - 206/1 अंकपात मार्ग उज्जैन द्वारा संयुक्त रूप से संपत्ति जिनका पुराना नगर पालिक निगम क्रमांक 1/1328 जिसका नवीन नगर पालिक निगम क्रमांक 103 / बी का उत्तर दिशा वाला भाग तिलक मार्ग नई सडक, उज्जैन में स्थित होकर व्यवसायिक उपयोग की है इसके पूर्व स्वामी अमरीक सिंह बग्गा पिता स्व. जयमल सिंह बग्गा, श्रीमती हरबंस कौर पति स्व. कुलदीप सिंह बग्गा, द्वारा मु. आम केनेडी सिंह बग्गा पिता स्व. कुलदीप सिंह बग्गा, केनेडी सिंह बग्गा पिता स्व. कुलदीप सिंह बग्गा, श्रीमती जसबीर कौर बग्गा पति स्व. पुरूषोत्तम सिंह बग्गा, हरप्रीत सिंह बग्गा पिता स्व. पुरूषोत्तम सिंह बग्गा से पंजीकृत दस्तावेज क्रमांक MP432022023A12353832 दिनांक 12/09/2023 के द्वारा क्रय कि गई थी। वर्तमान में उपरोक्त संपत्ति में दिलीप कुमार किशनानी पिता गोवर्धनदास जी किशनानी स्वयं के हिस्से का हक त्याग नितेश भाटिया पिता नरेश भाटिया के हित में किया जा रहा है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, मतालबा, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त सम्पत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उरोक्त वर्णित संपत्ति का हक त्याग का पंजीयन स्वयं के हित में करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 05/06/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- जय पिता श्री रामप्रसाद एवं 2- विजय पिता श्री रामप्रसाद, निवासीगण - ग्राम बाढ़कुम्मैद तहसील व जिला उज्जैन कृषक ग्राम हरन्याखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 4/1 रकबा 0.60 हेक्टेयर मे से 0.10 हेक्टर स्थित ग्राम हरन्याखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में है। जिसके पूर्व में विकास वर्मा पिता विश्वनाथ वर्मा की भूमि, पश्चिम में - प्रधानमंत्री सड़क, उत्तर में यश राठौर की भूमि, दक्षिण में - शेष भूमि मिली है, को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 05/06/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर,**
**नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो.न. 9826266570**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सुधीर यादव पिता श्री रघुवीरसिंह यादव निवासी-106, इंदिरा नगर आगर रोड उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 06 महालक्ष्मी विहार कालोनी ग्राम कस्बा उज्जैन तह. व जिला उज्जैन में स्थित हैं भुखण्ड का कुल क्षेत्रफल 292.50 वर्ग मीटर हैं जिसके उत्तर/पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 7 व 8, पूर्व / दक्षिण में - भुखण्ड क्रमांक 05, दक्षिण / पश्चिम में रास्ता कालोनी का, पश्चिम / उत्तर में -रास्ता कालोनी का मिला हैं भूखण्ड फ्रीहोल्ड राईटस का हैं को मय तल लगायत हवाई हक सहीत मेरे पक्षकार ने विक्रय का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है। तथा इसके पश्चात इस जाहिर सूचना पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नही आने की दशा में शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में करवा लिया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण के दस्तावेज सहित लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक-05.06.2026

**योगेश शर्मा, (एडवोकेट)**
**कार्यालय : डी एफ-9, प्रथम मंजिल, भरतपूरी कॉम्पलेक्स, पंजीयक कार्यालय, उज्जैन**

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि प्राधिकरण की बसंत विहार आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड क्रमांक ए-11/18 एम.आय.जी. श्री गणेश कुमार शर्मा पिता बद्रीनारायण शर्मा के नाम पर दर्ज है।

श्री गणेश कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 15.03.2022 को हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति पर मृतक के वारिसन पुत्री श्रीमती नेहा शर्मा पति श्री शिवम शर्मा व पुत्री स्व. गणेश कुमार शर्मा निवासी- ए-11/18, बसंत विहार, नानाखेडा उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 20.03.2026 अपनी माताजी / अपने भाई (1) श्रीमती निर्मला शर्मा पति स्व. गणेश कुमार शर्मा (2) श्री अवनीश शर्मा पिता स्व. गणेश कुमार शर्मा निवासीगण - ए-11/18, बसंत विहार, नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर सम्पादित किया गया है। (1) श्रीमती निर्मला शर्मा पति स्व. गणेश कुमार शर्मा (2) श्री अवनीश शर्मा पिता स्व. गणेश कुमार शर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपुर्ति लेख, शपथ-पत्र, हकत्याग पत्र की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण आदि दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त सम्पत्ति संयुक्त नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवंटियो द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उक्तानुसार नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

### जाहिर सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि खसरा नंबर 368 कुल रकबा 2.3700 हेक्टेयर में से 2.370 हेक्टेयर, स्थित ग्राम भोमलवास , तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश, (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक मदनलाल पिता माग्गया , जाति - बागरी, निवासी ग्राम भोमलवास , तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडवोकेट**
**बड़नगर , जिला उज्जैन, मो 9826562344**

# मोहन बड़ोदिया में चला प्रशासन का बुलडोजर

## 50 से अधिक दुकानों का अतिक्रमण जमींदोज, जाम से मिलेगी मुक्ति

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

कस्बा वासियों को रोज-रोज के ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। यही कारण रहा कि राजस्व और पुलिस महकमे की संयुक्त टीम ने आगर-सारंगपुर और नलखेड़ा मार्ग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से जमे अवैध कब्जों को उखाड़ फेंका। तीन जेसीबी मशीनों की गड़गड़ाहट के बीच जब अतिक्रमण ढहाया गया, तो कई सालों बाद एक बार फिर कस्बे की मुख्य सड़कें खुली और चौड़ी नजर आईं।



प्रशासन की यह कार्रवाई अचानक नहीं हुई है। तहसीलदार दिव्या जैन ने अप्रैल माह में ही सभी अतिक्रमणकारी दुकानदारों को नोटिस जारी कर स्वेच्छा से कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। जब दुकानदारों ने इस चेतावनी को हल्के में लिया और अतिक्रमण नहीं हटाया, तो प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान 3 जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क के मध्य से दोनों ओर 25-25 फीट तक का क्षेत्र साफ कराया गया। इस दायरे में आ रही 50 से अधिक दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया है।

**सिंहस्थ के 10 साल बाद फिर हुई ऐसी बड़ी कार्रवाई-** गौरतलब है कि करीब दस वर्ष पूर्व सिंहस्थ के समय यहां से इसी तरह अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन समय बीतने के साथ दुकानदारों ने फिर से सड़क के बाहर तक अपना सामान और टिन शेड लगाकर कब्जा कर लिया था। सड़क संकरी होने से आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से लेकर तहसील और कलेक्टर स्तर तक कई बार शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिसके बाद प्रशासन को यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। अतिक्रमण हटाने की इस पूरी कार्रवाई के दौरान किसी भी विवाद से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर नायब तहसीलदार मुकेश गुप्ता, थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर, पंचायत सचिव अर्जुन सिंह चौहान, पटवारी और कोटवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान चेतावनी दी गई कि यदि किसी ने दोबारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया, तो ग्राम पंचायत द्वारा सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में नलखेड़ा रोड के शेष हिस्सों पर भी इसी तरह का अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## नेकी की दीवार पर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**शुजालपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिर्ची बाजार स्थित नेकी की दीवार परिसर में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों द्वारा तैयार की गई सीड बॉल एकत्रित की गईं तथा हरित वातावरण निर्माण के लिए बीजारोपण अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। आयोजकों ने बताया कि कुछ समय पूर्व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वीणा गोयल एवं अंबर अग्रवाल के मार्गदर्शन में नि:शुल्क सीड बॉल वर्कशॉप आयोजित की गई थी। इसमें बच्चों को सीड बॉल बनाने और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर उन्हीं बच्चों द्वारा तैयार की गई सीड बॉल संग्रहित की गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लिया। इस दौरान दिव्यांश मालवीय ने सर्वाधिक 400 सीड बॉल बनाकर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं जिया सिलावट, रिया नाथ, वंशिका, ईशू रायकवार सहित अन्य बच्चों ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। आयोजकों ने बताया कि इन सीड बॉल को थ्रो टू ग्रो अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर फेंका जाएगा, जिससे वर्षा ऋतु में बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले सकें और क्षेत्र में हरियाली बढ़े। पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास में शामिल बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बंसल परिवार विदिशा की ओर से डायरी, पेन एवं चॉकलेट वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण में राजकुमारी अग्रवाल, पूजा केडिया नागपुर, निधि मंगल, नव्या मंगल गुना, कनव अग्रवाल एवं कियाना अग्रवाल ने सहभागिता निभाई।

## जमधड़ नदी संरक्षण के लिए उतरे उच्च शिक्षा मंत्री

**शुजालपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर की जीवनदायिनी जमधड़ नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर विशेष जनअभियान चलाया गया। काठिया महाराज मंदिर के सामने नदी घाट क्षेत्र में आयोजित इस अभियान में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया। प्रात: 9 बजे शुरू हुए अभियान में मंत्री परमार ने फावड़ा और तगारी हाथ में लेकर नदी क्षेत्र की सफाई कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि नदियों और जलाशयों को स्वच्छ एवं जीवंत बनाए रखना है तो जनसहभागिता को आंदोलन का रूप देना होगा। मंत्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को केवल औपचारिकता या फोटो सेशन तक सीमित नहीं रखना चाहिए। यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल और स्वस्थ पर्यावरण सुरक्षित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों की उपेक्षा भविष्य में गंभीर संकट को जन्म दे सकती है, इसलिए सभी को इसके संरक्षण के लिए आगे आना होगा। अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम ने संसाधनों की सहायता से घाट क्षेत्र में फैली गंदगी और कचरे को हटाया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने काठिया महाराज मंदिर के सामने स्थित कुंडी पर सुरक्षा जाली लगाने के निर्देश दिए। साथ ही नदी किनारे कचरा फेंकने वाले परिवारों को चिन्हित कर उन्हें जागरूक करने तथा स्वच्छता अभियान से जोड़ने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नदी तट पर पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम राजकुमार हलधर, तहसीलदार किरण धाकड़ सहित अन्य अधिकारियों ने मंत्री के साथ पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया पौधारोपण

**शाजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जहां एक ओर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए हड़ताल स्थल से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) भोपाल के अपर मिशन संचालक के खिलाफ मुख्यमंत्री को शिकायत भी भेजी। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान सभी ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल की शपथ के साथ हुआ।

## गोवर्धन पूजा की मनोहारी झांकी ने मोहा मन

**शुजालपुर।** नेमा समाज शुजालपुर द्वारा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का आकर्षक मंचन किया जा रहा है। कथा स्थल श्री राम जानकी धाम इन दिनों वृंदावन की छटा बिखेरता नजर आ रहा है। कथा के पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा प्रसंग को साकार करते हुए समाज के कलाकारों ने गिरिराज पर्वत की भव्य एवं मनोहारी झांकी प्रस्तुत की। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण को अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण किए हुए दर्शाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर समाज के प्रत्येक परिवार द्वारा घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार कर प्रभु को छप्पन भोग अर्पित किया गया। कथा वाचक ने गोवर्धन पूजा एवं गिरिराज महाराज की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सेवा का संदेश दिया। आयोजन में नेमा समाज के सदस्यों के साथ नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। धार्मिक वातावरण, आकर्षक झांकियों और भक्ति रस से सराबोर कथा का श्रद्धालु भरपूर आनंद ले रहे हैं। आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

## बुनियादी समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे राज कॉलोनी के रहवासी

### मार्ग पर किया चक्काजाम

**शाजापुर।** नगर की राज कॉलोनी के रहवासियों का गुस्सा अपनी अनसुनी समस्याओं को लेकर आखिरकार फूट पड़ा। क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर रहवासियों ने एकजुट होकर सीहोर-शुजालपुर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। अचानक हुए इस विरोध प्रदर्शन के चलते मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज कॉलोनी के नागरिक लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर परेशान थे। उचित सुनवाई न होने से नाराज होकर बड़ी संख्या में रहवासी शुक्रवार को सड़क पर उतर आए और आवागमन रोक दिया। सीहोर-शुजालपुर जैसे व्यस्त मार्ग पर जाम लगने के कारण कुछ ही देर में सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्ग पर चक्काजाम की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कालापीपल थाना पुलिस और तहसीलदार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बीच सड़क पर प्रदर्शन कर रहे आक्रोशित रहवासियों से संवाद स्थापित किया और उनकी परेशानियां सुनीं। रहवासियों ने अधिकारियों को अपनी समस्याओं से विस्तार से अवगत कराया। इस पर कालापीपल तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों को उनकी समस्याओं के जल्द और उचित निराकरण का ठोस आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा भरोसा दिलाए जाने के बाद रहवासियों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने स्वेच्छा से अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# विश्व पर्यावरा दिवस पर चला पौधारोपण अभियान

## जटाशंकर परिसर में हुआ वृक्षारोपण, एक पेड़ माँ के नाम का दिया संदेश

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र शुजालपुर अंतर्गत जटाशंकर परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इन्दरसिंह परमार ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरित आवरण बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया, ताकि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण अभियान में वन विभाग के प्रभारी रेंजर कन्हैयालाल भिलाला, डिप्टी रेंजर राजेश कुमार जावरिया, वनरक्षक प्रदीप विश्वकर्मा, देवेंद्र मगोरिया, योगेश जावरिया एवं अजय देशमुख सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अभियान के दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में ही सहायक नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट गाइड, रेडक्रॉस सोसायटी, इको क्लब एवं आंगनवाड़ी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में विद्यालय परिसर में आम, पीपल, नीम एवं बरगद सहित विभिन्न छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित जनों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं उनके वृक्ष बनने तक संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच बापू सिंह राजपूत, संस्था प्रभारी प्राचार्य हजारीलाल जाधव, स्काउट एवं रेडक्रॉस प्रभारी विक्रम सिंह कुशवाह, जुनेद कादरी, अमित परमार, हरिओम पाटीदार, देवीलाल गुजराती, जसवंत सिंह डोडिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गायत्री जोशी, सहायिका फूलकुंवर मेवाड़ा, रेखा मेवाड़ा, आरती मेवाड़ा, दिलीप मेवाड़ा तथा विद्यालय के स्काउट.गाइड एवं रेडक्रॉस दल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

**मुक्ति धाम पर किया पौध रोपण-** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुजालपुर मंडी स्थित मुक्ति धाम


### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने षिवषंकर राठौर पिता श्री बाबूलाल राठौर निवासी ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके द्वारा मूल भूमि स्वामी से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की क्रय अनुबंधित की हुई भूमि सर्वे क्रमांक 759/2 रकबा 0.4400 हेक्टर में से 0.4000 हेक्टर (अर्थात दो बीघा) ग्राम चिन्तामण जवासिया प.ह.न.0085 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 05-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट) एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 98264-44002**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी फारूख पटेल पिता मुख्त्यार पटेल निवासी व कृषक ग्राम खेत्याखेडी तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 47/1 रकबा 0.38 हेक्टर,सर्वे नम्बर 47/2/1/1 रकबा 0.06 हेक्टर, भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.44 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम खेत्याखेडी तहसील व जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिठठी के आधार पर क्रय कर ली गई है व बयाना राशि प्राप्ता कर ली गई है समय अवधि में पजीयन व अनुबंध पत्र भी संपादित करवा लिया जावेगा शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 05-06-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462-9584898788**

### In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MjC SUC/0000005/2026)**
**देवदीप बिचवे............ आवेदक**
**विरूद्ध**
**सर्वसाधारण...........अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक 18/06/2026**

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवदीप बिचवे पिता दैविदास बिचवे, आयु-55 वर्ष, निवासी-102 एम आई जी इंदिरा नगर आगर रोड उज्जैन में प्र. हाल मुकाम-प्लाट नं. 69, सहयोग सोसायटी 26/5 बेसा हरिहर नगर नागपुर महाराष्ट की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक की माता नंदा पति दैविदास बिचवे की मृत्यु दिनांक 17/06/2025 को प्लाट नं.69, सहयोग सोसायटी 26/5 बेसा हरिहर नगर नागपुर महाराष्ट में हो चुकी है। आवेदक की माता श्रीमती नंदा बिचवे का पंजाब नेशनल बैंक शाखा फ्रीगंज उज्जैन में बचत खाता क्रमांक-3242000300561327 में पेंशन जमा होती थी जिसमें 48000/- रुपये जमा है। उक्त बचत खाते में उनके द्वारा कोई भी नामिनी नियुक्त नहीं किया गया है तथा आवेदक उनका एक मात्र पुत्र होकर वैधानिक वारिस है। आवेदक पता ने मृतक नंदा पति दैविदास बिचवे निवासी प्लाट नं. 69, सहयोग सोसायटी 26/5 बेसा हरिहर नगर नागपुर महाराष्ट्र की उक्त बैंक में उक्त बचत खातें में जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 जून 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 26 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** — **न्यायाधीश**
**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड उज्जैन मप्र**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विरेन्द्र आंजना पिता बहादुर सिंह जी निवासी ग्राम चंदुखेड़ी तहसील एवं जिला उज्जैन म.प्र. ने बद्रीलाल पिता घिसा जी जाति बंजारा एवं मीरा बाई बेवा घिसा जी जाति बंजारा निवासीगण ग्राम देवराबुजुर्ग तहसील एवं जिला उज्जैन म0प्र0 से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 314/2 हेक्टर रकबा 0.34 हेक्टर एवं सर्वे न. 314/5 रकबा 0.34 हेक्टर में से 0.07 हेक्टर कुल किता 02, कुल रकबा 0.41 हेक्टर, स्थित ग्राम देवराबुजुर्ग तहसील एवं जिला उज्जैन म.प्र. में है को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर विधिवत सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है यदि, उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 05/06/2026

**अंकित शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**23, सी-21 रेस/कॉम, नानाखेड़ा उज्जैन म.प्र.**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक**
**मो. 99939-60352**

फोन-7697058593 दिनांक-03/06/2026

### अपंग सेवाश्रम

**महाकाल रोड़, उज्जैन (म.प्र.)**
**रजि. क्रमांक 18/30.09.1933**

**संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28 जून 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे आयोजित की गई है।**

**श्रीमान.........................**

### 96 वाँ वार्षिक साधारण सभा की सूचना

**निवेदन है कि अपंग सेवाश्रम महाकाल रोड़, उज्जैन की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28 जून 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे आश्रम भवन में आयोजित की गई है। सभा में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।**

1. गतवर्ष की सभा का वाचन व पुष्टि।
2. वर्ष 2025-2026 के वास्तविक आय-व्यय की पुष्टि।
3. वर्ष 2025-2026 के प्रस्तावित बजट से अधिक आय- व्यय की पुष्टि।
4. वर्ष 2026-2027 का अनुमानित बजट पर परिचर्चा।
5. ऑडीटर की नियुक्ति पर चर्चा।
6. सदस्यो से प्रात सुझाव एवं प्रस्तावों से परिचर्चा।
7. अन्य विषय आवश्यक हो तो अध्यक्ष की अनुमति से।

**नोट-1) अध्यक्ष की आज्ञा से कोरम के अभाव में आधा घण्टा पश्चात बिना कोरम के सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी। जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं रहेगी।**

सचिव
रामचन्द्र सोलपंखी

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामकन्या बाई पिता शंकरलाल जी, पति श्री कैलाश जी, निवासी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 299 रकबा 1.040 हेक्टर में से रकबा 0.200 हेक्टर भूमि,- झितरखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को जाने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कार दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संख्या व्यक्ति का कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति कर आआफ्ना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिना के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें. त्याांकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि क विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किल्स सी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्तिः मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-05/06/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामि श्रीमती प्रियंका शर्मा पति श्री पवन शर्मा आयु 44 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी 85 गोंदा की चौकी सती मार्ग उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 948/1/मिन-1 रकबा 0.1260 हेक्टर में से रकबा 0.083 हेक्टर भूमि स्थित कस्बा उज्जैन तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा दशा में आपत्ति की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक: 05-06-2026 उज्जैन

**आशीष भदोरिया एडवोकेट**
**कार्यालय 2, द्रविड़ मार्ग, कुशलपुरा,**
**उज्जैन 99812-60727**

## पी.जी. कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मन्दसौर।** शासकीय स्ना. महा विद्यालय मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना और च्मेरा युवा भारतज के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। एनएसएस के जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया और परिसर को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत की प्रभारी मुस्कान जैन ने भी युवाओं से जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मंदसौर के खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक

**मन्दसौर।** एसीडी मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स क्लब मंदसौर के खिलाड़ियों ने द्वितीय मध्यप्रदेश राज्य किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। टीम ने प्रतियोगिता के 24 अलग-अलग वर्गों में हिस्सा लेकर कुल 21 पदक अपने नाम किए। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। पदक विजेताओं में ह्दान सिंह राठौर, हितांशी मालोदे और आदित्य गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि दिव्यांशी कोड़त और शिवांश कुमावत ने स्वर्ण व रजत दोनों पदक हासिल किए। इसके अलावा याशिका खोकर, क्रति सेठिया ने रजत पदक और कायरा सिंह, खुशवंत सिंह, नित्या गुप्ता, खुशी तोमर, अंशुल राठौर, मुग्धा प्रभुणे, अनाया व अनुकूल सांखला ने कांस्य पदक जीते। आरव गेंगरा और अभिश्री पाटीदार को उनके बेहतरीन प्रयास के लिए विशेष सम्मान मिला। टीम के हेड कोच आदित्य चनाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## बिना अनुमति चना ले जा रहे वाहन पर कार्रवाई, 19 हजार का जुर्माना

**मन्दसौर।** कृषि उपज मंडी मंदसौर के निरीक्षण दल ने मंडी क्षेत्र में नियमित जांच के दौरान बिना वैध अनुज्ञा (परमिशन) के कृषि उपज का परिवहन करते हुए एक वाहन को पकड़ा है। निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 14 जीबी 0842 को रोककर जब जांच की गई, तो उसमें लगभग 50 क्विंटल चना भरा हुआ पाया गया। संबंधित व्यक्ति द्वारा मौके पर आवश्यक अनुज्ञापत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण मंडी दल ने पंचनामा तैयार कर मामला दर्ज किया। इस पूरी कार्रवाई के तहत नियम उल्लंघन पर पांच गुना शुल्क राशि 14 हजार 250 रुपए, निराश्रित शुल्क 2 हजार 850 रुपए और समझौता शुल्क 2 हजार रुपए सहित कुल 19 हजार 100 रुपए की राशि मौके पर जमा कराई गई। मंडी सचिव श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने इस संबंध में सचेत किया है कि कृषि उपज का परिवहन एवं व्यापार मंडी अधिनियम के नियमों के तहत ही होना चाहिए, ऐसा न होने पर आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## पुल के नीचे गिरा प्याज से भरा ट्रक, चालक और क्लीनर की मौत

**मन्दसौर।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर मंदसौर जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब १२ बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रक चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना ग्राम बर्डिया अमरा के पास उस समय हुई जब दिल्ली से प्याज लेकर मुंबई की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और एक्सप्रेसवे की रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे पुल के नीचे जा गिरा। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटना का संभावित कारण चालक को नींद की झपकी आना माना जा रहा है, जिसके चलते वाहन से नियंत्रण खो गया, हालांकि पुलिस जांच के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल में महाप्रबंधक व सांसदों की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल कार्यालय स्थित समिति कक्ष में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय एवं माननीय सांसदों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक की शुरूआत माननीय जनप्रतिनिधियों के स्वागत से हुई। तत्पश्चात महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पश्चिम रेलवे तथा रतलाम मंडल में संचालित विभिन्न विकासात्मक, संरक्षा एवं यात्री सुविधा संबंधी कार्यों की जानकारी दी। यह बैठक माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रतलाम मंडल की उपलब्धियों, संरक्षा एवं सुरक्षा उपायों, यात्री सुविधाओं तथा अधोसंरचनात्मक विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मंडल में वर्तमान में चल रही प्रमुख परियोजनाओं एवं भविष्य की विकास योजनाओं से भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

माननीय सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों ने रतलाम मंडल द्वारा संरक्षा, सुरक्षा, यात्री सुविधाओं तथा रेलवे अधोसंरचना के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बैठक के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनमें इंदौरझ्झदाहोद नई रेल लाइन परियोजना, डॉ. अंबेडकर नगरझ्झओंकारेश्वर आमान परिवर्तन कार्य, इंदौर स्टेशन पुनर्विकास परियोजना, रतलाम इंदौर वाया फतेहाबाद मार्ग तथा उज्जैनझ्झफतेहाबाद खंड के दोहरीकरण, विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव, ट्रेनों के विस्तार, इंदौर एवं उज्जैन से नई रेल सेवाओं के संचालन तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े अन्य विषय प्रमुख रहे।

माननीय सांसदों के इस बैठक में वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों पर भी विशेष चर्चा की गई। जन प्रतिनिधियों ने सिंहस्थ से संबंधित रेलवे परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने हेतु सुझाव दिये गये।

महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने माननीय सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी विषयों एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों एवं मांगों पर नियमानुसार विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों को यथाशीघ्र अवगत कराया जाएगा।

बैठक में माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, माननीय सांसद देवास श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, माननीय सांसद इंदौर श्री शंकर लालवानी, माननीय सांसद खंडवा श्री ज्ञानेश्वर पाटिल तथा माननीय सांसद दाहोद श्री जसवंत सिंह भाभोर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त माननीय सांसद मंदसौर श्री सुधीर गुप्ता, माननीया सांसद रतलाम-झाबुआ श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, माननीय सांसद उज्जैन श्री अनिल फिरोजिया, माननीय सांसद चित्तौड़गढ़ श्री सी.पी. जोशी, माननीय सांसद भोपाल श्री आलोक शर्मा एवं माननीय राज्यसभा सांसद श्री सुमेर सिंह सोलंकी के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया रेल प्रशासन की ओर से महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार के साथ पश्चिम रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष, जिनमें प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (निर्माण), प्रमुख मुख्य इंजीनियर, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक तथा उप महाप्रबंधक (सामान्य) सहित रतलाम मंडल के विभिन्न विभागों के शाखाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों में बढ़ोतरी के खिलाफ फूटा जन-आक्रोश, विद्युत कार्यालय का किया घेराव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में नए स्मार्ट मीटर लगाने के बाद से उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित और बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिसके विरोध में शुक्रवार को मंदसौर के नागरिकों ने जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में स्टेडियम मार्केट स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर जनआंदोलन के रूप में आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने बढ़े हुए बिजली बिलों को तुरंत वापस लेने और जनता को इस आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की पुरजोर मांग की।

नागरिकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, शहर में जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, तब से उपभोक्ताओं के बिलों में अचानक भारी उछाल आया है। जबकि उपभोक्ताओं की बिजली खपत और उपकरण पहले जितने ही हैं। जनता का आरोप है कि जब घरों में कोई नहीं होता या सभी लाइटें और उपकरण बंद होते हैं, तब भी ये स्मार्ट मीटर तेजी से चलते रहते हैं, जिससे इसकी कार्यप्रणाली और रीडिंग प्रणाली में बड़ी तकनीकी गड़बड़ी होने का साफ संदेह होता है। भारी-भरकम बिल वसूलने के बावजूद मंदसौर शहर में आए दिन बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे इस भीषण गर्मी और उमस के मौसम में बच्चों, बुजुर्गों, बीमारों और व्यापारियों का जीना मुहाल हो गया है।

इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्मार्ट मीटरों की जांच करने व अघोषित कटौती अनिवार्य न हो तो उसे तुरंत बंद करने की बात कही।

जिला पंचायत सदस्य श्री गुर्जर ने कहा कि यदि किसी भी नागरिक का बिजली बिल उनकी अनुमानित वास्तविक खपत से ज्यादा आया है, तो वे तुरंत अपने नजदीकी विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर लिखित में अपनी आपत्ति व शिकायत अवश्य दर्ज करवाएं। उन्होंने चेताया कि विद्युत मंडल का कार्य जनता को सहूलियत देना है, न कि उन्हें आर्थिक संकट और अंधेरे में डालना। इस दौरान रूपल संचेती, योगिता बैरागी, सुधा फरक्या, संतोष मोदी, आशा सेठिया, शकुंतला फरक्या, महेश मोदी, हंसा माली, सावित्रीदेवी, अनुपम त्रिपाठी सहित अनेक प्रभावित विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम लगाने का लिया संकल्प

**जावरा ।**मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों के संवर्धन तथा हरित आवरण बढ़ाने के प्रति जनजागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया। उपस्थित लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे रोपकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई। पंचायत विभाग के अधिकारियों ने पौधों के महत्व एवं उनके संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। समिति अध्यक्ष महेश गोवरिया ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उपलाई सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह सोलंकी, उपसरपंच चम्पालाल राठौर, सचिव विश्वराज सिंह राठौर, पंच बृजपाल सिंह सोलंकी , उपाध्यक्ष रविराज सीह सोलंकी सदस्य, हरिराम परमार, बबलु मेहता, प्रभु बोड़ाना,दिनेश राठोड़, अर्जुन धाकड़ ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लापता बालिका का शव कुएं में मिलने पर फूटा गुस्सा, हाईवे पर किया चक्काजाम

**मंदसौर ।** पिछले दो दिनों से लापता ग्राम आक्या निवासी एक 14 वर्षीय बालिका का शव गुरुवार रात गांव के ही एक कुएं से बरामद होने के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। शुक्रवार दोपहर को पीड़ित परिजनों और समाज के लोगों ने महू-नीमच फोरलेन हाईवे स्थित सरसोद फंटे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए मौके पर एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल, एसडीएम शुभम पाटीदार, ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल सहित पुलिस पहुंचा तथा समझाइश के बाद करीब 2 घण्टे बाद चक्काजाम हटवाया गया। चक्काजाम से 3-4 कि.मी. तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी अनुसार परिजनों ने एक युवक अनिल मालवीय पर बहला-फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म और हत्या करने का आरोप लगाया है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी की निशानदेही पर ही कुएं का पानी खाली कराकर शव निकाला गया था। इसके अलावा, शव को जिला अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस या पुलिस वाहन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग करने पर भी परिजनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारी अब आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलाने और सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग कर रहे थे।



## वेरे मजदूर संघ द्वारा महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे का स्वागत किया एवं 12 सूत्री मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा

**रतलाम।** 5 जून को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पांडे के रतलाम दौरे पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ द्वारा मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में महाप्रबंधक प.रे. श्री पांडे का महाकाल का दुपट्टा उड़ाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मंडल प्रवक्ता गौरव दुबे ने बताया स्वागत के पश्चात डीआरएम श्री अश्विनी कुमार जी के मौजूदगी में 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जो इस प्रकार हैं -ः

रतलाम मंडल में रिक्त पदों की पूर्ति करने के संबंध में। रतलाम मंडल में रेलवे की नई संरचनाओं एवं बड़े हुए ट्रैक एवं ओ.एच.ई के लिए नए पदों को स्वीकृत करने विषयक। पश्चिम रेलवे के अन्य मंडलों से रतलाम मंडल हेतु कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने के संबंध में । पश्चिम रेलवे में विभागीय पदोन्नति परीक्षाए (जी.डी.सी.ई) के आयोजन के संबंध में । सीबीटी परीक्षा का आयोजन प्रत्येक माह/दो माह की निश्चित दिनांक को आयोजन करने के संबंध में । पालनपुर (अहमदाबाद मंडल) में अस्थाई स्थानांतरित रतलाम मंडल के लोको पायलट एवं सहा.लोको पायलट को पुनः रतलाम मंडल हेतु स्थानांतरित करने के संबंध में




। रतलाम मंडल एवं दाहोद वर्कशॉप में अनुकंपा नियुक्ति के शेष प्रकरणों पर उदारतापूर्वक विचार कर स्वीकृत करने की कार्रवाई विषयक । रतलाम मंडल रेलवे चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करने एवं चिकित्सा सुविधा में विस्तार करने के संबंध में । नए रेल आवासों का निर्माण करने विषयक। इंदौर हेल्थ यूनिट के नए भवन के निर्माण के संबंध में। इंदौर एवं चित्तौड़गढ़ स्टेशन पर नए कम्युनिटी हॉल की स्वीकृति विषयक । उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं चित्तौड़गढ़ होलीडे होम के विस्तार नया भवन के निर्माण के संबंध में। इस अवसर पर सहायक मंडल मंत्री योगेश पाल एवं नरेंद्र सिंह सोलंकी, शाखा सचिव बापी चौधरी, उपाध्यक्ष नवनीत कुशवाह, डीआरएम शाखा युवा अध्यक्ष जयंत अग्रवाल,युवा सचिव लक्ष्मण परिहार, धर्मेंद्र वर्मा मौजूद रहे ।

## ऊर्जा मंत्री ने खिमला में निर्माणाधीन ग्रीनको पम्प हाईड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

### समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

प्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने गुरुवार को प्तनीमच जिले की रामपुरा तहसील के ग्राम प्तखिमला में निमार्णाधीन प्तग्रीनको हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया।

निर्माण कार्यों का लिया जायजाः मंत्री श्री शुक्ला ने प्रोजेक्ट साइट पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति, तकनीकी पहलुओं एवं सुरक्षा मानकों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने ग्रीनको प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों से निर्माण की वर्तमान स्थिति, निर्धारित समय-सीमा एवं भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। मंत्री श्री शुक्ला ने ग्रीनको परिसर में आयोजित बैठक में पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रोजेक्ट के निर्माण की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। प्रोजेक्ट के अधिकारियों से चर्चा कर, आवश्यक निर्देश भी दिए।




गुणवत्ता और समय-सीमा पर जोरः मंत्री श्री शुक्ला ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। यह प्रोजेक्ट प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा और इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

अधिकारी रहे उपस्थितः इस अवसर पर एसडीएम सुश्री किरण आजना जिला अक्षय अधिकारी श्री राजेन्द्र गोयल नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के क्ररूस्तु से श्री अनिश कंसाना व श्री पंकज तिवारी , अक्षय ऊर्जा विभाग के श्री राठौर, लोक निर्माण, राजस्व एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तथा ग्रीनको प्रोजेक्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि खिमला में निर्माणाधीन यह ग्रीनको पम्प हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट प्रदेश के महत्वपूर्ण पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स में से एक है।

### न्यूज कालम



## विश्व पर्यावरण दिवस पर कुआँ बावड़ी की पूजन कर सफाई की

**जावरा ।**-जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर समिति अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन के माध्यम से ग्राम रिंगनोद में विश्व पर्यावरण दिवस पर बावड़ी की सफाई और पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जल संरक्षण ओर प्राचीन बावड़ियां हमारी धरोहर हे जिन्हें हम सबको मिल कर स्वच्छ और निर्मल रखना चाहिए । पर्यावरण के घटक पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि उनसे हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो जीवन का आधार है। साथ ही पेड़-पौधों से फल, फूल, छाया एवं अनेक प्रकार की औषधियाँ प्राप्त होती हैं। अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अभय कोठारी ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने, जल संरक्षण करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समाज सेवी वीरेंद्र सिंह चौहान, धीरेन्द्र श्रीमाल, यादवेन्द्र सिह, मांगु सिह, अनारसिह एवं अन्य समाज सेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाबडी के संरक्षण कर्ता रविन्द्रसिह श्रीमाल का पुष्पमाला एवं दुपट्टे से सम्मान किया।

## चेक बाउंस मामले में गोवर्धन बादलानी को 6 माह की सजा

**जावरा ।** चेक बाउंस के मामले में काका मेडिकल के संचालक गोवर्धन पिता बुलचंद बादलानी को कोर्ट ने 6 माह की सजा सुनाई ।आरोपी को ब्याज सहित राशि 5 लाख 88 हजार रुपए परिवादी को देने का आदेश दिया। श्री संयुक्त जैन साख सहकारिता मर्यादित संस्था के अध्यक्ष भूपेन डांगी ने बताया कि मेडिकल संचालक गोवर्धन बादलानी ने संस्था की शर्तों पर लोन प्राप्त किया था । आरोपी ने 3 लाख 38 हजार 700 सो रूपए का चेक दिया था जो मैंने बैंक में प्रस्तुत किया तो वहां से अप्राप्त निधि होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पारिवादी की तरफ से श्रेणीक सकलेचा एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने दस्तावेजों के आधार पर आरोपी गोवर्धन बादलानी निवासी जावरा को न्यायाधीश दिलीप पाटिल ने दोनों पक्षों को सुना तथा अपने निर्णय में आरोपी गोवर्धन बादलानी को दोषी मानते हुए 6 माह का कारावास एवं ब्याज सहित राशि जमा करने का आदेश दिया।

## एक पेड़ मां के नाम रोपकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



**पिपलिया मंडी।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम की विश्वव्यापी थीम का समर्थन करते हुए आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन के प्रांगण में स्थित भारतीय वीरांगनाओं का हरित प्रक्षेत्र क्षेत्र में संस्था के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा सात करंज के पौधों का वृक्षारोपण किया गया, इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिक माननीय श्री भगवती प्रसाद जी गेहलोत सर के द्वारा प्राचार्य श्री सिसोदिया को वटवृक्ष का बड़ा पौधा भेंट किया गया, उक्त पौधे को माननीय गेहलोत सर के हाथ से ही विद्यालय प्रांगण में स्टाफ सदस्यों के साथ रोपित करके पर्यावरण का अलख जगाने का कार्य किया गया, वृक्षारोपण के इस महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कार्य में विद्यालय के शिक्षक श्री पीएल चौहान, श्री जगदीश मेघवाल, श्री अंकित चावड़ा , प्रमोद कुमार बुनकर और कन्हैयालाल सेन ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया । श्री गेहलोत ने कहा हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण , जल संवर्धन व प्रदूषण रोकथाम में अपनी महती भूमिका निभाएं सहयोग दे तो भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सकता है ।

## पर्यावरण दिवस पर नगर वन में हुआ पौधारोपण, संरक्षण की शपथ दिलाई



**मन्दसौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंदसौर के नगर वन में च्एक पेड़ मां के नामज् अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर अदिती गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और वन मंडल अधिकारी संजय रायखरे सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया और संयुक्त रूप से नीम, बरगद, शीशम, आम व करंज के पौधे रोपे। इस अभियान में खेल विभाग के खिलाड़ियों और स्थानीय विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधारोपण के बाद कलेक्टर ने सभी उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

## नीमच जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता होंगी



**नीमच।** नवल सिंह सिसोदिया का स्थानांतरण नीमच के एएसपी नवल सिंह सिसोदिया को यहां से स्थानांतरित कर अब 'उप सेनानी, ९वीं वाहिनी वि.स.बल, रीवा' के पद पर पदस्थ किया गया है।हेमलता अग्रवाल होंगी नई एएसपीः पूर्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अजाक, उज्जैन के पद पर तैनात रहीं। श्रीमती हेमलता अग्रवाल को नई जिम्मेदारी देते हुए नीमच का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है ।



## अवैध रूप से अतिक्रमण कर रह रहे गाड़ोलियों को प्रशासन ने हटाया

**महिदपुर रोड।** नगर के महिदपुर मार्गस्थित कृषि उपज अप मंडी की दुकानोंके आगे अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे रहे गाडौलिया समुदाय के लोगों की दुकानों तथा घरों को प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए गुरुवार को पुलिस बल की मौजूदगी में हटा दिया। कृषि उपज उप मंडी प्रशासन ने अपने सीमा क्षैत्र में दुकान निर्मित कर उन्हें नीलाम करते हुए किराये पर दे रखी है लेकिन दुकानों के आगे गाडौलिया समुदाय द्वारा अतिक्रमण किये जाने से वह अपना व्यवसाय नहीं कर पा रहे थे। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान 11 दुकानें कच्चे मकान जमींदोज किये गये तथा 13 पर कार्यवाही किया जाना बाकी है। 24 दुकानों को था नोटिस, पहले चरण में चली जेसीबी – पीड़ितों की मांगः सभी पर एक जिनकी दुकानें तोड़ी गईं, उनका कहना है कि प्रशासन ने 24 दुकानों को नोटिस दिया था। ऐसे में कार्यवाही भी सभी पर एक जैसी होनी चाहिये थी। सिर्फ 11 दुकानें तोड़कर भेदभाव किया जा रहा है। बाकी बची 13 दुकानें भी अतिक्र मण की श्रेणी में हैं, उन पर भी कार्यवाही होनी चाहिये। संतुष्टि पाल तहसीलदार महिदपुर ने स्पष्ट किया कि यह पहले चरण की कार्रवाई है। इसमें 11 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया है। शेष दुकानों पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। सभी अतिक्रमण चरणबद्ध तरीके से हटाए जायेगे। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है, नोटिस सभी 24 दुकानों को दिये गये थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर कसारी में नवीन आचार्य प्रशिक्षण का आयोजन



**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु मंदिर कसारी में नवीन आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय शिशु वाटिका एवं संगीत संयोजक जगदीश सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रमुख ग्राम भारती जावरा श्री चुपकेश्वर दुबे, विशेष अतिथि शंकर चौधरी विद्यालय के पूर्व छात्र,सरस्वती शिशु मंदिर कसारी के अध्यक्ष शिवसिंह चौहान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राठौड़ ने ₹हमारी वंदना₹ विषय पर सभी शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए वंदना के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदना भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश वाघेला एवं मुकेशचंद हाड़ा द्वारा किया गया। अतिथि परिच देवीसिंह राठौड़ ने प्रस्तुत किया। सत्र अंत में कार्यालय प्रमुख शांतिलाल सूर्यवंशी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कसारी संकुल के संकुल प्रमुख शांतिलाल शर्मा, प्रधानाचार्य ईश्वरलाल दांगी सहित आचार्य परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वर्ग के संचालन में जावरा जिले के समस्त प्रधानाचार्य, संकुल प्रमुख एवं वरिष्ठ आचार्यों की सक्रिय सहभागिता रही। शिक्षार्थियों ने पूर्ण अनुशासन एवं उत्साह के साथ मार्गदर्शन का लाभ प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण वर्ग नवीन आचार्यों के व्यक्तित्व विकास, शिक्षण कौशल संवर्धन तथा भारतीय शिक्षा दर्शन के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को शाम की बारिश से मिली राहत



**सुसनेर।** जून माह के शुरूआती दिनों में मौसम का बदला हुआ मिजाज देखने को मिल रहा है। गुरुवार को दिनभर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में उमस भरी गर्मी का असर रहा। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। बाजारों में भी दोपहर के समय अपेक्षाकृत कम चहल-पहल दिखाई दी। गर्मी और उमस के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम होते-होते अचानक मौसम ने करवट ली और क्षेत्र में हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया। दिनभर की गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश के बाद राहत महसूस हुई। कई स्थानों पर लोग घरों से बाहर निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में आंधी और तेज हवाओं का दौर बना हुआ था। वहीं गुरुवार शाम हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। किसानों और आम नागरिकों ने भी मौसम में आए इस बदलाव का स्वागत किया। बारिश के बाद मौसम सुहावना होने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है।

## पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा खाचरोद थाने का औचक निरीक्षण

**खाचरोद।** उज्जैन पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पुलिस थानों की कार्यप्रणाली को परखने के उद्देश्य से थाना नागदा खाचरोद का औचक निरीक्षण किया गया ।इस दौरान एसपी ने थाना परिसर की सुरक्षा, साफ-सफाई, बंदी गृह (हवालात), मालखाना और महत्वपूर्ण शासकीय अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स पर चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की और प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



अधिवक्ता-एसडीएम विवाद जिला अभिभाषक संघ कलेक्टर से कर चुका है सारंगपुर एसडीएम की अभद्रता की शिकायत

# एसडीएम ने लांघी मर्यादा, वकील को जाहिल-गंवार कह कर दी एफआईआर की धमकी

### अब हाईकोर्ट ने दिए निर्देश पर जांच करेंगे कलेक्टर, 30 दिन में न्यायालय को देंगे रिपोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में पदस्थ एसडीएम और जिला न्यायालय के एक अधिवक्ता के बीच हुए विवाद का मामला अब हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। इंदौर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर को पूरे घटनाक्रम की जांच करने और 30 दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासनिक और कानूनी गलियारों में इस मामले की चर्चा तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार जिला न्यायालय राजगढ के अधिवक्ता रमेशचंद्र धाकड ने 13 मई को जिला कलेक्टर को एक लिखित शिकायत सौंपकर सारंगपुर एसडीएम पर फोन पर अभद्र व्यवहार करने, अपमानजनक भाषा का उपयोग करने तथा एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देने के आरोप लगाए थे।




#### जानिए क्या है पूरा मामला

न्यायालय में शिकायत दर्ज कराने वाले अधिवक्ता रमेशचंद्र धाकड ने बताया कि 7 मई को उन्होंने एक प्रकरण में जारी सर्च वारंट के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से एसडीएम सारंगपुर रोहित बम्हौरे को फोन किया था। उस समय कॉल रिसीव नहीं हुई, लेकिन कुछ देर बाद एसडीएम की ओर से उन्हें फोन किया गया। बातचीत के दौरान एसडीएम ने उनका परिचय पूछा, जिस पर उन्होंने अपना नाम बताते हुए सर्च वारंट से संबंधित जानकारी चाही। अधिवक्ता का आरोप है कि इसके बाद एसडीएम ने उनके साथ अपमानजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया तथा कहा कि वारंट उनके द्वारा जारी किया गया है और उन्हें फोन करने का अधिकार किसने दिया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि उनके जीवन में पहली बार इस प्रकार का प्रकरण आया था, इसलिए वे केवल प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त करना चाहते थे। अधिवक्ता ने अपने सम्मान और पेशे की गरिमा की रक्षा के लिए निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की थी। अब हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जिला कलेक्टर पूरे मामले की जांच करेंगे और निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

#### जिला अभिभाषक संघ भी कर चुका है कलेक्टर से एसडीएम की शिकायत

मामले में अधिवक्ता के समर्थन पर जिला अभिभाषक संघ राजगढ ने सारंगपुर एसडीएम पर अधिवक्ता के साथ फोन पर अभद्र व्यवहार और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने के गंभीर आरोप लगाए है और जिला कलेक्टर को एक शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और उचित प्रशासनिक कार्रवाई की मांग भी की है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि हमारे अधिवक्ता रमेशचंद्र धाकड ने एक सर्च वारंट प्रकरण के संबंध में वैधानिक जानकारी लेने के लिए एसडीएम सारंगपुर से दूरभाष पर संपर्क किया था। आरोप है कि बातचीत के दौरान अधिकारी ने मयार्दा की सीमाएं लांघते हुए अधिवक्ता को जाहिल, गंवार और बदतमीज कहा, साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की धमकी भी दी। जिला अभिभाषक संघ ने इस घटना को अधिवक्ताओं के मान-सम्मान पर ठेस बताते हुए मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेने और दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कानूनी व प्रशासनिक कदम उठाने का अनुरोध भी किया है। अब देखना यह है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद कलेक्टर मामले की जांच उपरांत क्या कार्रवाई करते है।

## इंजन में फसा सांड, एक्सप्रेस के अचा-नक ब्रेक लगने से शहर की थमी रफ्तार

### 40 मिनट तक लगा रहा महाजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



रेलवे ट्रैक पर मवेशियों की घुसपैठ ने न सिर्फ एक ट्रेन के पहिए रोक दिए, बल्कि पूरे शुजालपुर शहर को भारी जाम में झोंक दिया। काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस के इंजन में एक सांड के फंस जाने से ट्रेन को बीच शहर में रेलवे क्रॉसिंग पर रोकना पड़ा। इसके चलते गेट नंबर 79 लगभग 40 मिनट तक पूरी तरह बंद रहा और शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। पुलिस चौकी चौराहा मंडी से लेकर फ्रीगंज तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोग जाम में हलकान होते रहे। घटना गुरूवार दोपहर करीब 2.50 बजे की है, जब काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन शुजालपुर से भोपाल की ओर रवाना हो रही थी, तभी अचानक ट्रैक पर आए एक सांड से ट्रेन की टक्कर हो गई और मवेशी इंजन के निचले हिस्से में जा फंसा। हादसे के तुरंत बाद ट्रेन को रोकना पड़ा। इधर बीच शहर में ट्रेन खड़ी होने से फाटक बंद हो गया और दोनों तरफ वाहनों का भारी जमावड़ा लग गया। जाम से बचने के लिए कई वाहन चालकों ने रेलवे अंडरपास का सहारा लेना चाहा, लेकिन वहां पहले से जलभराव होने के कारण फजीहत और बढ़ गई। ट्रेन रवाना होने के काफी देर बाद तक शहर में यातायात रेंगता रहा और चक्काजाम जैसे हालात बने रहे।

#### 20 कर्मचारियों ने निकाला मवेशी

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। तुरंत रेलवे मेंटेनेंस गैंग के करीब 20 कर्मचारी मौके पर पहुंचे। टीम ने भारी मशक्कत के बाद मृत मवेशी को इंजन के नीचे से खींचकर पटरी से अलग किया। करीब आधे घंटे की इस जद्दोजहद के बाद ट्रैक साफ हो सका और ट्रेन को उसके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

#### सुरक्षा दावों की खुली पोल, शराब की दुकान भी बढ़ा रही खतरा

इस घटना ने ट्रैक के किनारे की गई रेलवे की मेटल बाउंड्री लोहे की बैरिकेडिंग की उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैरिकेडिंग के बावजूद मवेशी बेरोकटोक पटरियों तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंडी रेलवे गेट के पास स्थित शराब की दुकान के कारण कई लोग भी शॉर्टकट के चक्कर में लोहे की बाउंड्री फांदकर पटरी पार करते हैं। मवेशियों और लोगों की यह घुसपैठ रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था को धता बता रही है, जो किसी भी दिन किसी बड़ी और जानलेवा दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## अज्ञात बीमारी से एक दर्जन देशी मुर्गे-मुर्गियों की मौत

### पशुपालक परेशान

**शाजापुर।** बारिश के बाद बदलते मौसम और उमस के बीच पशु-पक्षियों में बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। शुजालपुर के फ्रीगंज क्षेत्र में एक अज्ञात बीमारी ने गरीब मुर्गा पालक की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है। बीते दो दिनों के भीतर यहां एक दर्जन देशी मुर्गे-मुर्गियों की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई है। रोजगार छिनने से परेशान पशुपालक जब मदद की आस में सरकारी अस्पताल पहुंचा, तो वहां भी उसे लचर स्वास्थ्य व्यवस्था और जिम्मेदारों की बेरुखी का ही सामना करना पड़ा।

#### 35 मुर्गों में से 10 ने तोड़ा दम

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फ्रीगंज स्थित आनंद नगर चिंटू की कॉलोनी के रहने वाले स्वासी सिंह देशी मुर्गे पालकर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं। वे तैयार मुर्गों को 1500 से 2000 रुपये तक में बेचकर अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। स्वासी सिंह के पास कुल 35 मुर्गे-मुर्गियां थीं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अचानक 8 और बुधवार को 2 मुर्गे-मुर्गियों ने तड़पकर दम तोड़ दिया। लगातार हो रही इन मौतों से पशुपालक गहरे सदमे और चिंता में है। गुरुवार सुबह जब बाड़े में एक और मुर्गा बीमार दिखाई दिया, तो स्वासी सिंह उसे लेकर तुरंत पशु चिकित्सालय पहुंचे। उनका उद्देश्य बीते दिनों हुई मौतों के कारणों की जांच कराना और बचे हुए मुर्गों को बचाना था, लेकिन विडंबना यह रही कि अस्पताल में समय पर कोई डॉक्टर ही मौजूद नहीं मिला। काफी इंतजार के बाद किसी तरह बीमार मुर्गे को एक इंजेक्शन लगाया गया और पीने के लिए एक पीला घोल देकर औपचारिकता पूरी कर दी गई।

#### मोबाइल वैन की सुविधा भी कागजी

स्वासी सिंह को आशंका है कि यह मौतें किसी गंभीर अज्ञात बीमारी या बारिश के बाद अचानक बढ़ी उमस के कारण हो रही हैं। उन्होंने विभाग से मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की है। इस घटना ने स्थानीय पशु चिकित्सा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि शासन द्वारा पशुपालकों की सुविधा के लिए क्षेत्र में चलित पशु चिकित्सालय वाहन उपलब्ध कराया गया है, लेकिन पशुपालकों का स्पष्ट आरोप है कि आपात स्थिति में कॉल करने पर भी यह वाहन समय पर इलाके में नहीं पहुंचता है।

## 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**तराना।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के पास से 11 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 60 हजार रुपये के लगभग है ।मामले में टीआई रामनारायण भदौरिया ने बताया कि बुधवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति सादीखेड़ी रोड अवैध मादक पदार्थ लेकर घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तलाशी ली। इस दौरान दोनों आरोपियों मोहम्मद सलीम उर्फ सल्लू पिता मोहम्मद रफीक, निवासी काजी चौक तराना,अली हुसैन पिता अब्दुल, निवासी 40 क्वार्टर, जानसापुरा, जीवाजीगंज, उज्जैन। के पास से 11 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। साथ ही मादक पदार्थ के स्त्रोत, सप्लायर एवं इससे जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ जारी है।

# कंडाराकोटरी में राजस्व कार्रवाई 1 करोड़ रु. मूल्य की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़ ।

उप तहसील बोड़ा अंतर्गत ग्राम कंडाराकोटरी तहसील नरसिंहगढ़ में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया और भूमि को पुनः शासन के अधीन कराया।



नायब तहसीलदार सुरेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कंडाराकोटरी के मुख्य मार्ग पर स्थित बेशकीमती शासकीय भूमि पर गांव के मनीष पिता जगदीश, नारायण पिता गंगाराम, सोनू पिता प्रहलाद एवं दिनेश पिता गंगाराम सर्व जाति धोबी निवासी कंडारा कोटरी द्वारा पक्के मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा उप तहसील बोड़ा में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत की जांच के दौरान संबंधित भूमि पर अतिक्रमण पाया गया, जिसके बाद अतिरिक्त तहसीलदार, उप तहसील बोड़ा के न्यायालय में अतिक्रमण प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामले की सुनवाई उपरांत न्यायालय द्वारा 25 फरवरी, 2025 को अतिक्रमणकारियों को उक्त शासकीय भूमि से बेदखल करने का आदेश जारी किया गया था।

बेदखली आदेश के विरुद्ध संबंधित पक्षों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरसिंहगढ़ के न्यायालय में अपील प्रस्तुत की। अपील की सुनवाई के बाद एसडीएम न्यायालय ने अतिरिक्त तहसीलदार के आदेश को यथावत रखते हुए अतिक्रमणकारियों को शासकीय भूमि से हटाने के निर्देश दिए।

एसडीएम न्यायालय के आदेश के पालन में 04 जून, 2026 को सुरेश सिंह अतिरिक्त तहसीलदार, उप तहसील बोड़ा के नेतृत्व में राजस्व अमला एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रशासनिक टीम ने विधिवत कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर बने अवैध निमार्णों को हटवाया तथा अतिक्रमणकारियों को भूमि से बेदखल किया। कार्रवाई के दौरान कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन की इस कार्रवाई से लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त हो गई है। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को क्षेत्र में शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## दो सेंकड़ा श्रद्धालु काशी और अयोध्या हुए रवाना

गुना। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत गुना जिले से लगभग दो सौ श्रद्धालु काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या दर्शन के लिए भारत गौरव पर्यटन ट्रेन से रवाना हुए। ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने श्रद्धालुओं को माल्यार्पण कर शुभ यात्रा की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। अपराह्न तीन बजे निकली स्पेशल ट्रेन में सवार यात्रियों को रवाना करने नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मुनेश धाकड़, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, पार्षद गब्बर कुशवाह,राजू ओझा, जॉइंट कलेक्टर संजीव खेमरिया, राघोगढ़ नपा अधिकारी तेज सिंह यादव आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत रवाना होने वाली ट्रेन से जाने वाले श्रद्धालुओं को विदाई देते समय एक भावुक एवं प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने एक असहाय वृद्ध महिला तीर्थयात्री को अपने हाथों से सहारा देकर स्टेशन से ट्रेन तक पहुँचाया और उन्हें सुरक्षित ट्रेन में बैठाया। राजनीति में पद और प्रतिष्ठा से ऊपर उठकर जनसेवा का ऐसा उदाहरण विरले ही देखने को मिलता है। धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने अपने इस कार्य से यह सिद्ध किया है कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र सेवा ही संगठन केवल एक नारा नहीं, बल्कि कार्यकताओं के जीवन का संस्कार है ।सिकरवार की संवेदनशीलता, मानवता और सेवा भाव का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर सभी के लिए प्रेरणा का कार्य किया है जिसे देखकर हर कोई उनकी प्रशंसा करता नजर आ रहा था।

## नगरपालिका अध्यक्ष ने नाला सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया



**गुना।** कर्नलगंज मेंन रोड का नाला सफाई कराया जा रहा है। जिसका गुरुवार नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद ओमप्रकाश कुशवाह, वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद राधा कुशवाह ने कर्नलगंज मेन रोड पर कराए जा रहे हैं नाला सफाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेंन रोड पर लगभग आधा किलोमीटर चलकर जगह-जगह नाली की सफाई का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को संपूर्ण नाली की सफाई करने के निर्देश दिए साथ ही तत्काल कचरा निस्तारण के लिए भी कहा गया। श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया की शहर में वर्षा पूर्व बड़े नालों की सफाई मैन्युअल, लेबर लगाकर कराई जा रही है, इससे आने वाले वर्षा काल में नालों में जाम की स्थिति नहीं होगी एवं वर्षा जल का निर्वाध रूप से वहाब होता है रहेगा, जिससे मोहल्लों में पानी से जाम की समस्या नहीं होगी।

## ब्लैडर से निकलीं 51 पथरियां:दो साल से दर्द से परेशान था युवक




**देवास।** देवास के अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक दुर्लभ सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। यहां डॉक्टरों ने 34 वर्षीय एक मरीज की पेशाब की थैली (ब्लैडर) से खजूर के आकार की 51 बड़ी पथरियां निकालीं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, संभवतः यह देश का पहला ऐसा मामला हो सकता है जिसमें इतनी बड़ी संख्या और आकार की पथरियां ब्लैडर से एक साथ निकाली गई हों। मरीज चंदर सिंह (34) पिछले करीब दो वर्षों से पेट दर्द और गंभीर तकलीफों से जूझ रहे थे। कई अस्पतालों में इलाज कराने के बावजूद उनकी परेशानी बढ़ती जा रही थी, जिससे उनका सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा था ।जब उन्हें अमलतास अस्पताल लाया गया, तो अत्याधुनिक जांचों में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि मरीज की पेशाब की थैली में बड़ी संख्या में विशाल पथरियां मौजूद थीं। आमतौर पर एक छोटी पथरी भी असहनीय दर्द देती है, लेकिन इस मामले में ब्लैडर में 51 बड़े पत्थर जमा हो चुके थे। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश बंसल और उनकी टीम ने चुनौतीपूर्ण सर्जरी का निर्णय लिया। कई घंटों तक चले इस ऑपरेशन में एक-एक कर सभी 51 पथरियां सुरक्षित बाहर निकाली गईं। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की हालत अब स्थिर है। अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया ने इस उपलब्धि पर मेडिकल टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता डॉक्टरों की विशेषज्ञता, समर्पण और अस्पताल की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का प्रमाण है। अमलतास अस्पताल भविष्य में भी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



# खेल-खेल में धरती बचाएं!



बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कैसे बनाएं? बच्चों के साथ पौधे लगाएं। रिसाइकिलिंग गेम खेलें। पानी बचाने वाले चैलेंज करवाएं। नेचुरल वॉक पर जाएं। डीआईवाय क्राफ्ट एक्टिविटीज कराएं। प्लास्टिक फ्री आदत सिखाएं। ईको फ्रेंडली रिवार्ड्स दें। ये गतिविधियां बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाने का आसान और मजेदार तरीका हैं।

आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में बच्चों को छोटी उम्र से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

पर्यावरण शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। माता-पिता बच्चों को रोजमर्रा की गतिविधियों और मजेदार खेलों के जरिए भी प्रकृति से जोड़ सकते हैं। जब बच्चे पेड़-पौधों की देखभाल करते हैं, कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालना सीखते हैं या पानी बचाने की आदत अपनाते हैं, तो वे जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बचपन में सीखी गई आदतें जीवनभर साथ रहती हैं। इसलिए यदि पर्यावरण संरक्षण को बच्चों के लिए मजेदार और रोचक बनाया जाए, तो वे इसे बोझ नहीं बल्कि अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस जैसे अवसर बच्चों में प्रकृति प्रेम विकसित करने का बेहतरीन मौका हो सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे 7 आसान और मजेदार तरीके, जिनकी मदद से आप अपने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बना सकते हैं।

## बच्चों को पेड़-पौधों से कैसे जोड़ें?

गार्डनिंग को फन एक्टिविटी बनाएं। इसके लिए, बच्चों के नाम से एक पौधा लगवाएं। उन्हें रोज पानी देने की जिम्मेदारी दें। पौधे की ग्रोथ को मापने का खेल बनाएं। इससे बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ता है।

## पानी बचाने की आदत कैसे सिखाएं?

पानी बचाने वाले चैलेंज रखें। जैसे, दांत ब्रश करते समय नल बंद रखने की आदत डालें। घर में प्रतियोगिता आयोजित करें। कम पानी इस्तेमाल करने वाले बच्चे को छोटा इनाम दें। इससे जल संरक्षण का महत्व समझ आता है।


## नेचर वॉक बच्चों के लिए क्यों जरूरी है?

प्रकृति को करीब से जानने का मौका पार्क, गार्डन या जंगल सफारी पर ले जाएं। पक्षियों, पेड़ों और फूलों के बारे में जानकारी दें। खेल खिलाएं। बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है।

## रिसाइकिलिंग को मजेदार कैसे बनाएं?


घर में सूखे और गीले कचरे के लिए अलग डिब्बे रखें। बच्चों को सही डिब्बे में कचरा डालने का खेल खिलाएं। हर सही प्रयास पर स्टार या पॉइंट दें। इससे कचरा प्रबंधन की समझ विकसित होती है। बच्चों को कपड़े का बैग इस्तेमाल करना सिखाएं। रियूजेबल पानी की बोतल दें।

# गर्मी में बच्चे करते हैं चिड़चिड़?




गर्मी का मौसम बच्चों के लिए जितना मजेदार होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी साबित हो सकता है। छुट्टियों का उत्साह, बाहर खेलने की इच्छा और लंबे दिन बच्चों को उत्साहित तो करते हैं, लेकिन तेज धूप, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी उनके व्यवहार पर असर डाल सकती है। यही वजह है कि गर्मियों में कई बच्चे छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने लगते हैं, जल्दी रोने लगते हैं या फिर चिड़चिड़े दिखाई देते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी के मौसम में शरीर का तापमान बढ़ने, डिहाइड्रेशन और नींद के पैटर्न में बदलाव के कारण बच्चों का मूड प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा घर के अंदर ज्यादा समय बिताने और मोबाइल या टीवी के बढ़ते इस्तेमाल से भी बच्चों में बेचैनी और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान और रोजमर्रा के बदलाव अपनाकर बच्चों को गर्मी में भी खुश, एक्टिव और पॉजिटिव रखा जा सकता है। सही खानपान, पर्याप्त पानी, पर्याप्त नींद और मनोरंजक गतिविधियां बच्चों के मूड को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






श्रीलंका के रुमेश ने नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ा

# 92.67 मीटर दूर भाला फेंका, एशिया में दूसरे नंबर पर, पाकिस्तान के अरशद टॉप पर

एजेंसी ▸▸ कोलंबो



श्रीलंका के जैवलिन थ्रोअर रुमेश पाथिरागे ने नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे एशिया में सबसे दूर जैवलिन फेंकने वाले दूसरे प्लेयर भी बन गए। 23 साल के रुमेश ने रोम डायमंड लीग में 92.67 मीटर का थ्रो किया। यह 2026 में किसी भी प्लेयर का पहला 90+ थ्रो था।

नीरज ने दोहा डायमंड लीग में पिछले साल 90.23 का थ्रो किया था। पहले नंबर पर पाकिस्तान के अरशद नदीम है। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक 2024 में 92.67 मीटर का थ्रो किया था।

रुमेश का थ्रो ऑल टाइम सबसे लंबे थ्रो की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गया। एशिया में अब उनसे आगे केवल पाकिस्तान के अरशद नदीम हैं। ताइवान के चाओ-त्सुन चेंग 91.36 मीटर के साथ तीसरे और भारत के नीरज चोपड़ा चौथे स्थान पर हैं।

रोम डायमंड लीग में रुमेश ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन केशोर्न वॉलकॉट, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, पूर्व ओलंपिक चैंपियन थॉमस रोहलर और पूर्व ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट याकुब वाडलेज्च जैसे खिलाड़ियों के बीच मुकाबला किया। उन्होंने पहले प्रयास में 84.49 मीटर का थ्रो किया और दूसरे प्रयास में 92.67 मीटर तक भाला फेंक दिया। इसके बाद उनके बाकी सभी थ्रो फाउल रहे।

रुमेश इस सीजन में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मार्च में 89.37 मीटर का थ्रो कर नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा था और वर्ल्ड लीड हासिल की थी। अप्रैल में किप केनो क्लासिक में उन्होंने 89.28 मीटर का थ्रो किया। उनके पांच सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से चार 2026 में आए हैं।

रुमेश का खेल सफर क्रिकेट से शुरू हुआ था। टीनएज में वे 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे और 2019 की राष्ट्रीय टैलेंट हंट में अंडर-18 वर्ग में 134 किलोमीटर प्रति घंटे की गति दर्ज की थी।

# अनुभवी खिलाड़ियों को परिस्थितियों का सम्मान करना चाहिए- कोच गंभीर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने संकेत दिया कि मोहाली में न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में कल से शुरू होने वाले भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच में साई सुदर्शन भी खेल सकते हैं। वह देवदत्त पडिक्कल की जगह तीसरे नंबर पर बैटिंग के लिए आ सकते हैं। गंभीर ने स्टेडियम में मीडिया से बातचीत में ऋषभ पंत को उप कप्तानी से हटाने को लेकर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा।

गंभीर ने इतना जरूर कहा- हम ऋषभ पंत में बदलाव नहीं चाहते, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में खिलाड़ियों को मैच की परिस्थितियों का सम्मान करना जरूरी है। पंत की जगह केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं कल होने वाले मैच के लिए दोनों टीमें चंडीगढ़ पहुंच चुकी हैं। पिछले 3 दिन से वह प्रैक्टिस में जुटी हैं। इस दौरान गौतम गंभीर ने दो टूक कहा कि मेरी जवाबदेही सोशल मीडिया की तरफ नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में बैठे उन 30 खिलाड़ियों के प्रति है, जिनके साथ मैं पूरी ईमानदारी से काम करता हूं। मैं सोशल मीडिया की आलोचना और तारीफों की तरफ ध्यान नहीं देता।

साई सुदर्शन को अभी तक पर्याप्त और सही मौके नहीं मिले हैं। वे मुख्य रूप से इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में खेले। आईपीएल में उन्होंने 700 रन बनाए हैं, इसलिए महज 4-5 मैचों के आधार पर हम उनका आकलन नहीं कर सकते। हम उन्हें टीम में लंबा मौका देंगे। ऋषभ पंत को लेकर गंभीर ने कहा कि वह बैट्समैन के साथ हैं लेकिन उन्हें खेल की स्थिति को बेहतर ढंग से समझना होगा। अनुभवी खिलाड़ियों को परिस्थिति के हिसाब से खेल को बदलना चाहिए। टीम में वापसी करने वाले खिलाड़ियों पर परफॉर्मेंस को लेकर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं डाला जाएगा। उन्हें धीरे-धीरे अपनी लय हासिल करने का पूरा मौका व टाइम दिया जाएगा।

## सैलरी नहीं मिलने पर खिलाड़ियों ने खेलने से मना किया

**ढाका।** ढाका प्रीमियर लीग में ब्रदर्स यूनियन के खिलाड़ियों ने बकाया भुगतान न मिलने पर मैच खेलने से इनकार कर दिया। खिलाड़ी मैदान पर तो आए, लेकिन उन्होंने टॉस करने से साफ मना कर दिया। इसके बाद अंपायरों ने विरोधी टीम अग्रणी बैंक को बिना खेले ही विजेता घोषित कर दिया।

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### युवक ने पत्नी से विवाद के बाद खड़े डंपर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब दुकान के पीछे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। घटना से पहले वह पत्नी को मनाने ससुराल गया था, जहां उसकी कहासुनी हो गई थी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अमीर (36) पुत्र तेजराम पाल निवासी आठ मील के रूप में हुई है। अमीर कथास्थलों पर अंगूठी और माला बेचने का काम करता था। उसका परिवार मूल रूप से भोपाल का रहने वाला है। परिजनों ने बताया कि अमीर की पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। गुरुवार को अमीर उसे लेने ससुराल पहुंचा था। इसी दौरान पत्नी को साथ ले जाने की बात पर उसकी काका ससुर से बहस हो गई। विवाद के बाद अमीर वहां से निकल गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद वह एक शराब दुकान पहुंचा, जहां उसने शराब पी। बाद में दुकान के पीछे खड़े डंपर से फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के मुताबिक आत्महत्या से पहले अमीर ने अपनी पत्नी को फोन भी किया था। जब परिजन मौके पर पहुंचे और उसे फंदे से उतारा गया, तब मोबाइल चालू हालत में था। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

### अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होटलों व बिल्डिगों पर होगी सीलिंग की कार्रवाई



**इंदौर।** इंदौर की होटलों और व्यावसायिक बिल्डिगों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं और बेसमेंट के स्वीकृत उपयोग की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जनसुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर ये अभियान चलाया जा रहा है। अपर आयुक्त प्रखर सिंह और आशीष पाठक ने बताया कि टीम ने बिल्डिगों में स्थापित अग्नि सुरक्षा उपकरणों और व्यवस्थाओं की डिटेल जांच की। टीम ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलॉर्म सिस्टम, हाइड्रेंट सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम, आपातकालीन निकास रास्ता, आपातकालीन लाइट व्यवस्था सहित अन्य जरूरी अग्नि सुरक्षा उपायों का चेक किया। टीम ने श्री गुरुकृपा होटल, होटल वैष्णव पैलेस, होटल दी मीरा, होटल दी क्लीन इंदौर, होटल दिलीप तथा होटल वैष्णव सहित भवनों एवं होटलों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर कमियां पाई गई। साथ ही कुछ बिल्डिगों के बेसमेंट का उपयोग स्वीकृत अनुमति के अनुरूप नहीं पाया गया। इस पर संबंधित भवन संचालकों एवं स्वामियों को नियमानुसार नोटिस जारी कर तीन दिवस का समय दिया गया है और कहा गया है कि निर्धारित समय में सभी कमियों को दूर कर अग्नि सुरक्षा उपकरणों को पूर्ण रूप से कार्यशील एवं उपयोग योग्य बनाया जाए। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तीन दिन पूरा होने के बाद दोबारा निरीक्षण किया जाएगा। यदि संबंधित प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा उपकरण कार्यशील नहीं पाए गए अथवा बेसमेंट का उपयोग स्वीकृत मानकों एवं अनुमति के अनुरूप नहीं मिला, तो संबंधित भवनों के विरुद्ध सीलिंग की कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभी तक सभी जोन क्षेत्रों में कुल 467 भवनों का सर्वे किया गया, जिनमें 305 भवनों में अग्नि सुरक्षा उपकरण लगे पाए गए जिनमें 157 भवनों में उपकरण बंद मिले या अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे हैं। जिन बिल्डिगों में अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे है अथवा उपकरण बंद है उनमें भवन स्वामियों/ संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं अभी तक 101 भवन स्वामियों/ संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। भवन जिनमें अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है अथवा सुरक्षा उपकरण बंद पाए गए ऐसे 32 भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई है।

### वंदे मातरम् अपमान मामले में फौजिया शेख को झटका

**इंदौर।** वंदे मातरम् के अपमान से जुड़े चर्चित मामले में इंदौर नगर निगम की पूर्व नेता प्रतिपक्ष फौजिया शेख अलीम को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी है। मामले में शासन की ओर से जमानत आवेदन का विरोध करते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। दरअसल यह मामला उस समय चर्चा में आया था जब नगर निगम परिषद की बैठक के दौरान वंदे मातरम् के अपमान को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। आरोप है कि उस दौरान वंदे मातरम् के प्रति आपत्तिजनक व्यवहार किया गया, जिसके बाद संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। इस घटना को लेकर राजनीतिक माहौल भी गर्मा गया था और विभिन्न संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में गिरफ्तारी की आशंका के चलते फौजिया शेख अलीम की ओर से अग्रिम जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने कोर्ट को बताया कि मामला राष्ट्रीय भावना और जनभावनाओं से जुड़ा है तथा इसकी गंभीरता को देखते हुए अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए।

### सिरपुर तालाब की मुख्य चैनल से हटाए अवैध निर्माण, सड़क और बाउंड्री वॉल तोड़ी

**इंदौर।** बारिश से पहले तालाबों में पर्याप्त जलभराव सुनिश्चित करने के लिए इंदौर नगर निगम द्वारा जल निकासी चैनलों की सफाई और अवरोध हटाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को वार्ड-79 के अंतर्गत सुखनिवास क्षेत्र में सिरपुर तालाब की मुख्य जल निकासी चैनल पर किए गए अवैध निर्माणों को हटाया गया। नगर निगम ने अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने की कोशिशों पर कार्रवाई करते हुए चैनल पर बनाई गई सड़क, बाउंड्री वॉल और अन्य अवरोधों को ध्वस्त किया। कॉलोनी सेल की टीना सिसोदिया ने बताया कि आरआर कैट के ओवरफ्लो मार्ग, जो सिरपुर तालाब की मुख्य चैनल है, पर ग्राम सुखनिवास, तहसील राऊ के खसरा क्रमांक 80/1, 80/2, 81/1, 81/2/1/2 एवं 82 की कृषि भूमि में पाइप डालकर मुरम भरी गई थी। इसके साथ ही बाउंड्री वॉल, सड़क और अन्य विकास कार्य कर अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी की जा रही थी।

### माता-पिता बोले-गलत इलाज से गई बेटी की जान, पुलिस ने लिए बयान

**इंदौर।** इंदौर में दो साल की मासूम काशवी यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में उसके माता-पिता निशा और नितिन यादव गहरे सदमे में हैं। गुरुवार को भंवरकुआ पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज किए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि निजी क्लिनिक में गलत इलाज के कारण उनकी बेटी की मौत हुई। माता-पिता ने पुलिस को बताया कि वे सबसे पहले बच्ची को भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित द हेल्थ केयर क्लिनिक लेकर गए थे। वहां डॉ. अनिल घई ने बच्ची को ड्रिप लगाई। परिजनों के मुताबिक चार ड्रिप खत्म होने के बाद जब दूसरी डोज की ड्रिप लगाई गई तो बच्ची की धड़कनें तेज हो गईं। इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें घर ले जाने की सलाह देते हुए कहा कि बच्ची ठीक हो जाएगी। बता दें कि काशवी को 27 मई को मामूली उल्टी-दस्त हुए थे। परिजन उसे द हेल्थ केयर क्लिनिक ले गए। 28 मई को काशवी की मौत हो गई थी। परिवार का आरोप है कि रात में ही बच्ची के हाथ-पैर और होंठ नीले पड़ने लगे। हालत बिगड़ने पर अगले दिन उसे सरकारी चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि क्लिनिक में हुई लापरवाही और गलत इलाज ने उनकी बेटी की जान ले ली।

### इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के शोरूम में आग लग गई

# बिल्डिंग के ऊपरी मंजिल पर 6 परिवार के 20 लोग फंसे

## पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने पड़ोसियों की मदद से सीढ़ियों और रस्सियों के सहारे उनको बाहर निकाला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहनों के शोरूम में आग लग गई। बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर रहने वाले 6 परिवारों के 20 लोग फंस गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने पड़ोसियों की मदद से सीढ़ियों और रस्सियों के सहारे उनको बाहर निकाला।

हादसा लसूड़िया इलाके में खालसा चौक के पास शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे हुआ। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट को इसकी वजह माना जा रहा है।

आग में फंसे लोगों को छत पर आने के लिए कहा- बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर बने फ्लैट्स में लोग सो रहे थे। धुआं भरने पर सांस लेने में तकलीफ हुई तो उनकी नींद खुली। उन्होंने नीचे देखा तो शोरूम से लपटें उठ रही थीं। इसी के बगल में सीढ़ियां बनी हैं, जिनके लपटों में घिर जाने के कारण ऊपर की मंजिलों से लोग नीचे नहीं आ सके।



चीख-पुकार सुनकर पड़ोस की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में रहने वाले लोग बाहर आए। उन्होंने सीढ़ियों और रस्सियों का इंतजाम किया। आग में फंसे लोगों को छत पर आने के लिए कहा। लोगों ने दोनों छतों के बीच सीढ़ियां जोड़कर रास्ता बनाया। खिड़कियों और एंगल से रस्सियां बांधकर दूसरी तरफ फेंकी। आग में फंसे कुछ लोग इन सीढ़ियों से दूसरी बिल्डिंग की छत पर पहुंचे। कुछ लोग रस्सियों के सहारे नीचे उतरे।

राहत की बात यह रही कि आग किसी भी फ्लैट तक नहीं पहुंची, जिससे घरेलू सामान सुरक्षित बच गया। हालांकि, शोरूम में रखे सभी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन जल गए।

**दो टैंकर पानी से आग पर काबू पाया-** फायर ब्रिगेड अधिकारी शोभाराम मालवीय ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। करीब एक घंटे में दो टैंकर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। मामले की जांच कर रहे हैं।

### शोर सुनकर जागे तो आग का पता लगा

भानु सिंह और निशा सिंह ने बताया कि वे मूल रूप से शिवपुरी के रहने वाले हैं। ढाई साल पहले इंदौर आकर बसे हैं। भानु निजी कंपनी में काम करते हैं। जब आग लगी, तब उनकी नींद लगी हुई थी। जब लोगों ने खिड़कियों से पत्थर फेंके तो वे बालकनी से बाहर निकले। चेतन बेंगलुरू के रहने वाले हैं, खुद का स्टार्टअप है। इंदौर में किराए का फ्लैट लेकर रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे भी शोर सुनकर ही जागे थे। हादसे के बाद सभी लोग यहां से निकलकर अपने परिचितों के पास चले गए हैं। भानु सिंह के मुताबिक, बिल्डिंग में 9 फ्लैट हैं। 2 से 3 में ही परिवार रहते थे। नीचे कुछ लोग बाहर निकलकर आ चुके थे। बगल वाली बिल्डिंग खाली थी। आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से यहीं से लोगों को बाहर निकाला था। ज्यादातर लोग सीढ़ियों से नीचे आ गए थे। भानु सिंह के परिवार का रेस्क्यू करना पड़ा। पड़ोस की बिल्डिंग के चौकीदार प्रवीण ने बताया कि दुबई से आई एक फैमिली 203 या 204 फ्लैट में ठहरे थे। सुबह बारिश हो रही थी, वो नजारा देखने के लिए उठे थे, तभी उन्हें धुआं दिखाई दिया। उन्होंने बिल्डिंग के फ्लैट वालों को सूचित किया और फिर लोग बाहर भागने लगे।

# इंदौर बनेगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच

## 6 जून को होगा भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन व्यापार एवं निवेश फोरम

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश 6 जून को भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन व्यापार एवं निवेश फोरम 2026 की मेजबानी करेगा। इंदौर के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय फोरम में लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन क्षेत्र के 15 देशों के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि, निवेशक, उद्योगपति और व्यापार विशेषज्ञ शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

यह आयोजन ग्लोबल इंडिया बिजनेस फोरम द्वारा मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। फोरम का उद्देश्य भारत और लैटिन अमेरिका-कैरेबियन देशों के बीच व्यापारिक एवं निवेश संबंधों को मजबूत करना तथा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

### 15 देशों के राजदूत और निवेशक जुटेंगे

फोरम में 15 देशों के राजदूत, एक उच्चायुक्त और एक महावाणिज्यदूत सहित वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनके अलावा निवेशक, निर्यातक, व्यापार आयुक्त, एमएसएमई प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रमुख और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में 350 से अधिक प्रतिनिधियों और चार प्रमुख वाणिज्य एवं उद्योग मंडलों की सहभागिता रहेगी।

### निर्यात और निवेश करने पर रहेगा फोकस

मध्यप्रदेश से वर्ष 2025-26 में लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन देशों को लगभग 4,186 करोड़ का निर्यात हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.6%अधिक है। राज्य के निर्यात में फार्मास्युटिकल्स क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है। ब्राजील, मैक्सिको और चिली मध्यप्रदेश के प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों में शामिल हैं।

**मध्यप्रदेश की निवेश क्षमता का होगा प्रदर्शन-** कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्ज्वलन, राजनयिक प्रतिनिधियों का सम्मान, विशेष प्रकाशन का विमोचन तथा मुख्यमंत्री का संबोधन होगा। इस दौरान एमपीआईडीसी मध्यप्रदेश की औद्योगिक और निवेश संभावनाओं पर विशेष प्रस्तुति देगा। फोरम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल अपनी निवेश संभावनाओं और व्यापारिक अवसरों पर प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही तीन प्रमुख विषयों पर पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर इंदौर में जल संरक्षण-पौधारोपण का संकल्प

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को इंदौर में पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एक बगिया मां के नाम कल्पना के तहत शहर के कई क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया। वहीं वार्ड 20 के गौरी नगर में वर्षा जल संचयन और वाटर रिचार्जिंग को लेकर जनभागीदारी आधारित अभियान चर्चा का केंद्र रहा।

संभागीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नंदानगर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ विधायक रमेश मेंदोला, सभापति मुन्नालाल यादव, जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर, पार्षद मनोज मिश्रा और वीरेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर कैलाश विजयवर्गीय ने हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने का संकल्प लेते हुए 21 लाख पौधे लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व भी है।

### कैफे में युवक की चाकू मारकर हत्या

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

द्वारकापुरी क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 12 बजे एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात विदुर नगर के 60 फीट रोड स्थित एक कैफे पर हुई, जहां चार बदमाशों ने पहले युवक के दोस्तों के साथ मारपीट की और फिर मुख्य आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान क्रिश पुत्र मुकेश श्रीवास्तव निवासी विदुर नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में अंकित पाल, अनिकेत पाल, गौरव काला और शिवा उर्फ शिवम पाल को आरोपी बनाया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और जांच के बाद आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है। चारों को हिरासत में ले लिया गया है। इनमें से गौरव पर चार और अंकित पर दो अपराध पहले से दर्ज हैं। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात कैफे पर चाकूबाजी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आरोपियों ने क्रिश पर चाकू और डंडों से हमला किया था। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंदु जोशी और टीआई मनीष मिश्रा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

### हाईड्रेंट और ओवरहेड टैंक पर लगेंगे सीसीटीवी



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

ओवरहेड टैंक और हाईड्रेंट अब सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा। इसके लिए नगर निगम ने तैयारी कर ली है। इससे मुख्य रूप से अवैध रूप से टैंकर भरने पर रोक लगेगी और जनता को सीधे निःशुल्क पानी मिल सकेगा।

दरअसल, शहर में जल संकट के बीच भी हाईड्रेंट से अवैध रूप से पानी के टैंकर भरे जा रहे थे, इसकी शिकायत भी निगम तक पहुंच रही थी। जानकारी मिलने पर निगम द्वारा कई टैंकरों को पकड़ा भी गया और संबंधित एजेंसी पर पेनाल्टी भी लगाई गई।

अब अवैध रूप से टैंकर ना भर सके इसके लिए नगर निगम ठोस कदम उठा रहा है।

जनकार्य प्रभारी व एमआईसी मेंबर अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि शहर में जितने हाईड्रेंट और ओवरहेड टैंक है उन सभी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये सभी टैंक और हाईड्रेंट सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे।

सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगने से जो लगातार शिकायतें मिल रही थी कि अवैध रूप से टैंकर भरा रहे हैं, उनकी जानकारी मिल सकेगी और उस पर रोक लगाई जाएगी, ताकि जनता तक सीधे निःशुल्क पानी मिल सके। उन्होंने बताया सभी 160 टंकियों पर ये सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पर नजर रखने के लिए जो मूसाखेड़ी में नर्मदा का स्कॉडा बना है, वहीं से ही इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी।




सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
एं.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com